डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
12.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जो रिश्ते सच्चे हों वह ज्यादा संभालने नहीं पड़ते और जिन रिश्तों को ज्यादा संभालना पड़े हो रिश्ते सच्चे नहीं होते।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-324 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## नयी नीति के बाद 11 जिलों में शराब की बिक्री घटी

### 11 जिलों के सहायक उत्पाद आयुक्त और उत्पाद अधीक्षकों को शो-कॉज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शराब की खपत घटी है। नयी उत्पाद नीति लागू होने के बाद शराब की बिक्री कम होना सरकार के लिए चिंता

**■ राज्य में औसत से अगस्त महीने में कम आया 64.02 प्रतिशत राजस्व**




का विषय है। खुदरा शराब दुकानों में सेल इंफीसियेंसी संतोषजनक नहीं होने की वजह से राज्य के उत्पाद आयुक्त कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने 11 जिलों के सहायक उत्पाद आयुक्त और उत्पाद अधीक्षक को शो-कॉज किया है। जिन जिलों में शराब की बिक्री घटी है उनमें रामगढ़, धनबाद, लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा, जामताड़ा, पाकुड़, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा व पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। उत्पाद आयुक्त ने जिलों को भेजे पत्र में बताया है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के अगस्त माह में शराब की बिक्री काफी कम हुई है। अगस्त माह के लिए पूरे राज्य से 392.32 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री आवश्यक थी, जबकि अगस्त माह में मात्र 251.14 करोड़ रुपये के ही शराब सभी 24 जिलों में बिके। उत्पाद आयुक्त ने लिखा है कि अगस्त माह में राजस्व राज्य औसत से भी कम यानि 64.02 फीसदी रह गयी है।

**सितम्बर में कितने का लक्ष्य :** झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी जिलों को सितम्बर माह में शराब की खपत व उससे होनेवाली राजस्व का लक्ष्य भेजा है। इसके लिये ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### एक सप्ताह में मांगा जवाब

**उत्पाद** आयुक्त ने लिखा है कि रामगढ़, धनबाद, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, गढ़वा, जामताड़ा, पाकुड़, गिरिडीह, सरायकेला-खरसावां तथा पश्चिमी सिंहभूम जिले में सेल इफीसिएंसी अन्य जिलों की तुलना में असंतोषजनक है। इसकी वजह से राजस्व में 36 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। ऐसे में आयुक्त ने एक सप्ताह में शो-कॉज का जवाब मांगा है। उत्पाद आयुक्त ने इस संबंध में सभी संबंधित जिलों के सहायक आयुक्त से एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है, उन्होंने कहा है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो राजस्व में शिथिलता मानते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## पांच से 18 साल के बच्चों के लिए जल्द आयेगी नेजल वैक्सीन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हैदराबाद स्थित कंपनी भारत बायोटेक ने औषधि नियामक से पांच से 18 वर्ष के आयु समूह में नाक के माध्यम से लगाये जानेवाले कोविड-19 रोधी टीके के तीसरे चरण का अध्ययन करने की अनुमति मांगी है। इससे पहले भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने छह सितम्बर को भारत बायोटेक को 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों पर नाक के माध्यम से लगाये जानेवाले 'इनकोवैक' टीके के सीमित आपातकालीन उपयोग मंजूरी दी थी। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि हैदराबाद में स्थित कंपनी ने अब पांच से 18 वर्ष की आयु के लोगों पर 'इनकोवैक' (बीबीवी 154) के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए तीसरे चरण के अध्ययन की अनुमति मांगी है।

भारत बायोटेक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि टीके का पहले, दूसरे और तीसरे चरण का वैधानिक परीक्षण किया जा चुका है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। बीबीवी154 टीके को नाक के माध्यम से लगाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। कंपनी ने कहा था कि नाक के माध्यम से लगाया जानेवाला यह टीका ऊपरी श्वसन नलिका में स्थानीय एंटीबॉडी उत्पन्न कर सकता है। यह संक्रमण और इसके प्रसार को कम करने की क्षमता प्रदान कर सकता है। इसके विस्तृत अध्ययन की योजना बनायी जा रही है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार आरोपी की इलाज के क्रम में हुई मौत

### परिजनों ने कहा - ग्रामीणों व पुलिस की पिटाई से हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के नरकोपी थाना क्षेत्र के सेरो गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी सहरुद्दीन अंसारी की जमकर पिटाई कर दी थी। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। पिटाई से जख्मी आरोपी को पुलिस सुरक्षा में रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के क्रम में सहरुद्दीन अंसारी की शनिवार देर रात मौत हो गयी। दुष्कर्म के आरोपी की मौत की सूचना मिलने के बाद प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

इधर, मृतक युवक परिजनों ने उसकी मौत के लिए नरकोपी थाना की पुलिस और ग्रामीणों को जिम्मेदार ठहराया है। मृतक सहरुद्दीन अंसारी के भाई मंटू ने बताया कि उसका छोटा भाई सहरुद्दीन एक बच्ची का बाप था, उस पर 28 अगस्त को गांव के एक घर में घुस कर एक लड़की के साथ रेप करने का आरोप लगा था, लड़की के बयान पर ग्रामीण घर से खींच कर उसे अपने साथ ले गये और बुरी तरह से उसकी पिटाई करने लगे। इसकी जानकारी मिलने पर नरकोपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों की पिटाई से उसे अंदरूनी गहरी चोट लगी थी, जिससे वह काफी तकलीफ में था। मृतक के भाई ने यह भी आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने भी उसकी थाने में बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। बाद में अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। बाद में जब उसकी तबीयत और बिगड़ी, तब उसे रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। परिजनों की ओर से मुआवजे की भी मांग की गयी है। परिजनों ने कहा उसकी मौत नहीं बल्कि उसकी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ओरमांझी स्कूल में हुए वारदात पर गुस्से में भाजपाई, जतायी कड़ी आपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के ओरमांझी में स्कूली छात्राओं को अगवा करने की धमकी देने व हरवे-हथियार लहराने की वारदात भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा है व कड़ी आपत्ति जतायी है। भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब शासन अकर्मण्य हो तो ऐसे हो अपराधी सर उठाकर तांडव करते हैं। ओरमांझी के एक स्कूल में मुस्लिम युवकों द्वारा हथियार लहराना और नौवीं कक्षा की छात्राओं पर दोस्ती करने के लिए दबाव बनाना और इनकार करने पर उठा लेने की धमकी की खबर हैरान करनेवाली है। राज्य में तुष्टिकरण और राजनीतिक संरक्षण ऐसे अपराधियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि दुमका से लेकर गढ़वा तक की घटना राज्य में ध्वस्त हो चुके कानून-व्यवस्था की पोल खोलती है और अब राज्य की राजधानी की यह खबर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बाबूलाल मरांडी ने मांग की है कि वह कठोर कदम उठायें।

#### मदहोश सरकार, बदहवास कानून-व्यवस्था : दीपक प्रकाश



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में सरकार मदहोश, कानून-व्यवस्था बदहवास है। झारखंड में तुष्टिकरण की आग रोज नये-नये स्वरूप धारण कर रहा है, जिसे हेमंत सरकार और सरकार में शामिल कांग्रेस का मौन समर्थन प्राप्त है। दीपक प्रकाश ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकार इन असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ्तार करे।

#### लव जिहाद व गुंडागर्दी की घटनाएं नहीं थम रहीं : प्रतुल

भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में लव जिहाद और गुंडागर्दी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। लगातार कुछ कुंठित मानसिकता वाले मुस्लिम युवक हिंदू बेटियों को टारगेट कर रहे हैं। लेकिन हेमंत सरकार कुछ नहीं कर रही।

#### नींद में है हेमंत सोरेन सरकार : रघुवर दास



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि हिम्मतवाली हेमंत सरकार सो रही है। कोई शोर न करे। रघुवर ने कहा कि जब तक झारखंड में तालिबानी शासन कायम न हो जाये, तब तक हेमंत सरकार सोई रहेगी। राज्य में हर दिन जिहादी ताकतें हमारी बेटियों को टार्गेट कर रही हैं और हेमंत सोरेन इन्हें छोटी-मोटी घटनाएं बताकर इन जिहादियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं।

## मालिक की मौत के बाद बछड़ा पहुंचा श्मशान, शव को चूमकर किया परिक्रमा

### नि:संतान मालिक की अंत्येष्टि में पुत्र का कर्तव्य निभाने की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मनुष्य और पशु के बीच आपसी प्रेम की कई कहानियां सुनीं जाती हैं। पालतू पशुओं की वफादारी, प्रेम और करुणा की ढेर सारे किस्से प्रचलित हैं। ऐसा ही एक दुलर्भ प्रेम हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत चैथी गांव में देख कर लोग हैरत में रह गये।



**नि:संतान मालिक की मौत की सूचना पर अचानक दूसरे गांव से पहुंचा :** चौपारण प्रखंड के चैथी गांव निवासी 80 वर्षीय मेवालाल ठाकुर की मौत हो गयी। उनका अपना कोई संतान नहीं था। शनिवार को अंत्येष्टि के लिए जब उनका पार्थिव शरीर गांव के श्मशान घाट पहुंचा, तो मालिक की मौत पर एक बछड़े ने भी श्मशान घाट पहुंच कर ना खूब रोया, बल्कि चिता पर रखे शव का ग्रामीण और परिवार के सदस्यों के साथ परिक्रमा भी किया।

**आर्थिक तंगी की वजह से दूसरे किसान को बेच दिया था बछड़ा :** स्थानीय लोगों ने बताया कि 80 वर्षीय मेवालाल ठाकुर के पास एक गाय थी, गाय ने कुछ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 99 वर्षीय शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती हुए ब्रह्मलीन

**- ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** द्वारका व शारदा पीठ के 99 वर्षीय शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार 11 सितम्बर 2022 को मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में रविवार दोपहर 3.30 बजे देहावसान हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी थी। वह आजादी की लड़ाई में भी दो बार जेल गए थे। वह गजब के निर्भीक व दमदार थे। करपात्री जी महाराज उनको बहुत मानते थे। स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म 2 सितम्बर 1924 को मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के दिघोरी गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम धनपति उपाध्याय और मां का नाम गिरिजा देवी था। माता-पिता ने उनका नाम पोथीराम उपाध्याय रखा। स्वामी स्वरूपानंद ने नौ साल की उम्र में घर छोड़ कर धार्मिक यात्राएं शुरू की। इस दौरान वह काशी पहुंचे जहां उन्होंने स्वामी करपात्री महाराज से वेदों और शास्त्रों की शिक्षा ली। आजादी की लड़ाई के दौरान जब 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो का आंदोलन शुरू हुआ तो वह भी स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इसी दौरान उन्होंने बनारस की जेल में नौ महीने और मध्य प्रदेश की जेल में छह महीने की सजा भी काटी। वह करपात्री जी महाराज के राजनीतिक दल राम राज्य परिषद के भी अध्यक्ष थे। 1950 में वह दंडी संन्यासी बनाये गये और 1981 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली। 1950 में शारदा पीठ शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती से दंड-सन्यास की दीक्षा ली और स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती के नाम से जाने गये। 1981 में उनको शंकराचार्य की उपाधि मिली। उन्होंने विश्व हिन्दू परिषद के विरूद्ध श्री रामजन्म भूमि के निर्माण के नाम पर लिये गये चंदे को लेकर मुद्दा उठाया था। उनका काशी के केदार घाट से विशेष लगाव था। वहां पर गंगा के किनारे उनका मठ व मंदिर है, जिसमें शंकर जी का मंदिर है, जहां हर रोज सुबह शाम विधिवत पूजन होता है। उसमें दंडी स्वामी रहते हैं। उन्होंने बहुत पहले काशी में गंगा पार बहुत बड़ा यज्ञ कराया था। जिसके लिए टेंट सिटी बनाया गया था। जिसमें देशभर से बहुत से साधु-संत व भक्त आये थे।

## बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव, 14 तक बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची समेत कई जिलों में 14 सितम्बर तक भारी बारिश होगी। मौसम में यह परिवर्तन बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बनने से हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। 12 सितम्बर को राज्य के दक्षिणी भाग के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, मध्य झारखंड के रांची के अलावा बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ व उत्तर-पूर्वी झारखंड के देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज में भारी बारिश होगी। 13 व 14 सितम्बर को झारखंड के अन्य हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होने की भी संभावना जतायी गयी है।

## सरकार पर ज्यादा भरोसा नहीं करें : नितिन गडकरी



**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरकार पर ज्यादा भरोसा नहीं करने सलाह दी। उन्होंने कहा कि 50 से 100 किसानों को कृषक उपज कंपनी बनाने के लिए एक साथ आना चाहिए, ताकि वे अपने उत्पाद को खुले बाजार में बेच सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे समूह अपना खुद का कोल्ड स्टोरेज भी बना सकते हैं। महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश हुई है। इससे खेती को काफी नुकसान हो रही है। किसान केंद्र और राज्य सरकार से राहत और मुआवजे की उम्मीद लगाये बैठे हैं। गडकरी ने इसके मद्देनजर नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरकार पर ज्यादा भरोसा नहीं करने सलाह दी। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे कृषि उत्पादों की मार्केटिंग और उसके निर्यात के लिए अपनी खुद की कंपनियां बनायें। गडकरी ने कहा कि सरकार वहां कदम रख सकती है, जहां किसान किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ सकते हैं। वह अपने एग्रोविजन फाउंडेशन और सरकारी निकाय 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक संपर्क कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा, "सरकार पर ज्यादा भरोसा मत करो, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मैं सरकार में हूं।" उन्होंने किसानों को यह भी सलाह दी कि अगर किसान कृषि क्षेत्र में विकास करना चाहते हैं, तो उन्हें खुद पहल करनी चाहिए। गडकरी ने कहा, "मैंने एक किसान के रूप में अपनी उपज के लिए एक बाजार ढूंढा, आपको भी अपनी उपज के लिए एक बाजार खुद ही ढूंढना चाहिए।" गडकरी ने नासिक के किसान विलास शिंदे का भी उदाहरण दिया, जिन्होंने बिना किसी सरकारी सब्सिडी या मदद के सैकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार स्थापित किया।

### चौकियें मत ऐसे भी होता है चयन, आरटीआई के माध्यम से खुलासा

## 16 वर्ष की उम्र में बन बैठा पारा शिक्षक, अब पकड़ी गयी चालाकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड में बने पारा शिक्षक रामबली तिवारी के चयन में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। संजीव प्रसाद साहू ने आरटीआई के द्वारा जानकारी मांगी गयी थी। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी में यह बात सामने आयी है कि बालूमाथ प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाबर में चयन पारा शिक्षक रामबली तिवारी को 16साल आठ माह में ही चयन किया गया था। अर्थात रामबली तिवारी का पारा शिक्षक में चयन नाबालिग अवस्था मे हुआ था ,जो किसी भी परिस्थिति में जायज नहीं है। उसका चयन 14 सितंबर 2003 को हुआ था। दस्तावेज के मुताबिक उनकी जन्मतिथि 14 जनवरी 1987 है। यानी चयन के वक्त उनकी जन्मतिथि मात्र 16 साल आठ माह की थी। पिछले दिनों 23 /4/2022 को संजीव प्रसाद साहू ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से इस संबंध में सूचना मांगी थी। इसके बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी के द्वारा पत्राचार के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए सूचना को रामबली तिवारी के खिलाफ कार्रवाई के लिये आवेदन उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से की गई। इस संबंध में बालूमाथ प्रखंड के सामाजिक आरटीआई कार्यकर्ता संजीव प्रसाद साहू ने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाबर के शिक्षक रामबली तिवारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिये आवेदन दिया गया है। एक आरोप गलत तरीके से उनके चयन का भी था। अब तक उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार उनका चयन 16 साल आठ माह में ही कर लिया गया था।



## लोग अपरिचितों से बात करने में संकोच करते हैं, लेकिन बात करने पर होती है खुशी

### सीखने को मिलता है बहुत कुछ, डिप्रेशन भी होता है दूर

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के बिहेवियरल वैज्ञानिक नोकोलस ऐपले व उनकी टीम ने लोगों की अनजान व्यक्ति से बातचीत के स्वभाव पर शोध किया। उनका कहना है कि सामाजिक संपर्क या लोगों से मिलना-जुलना, उनसे बातें करना हमें ज्यादा खुश बनाता है, लेकिन लोग अपरिचितों से बात शुरू करने में संकोच करते हैं। वजह यह है कि उन्हें यह डर सताता है कि अनजान व्यक्ति की प्रतिक्रिया क्या होगी। ऐसे में लोग सार्वजनिक जगहों जैसे ट्रेन, वेटिंग हॉल में खुद को मोबाइल-लैपटॉप के साथ व्यस्त रखने की कोशिश करते हैं। सर्वे में सामने आया कि वेटिंग रूम में सात प्रतिशत लोग ही अपरिचितों से बात करते हैं। जबकि ट्रेन-मेट्रो में 24 प्रतिशत लोगों ने अपरिचितों का हाल-चाल पूछा। शोध में सामने आया कि लोग इस बात का अनुमान नहीं लगा पाते कि एक-दूसरे से बात करके वे कितना कुछ सीखेंगे। अनजान लोगों की अलग विशेषज्ञता होती है, उनके अनुभव होते हैं। हम अनजान लोगों से बात न करके बहुत कुछ खो देते हैं। शोध में यह भी पता चला कि अनजान लोगों से औपचारिक बातें आपको ज्यादा सीखा नहीं पातीं, लेकिन आपको खुश रखती है। डिप्रेशन दूर होता है। फोन पर मैसेज करने की बजाय कॉल का असर ज्यादा होगा। किसी अनजान की किसी बात की तारीफ उसके जान-पहचान वाले की तारीफ से ज्यादा असर करती है। वह उसे लंबे समय तक खुश रखती है। यहां तक कि डिप्रेशन से निकालने में मदद करती है। लेकिन, भीड़ या समूह में अलग-थलग रहना एक तरह की विकृति है।

## न्यूज गैलरी

### प्रखंड अध्यक्ष बनी अर्चना कुमारी

**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को उप मुखिया कमेटी संघ का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अर्चना कुमारी, उपाध्यक्ष उमेश सिंह , सचिव मुधिर कुमार एवं कोषाध्यक्ष किशुन सिंह को बनाया गया। अर्चना कुमारी के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर प्रखंड के सारे उप मुखिया व ग्रामीण जनता ने बधाई दी। अध्यक्ष बनने के बाद अर्चना कुमारी ने कहा कि जो कार्यभाल मुझे मिला है। उसे मैं निष्ठा पूर्वक निभाऊंगी व हमेशा सबके साथ खड़ा रहूंगी । चाहे कोई भी समस्या हो उसके लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कुमार उर्फ बिट्टू,उप मुखिया सकुन्ती देवी मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष बने दीपक

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद समिति का विस्तारीकरण किया गया। जिसमें दीपक कुमार सिंह को विश्व हिंदू परिषद का प्रखंड अध्यक्ष और धनंजय सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। बजरंग दल संयोजक की जिम्मेवारी धीरेंद्र सिंह को दी गई। रविशंकर सिंह (बिट्टू सिंह) पूर्ववत विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री बने रहेंगे।

### ऋत्विज परिवार पांच सौ लड़कों का करायेगा उपनयन संस्कार

**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था ऋत्विज परिवार की बैठक रविवार को जेलहाता स्थित डॉ. अरुण शुक्ला के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष बलराम तिवारी ने की। संचालन सेवा. निवृत शिक्षक मणिकांत उपाध्याय ने किया। बैठक में ऋत्विज परिवार द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य की समीक्षा की गयी। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि ऋत्विज परिवार आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को पढ़ाई में आर्थिक सहायता देता है । इसके अलावा सामूहिक विवाह को बढ़ावा दिया जा रहा है । ताकि फिजूलखर्ची पर रोक लगे। अब इस संस्था के द्वारा सामूहिक रूप से उपनयन यानी जनेऊ संस्कार को लेकर समारोह आयोजित किया जायेगा । बैठक में तय किया गया कि आगामी 22जनवरी, 2023 को ऋत्विज परिवार द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में ब्राह्मण परिवार के 5 वर्ष से अधिक उम्र के 500 लड़कों का उपनयन यानी जनेऊ संस्कार सामूहिक रूप से कराने का लक्ष्य रखा गया है । इस समारोह की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में बताया गया कि सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह की सारी व्यवस्था ऋत्विज परिवार द्वारा किया जायेगा। संस्था के संरक्षक डॉ. अरुण शुक्ला, दीनानाथ तिवारी, बलराम तिवारी जैसे प्रबुद्ध लोगों ने अपील किया कि ब्राह्मण परिवार के लोग अपने लड़का या नाती, पोते का उपनयन संस्कार सामूहिक कार्यक्रम में अवश्य कराना सुनिश्चित करें। संस्था के नगर निगम क्षेत्र के प्रभारी वार्ड पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी (मो. 9128215462 ) को उपनयन संस्कार के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में रजनीकांत पांडेय, दीपक तिवारी, रामधनी पांडेय, संजय ओझा, विनोद उपाध्याय, प्रकाशचंद द्विवेदी, श्रीनारायण तिवारी, रमेश पांडेय, अरविंद पांडेय, दयानंद तिवारी, बिरेंद्र तिवारी, नवनीत कुमार, सुंदरम, संतोष दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### पिपरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज पिपरा प्रखंड खेल के मैदान में रविवार को टाइगर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया । टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया है । उद्घाटन मैच मे रामपुर नौगड़ा ने भलुवाड़ी टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित किया । इसके पहले थाना प्रभारी सूरज चैल, एसआई अजय कुमार सिंह पीनियस मुंडा ने शुभारंभ मैच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिंदेश्वर पाठक, लाल बहादुर सिंह, बिरजू चंद्रवंशी ,विष्णु देव गुप्ता, पप्पू यादव ,लव सिंह, महेंद्र सिंह ,वुलु सोनी कपिलदेव राम, अरुण मिश्रा सहित सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर पलामू जिला प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन की एक बैठक रविवार को शाहपुर स्थित रेड-रोज पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कूद प्रतियोगित क्वीज, भाषण पेंटिंग आदि की प्रतियोगिता विद्यालय के बच्चों के बीच कराने का निर्णय किया गया। जिससे बच्चों में पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य सद्गुणों,अनुशासन, साहस, दृढ़ता का नेतृत्व क्षमता व आत्मविश्वास का विकास हो। इसके निमित्त आगामी 13 नवम्बर को बाल दिवस के पूर्व अन्तर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम सह प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में साईमन मैथ्यू एस्ले, राजन पांडेय, राजीव रंजन, मो0 इजहारूत हक, पंकज गुप्ता, तौफिक अहमद, रवीन्द्र तिवारी, चंदन पासवान, शशिरंजन ने किया, विमल कुमार व रमण चौधरी शामिल हुए।

### अनियंत्रित बाइक पलटने से युवक घायल,चिकित्सको ने किया रेफर

**विश्रामपुर।** पांडू मुख्य मार्ग पर रविवार को अनियंत्रित बाइक पलटने से एक युवक गंभीर से घायल हो गया है। जिसे परिजनों व ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 108एंबुलेंस की मदद से पीएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घायल युवक की पहचान सोनू शाह उम्र करीब 14वर्ष पिता बलाल शाह के रूप की गई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्त के साथ अपने घर मुरुमातु से बाइक द्वारा विश्रामपुर जा रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित बाइक पलटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सांप काटने से मजदूर की मौत

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार गांव निवासी 65 वर्षीय जीतू राम को विषैले सर्प ने काट लिया। जिससे उनकी मौत हो गयी। घर वालों ने बताया कि वह अपने घर के अंदर जा रहे थे । इसी क्रम में दरवाजे के नजदीक पहुंचते ही विषैले सर्प ने उन्हें काट लिया। आनन-फानन में उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुंबागाढ़ा हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था । इसी दौरान में उसकी मौत हो गयी। जीतू राम अत्यंत ही गरीब परिवार से आते हैं। मजदूरी कर वे अपने परिवार वालों का भरण पोषण करते थे । वे अपने पीछे तीन लड़का और दो लड़की को छोड़ गए हैं। मालूम हो कि कुछ दिन पहले इसी पंचायत में एक किशोरी की सर्प दंश से मौत हुई थी । इस वर्ष पंचायत में यह दूसरी घटना है। मौत की खबर पाकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शेष पासवान, बीएसपी नेता राजन मेहता, जिला पार्षद विजय रविदास, भाजपा के महामंत्री आशीष पांडेय मृतक के घर पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर ढाढ़ंस बंधाया।

## जपला-पथरा मुख्य पथ के भू-स्वामियों को नहीं मिली मुआवजा राशि

# विधायक से भुगतान कराने की लगाई गुहार,दस वर्ष पूर्व सड़क में ली गई थी भूमि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला पथरा होते हरिहरगंज तक सड़क का निर्माण दस वर्ष पूर्व किया गया था। सड़क निर्माण के समय सैकड़ों किसानों की भूमि सड़क में ली गई थी। भू स्वामियों ने सड़क निर्माण के समय विरोध किया था। मगर उनकी किसी ने नहीं सुनी। सड़क का निर्माण करा दिया गया। परंतु भूमि मालिकों को आज तक मुआवजा नहीं मिला। भूमि मालिको ने प्रखंड और जिला का चक्कर लगाते रहे। उन्हे एक ही जवाब मिलता है कि उनका पैसा मिल जायेगा। थक कर भूमि मालिकों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से मुआवजा भुगतान कराने की गुहार लगाई है। नारायणपुर में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह से भू स्वामी मिले। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण उनकी भूमि पर करा दिया गया। मगर आज तक उन्हे मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से विधायक कमलेश कुमार सिंह से मुआवजा राशि का भुगताना कराने की मांग की। विधायक प्रतिनिधि ने भूमि मालिको की समस्या से विधायक को दूरभाष पर जानकारी दी। विधायक ने कहा कि वह इस मामले में संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे। जरूरत पड़ी तो इस मामले को विधानसभा में भी उठायेंगे।

## प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने शनिवार को कोसी पंचायत के कोसी व टोंगरा आंगनवाड़ी केंद्र एवं टोंगरा राजकीय मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में शनिवार को करीब 11 बजे पहुंची तो देखा कि कोसी आंगनबाड़ी केंद्र में मात्र दो ही बच्चे उपस्थित मिले। जबकि सेविका केंद्र से अनुपस्थित थी। पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख को बताया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र का हमेशा यही स्थिति रहता है। टोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र पर 11:30 बजे पहुंची तो देखा कि सेंटर बंद था। टोंगरा राजकीय मध्य विद्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक गंगा विष्णु राम विद्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित थें। केंद्र का निरीक्षण के उपरांत प्रखंड प्रमुख ने बताया कि प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी बदतर पायी गयी है। उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान उक्त सभी आंगनवाड़ी केंद्र जहां पर अनियमितता पाई गई है। उसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभाग के वरीय पदाधिकारी से लिखित शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जिस प्रकार की अनियमितता व लापरवाही बरती जा रही है। वह किसी कीमत पर बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय टोंगरा के प्रधानाध्यापक के विरुद्ध भी शिक्षा विभाग के पदाधिकारी से शिकायत की बात कही है।

## लोहराही में सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** छतरपुर नगर पंचयात अन्तर्गत ग्राम लोहराही के वार्ड नंबर 14 में रविवार को झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजना सोना सोबरन योजना के तहत सभी राशनकार्डधारियों के बीच धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया योजना के तहत सभी राशनकार्डधारियों को एक धोती ,साड़ी और एक लुंगी का वितरण नगर पंचयात के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा (बुल बाबा) डीलर अजय कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद सुनील यादव, भावी उम्मीदवार वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी गिरजा कुमार शर्मा, रिपोर्टर मनोहर यादव, रामजी यादव के हाथों से किया गया! यह कार्यक्रम वार्ड नंबर 14 के जनबितरण प्रणाली अजय कुमार सिन्हा के दुकान पर किया गया ' मौके पर सत्यनारायण प्रजापति, मुन्ना राम, कुलदीप राम, सुगिया देवी, एवं अन्य राशनकार्डधारियों लोग मौजूद रहे।

## किसान ब्रिगेड ने लंगूरही डैम का निरीक्षण कर जीर्णोद्धार की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के झरगाड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम चरकौल से लगभग 1.5 किमी. के दूरी पर कररबार नदी के ऊपर नवनिर्मित लंगूरही ब्लॉक पूरी तरह से टूट चुका है। जिसके कारण पूरा पानी बर्बाद हो रहा है। इसके जीर्णोद्धार हो जाने से झरगाड़ा पंचायत एवं उसके आस पास के दर्जनों गांवों की भूमि को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो जाएगी। तथा सैकड़ों एकड़ के भूमि जो सिंचाई के साधन नहीं होने के कारण बंजर दिखाई देती है। सभी पर फसलें लहलहा उठेंगे। जानकारी देते हुए किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने लंगूरही डैम का निरिक्षण करने के बाद बताया कि किसान ब्रिगेड विभिन्न पंचायतों का दौरा कर वहां के किसानों की समस्यायों का आकलन कर रही है तथा उनके निष्पादन हेतु लगातार आंदोलन कर सरकार के सामने रखने का काम कर रही है। उसी क्रम में रविवार को चारकौल के किसानों से मुलाकात किया। उन्होंने सिंचाई संबंधित समस्या हमारे सामने रखा और और बताया कि पूर्व में पंचायत के किसानों द्वारा चंदा इकट्ठा कर लंगूरही डैम का निर्माण कराया गया था। लेकिन बरसात के दिनों में पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण बीच से ही टूट गया। पूर्व में कई जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस डैम के निर्माण का वादा तो किया था। परंतु किसी ने इसका निर्माण कराने का काम नहीं किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड की पूरी टीम ने इसका निरीक्षण किया है । साथ ही किसान ब्रिगेड इस डैम के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। जल्द ही विभागीय अधिकारी को पत्र के माध्यम से इसकी सूचना दी जायेगी। तथा आंदोलन के माध्यम से भी सरकार के सामने इस डैम के जीर्णोद्धार की समस्या को प्रमुखता से रखा जायेगा। इस मौके पर किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद प्रखंड के अध्यक्ष लालधन ठाकुर, झरगाड़ा पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, विष्णुदेव पासवान,कामेश्वर पासवान, सनोज कुमार यादव, प्रमोद पासवान, अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

## पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट में पांडू की टीम 3-0 से विजय




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को स्थानीय जनता उच्च विद्यालय खेल के मैदान में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में पांडू की टीम विजयी रही। जानकारी के अनुसार पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को विश्रामपुर व पांडू के बीच खेला गया। जिसमें पांडु की टीम विजयी रही। विजेता व उप विजेता टीमो के बीच पुरस्कारों का वितरण पलामू सांसद बीडी राम भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डाक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी,बीडीओ प्रशांत कुमार हेमरम,वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे, अलखनाथ पाण्डेय,धर्मदेव सिंह यादव, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन व विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। बता दे की इससे पहले सेमिफाइनल का मुकाबला चार टीमों के बीच खेला गया। जिसमे पहला मैच विश्रामपुर वनाम करकट्टा वहीं दूसरी मैच पांडू और नावा बाजार के बीच खेली गई। वही सेमी फाइनल मुकाबले में विश्रामपुर व पांडू के टीम विजयी रही। जिसके उपरांत सेमी फाइनल में पहुंची हुई,दोनो टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पांडु की टीम तीन जीरो से विजयी रही। वही कमेंट्री कर दर्शकों को आंखो देखा हाल बता रहे, राजन पाण्डेय, रामपुकर पाण्डेय, नवल सिंह व सुरेंद्र भारती ने मजाकिया व सुरीले शब्दों में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महामंत्री मनीष कुमार, महामंत्री संतोष राम, रजनीश कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला,निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, उपेंद्र तिवारी, सोशल मीडिया ज्वाला गुप्ता,एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती सहित कई लोग शामिल थे।

## चार सोलर जलमीनार का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी क्षेत्र के सभी 16 वार्डों में सोलर जलमीनार लगाया जायेगा। जिससे लोगों को आसानी से शुद्ध पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी और संबंधित वार्ड पार्षद अखिलेश यादव व उमा देवी ने भुईयां टोली, रविदास नगर, नहर मोड़, इमामबाड़ा, और दातानगर में रविवार को पांच सोलर जलमीनार का उद्घाटन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि एक जलमीनार की लागत करीब 3.80 लाख रुपए लागत है। इससे सार्वजनिक स्थानों पर लगाने से पांच सौ की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। पेयजल से निजात निदान के लिए सभी वार्डों में जलमीनार का निर्माण कार्य करने की योजना बनाई गई है। जो सौर ऊर्जा आधारित समरर्सिबल मोटर पंप सहित बोरवेल के माध्यम से जलापूर्ति योजना का काम शुरू किया गया है। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जलमीनार निर्माण होने से लोगों को सहूलियत होगी। पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जलमीनार के माध्यम से 24 घंटे पानी की सुविधा है। पूरे सिटी में जनोपयोगी स्थान का चयन कर जलमीनार निर्माण का कार्य जारी है। निश्चित ही इससे पेयजल की किल्लत दूर होगी। उन्होंने कहा कि शहर वासियों के प्राथमिकता के आधार पर पेयजल, सड़क समेत सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पंचायत तत्परता से कार्य कर रहा है।

## मां भवानी संघ की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** नगर पंचयात अंतर्गत लोहाराही गांव के वार्ड नंबर 14 में सतबहिनी धाम के प्रांगण में मां भवानी संघ की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में सत्यनारायण प्रजापति अध्यक्ष, गिरजा शर्मा उपाध्यक्ष, व्यासनंदन प्रसाद सचिव, रामजी यादव उपसचिव, अजय कुमार यादव कोषाध्यक्ष, धीरज कुमार उपकोषध्यक्ष बनाये गये। 17 सदस्यी संचाल समिति भी बनाया गया। मुख्य संचालक झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, वार्ड पार्षद सुनील यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखण्ड अध्यक्ष लवलेश यादव, मुनारीक यादव, रामलाल प्रजापति, बिगन राम, ललन सिन्हा, अरुण कुमार सिन्हा, मंदीप यादव, मलू यादव, बालदेव यादव भूनेश्वर यादव को बनाया गया। बैठक में पूजा के दौरान किसी भी प्रकार का नशा पर रोक लगाने तथा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी कमेटी का विस्तार करते हुए नयी कमिटी बनाई गई । जिसमे सर्वसम्मति से प्रभात सिन्हा को कमिटी का निर्देशक एवं मनोहर यादव को मीडिया प्रभारी चुना गया।

## वरिष्ठ आनंदमार्गी के निधन पर श्राद्धानुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ आनंद मार्गी शंकर विश्वकर्मा के श्राद्धानुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चियांकी पहाड़ के समीप उनके पैतृक आवास पर आनंदमार्ग विधि से श्राद्धानुष्ठान का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य सिद्धार्थ आनंद अवधूत ने श्री श्री आनंदमूर्ति जी के दिए हुए आशिर वचनों का उल्लेख कर श्राद्धानुष्ठान को सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के बाद बैधनाथ ने श्राद्धानुष्ठान पर श्री श्री आनंदमूर्ति जी के दिए गए नियमों को सभी मौजूद लोगों के समक्ष बारीकी से पढ़ा और उसके बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि अगर किसी आनंदमार्गी की मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार के लोग कभी भी श्राद्ध के नाम पर दान-दक्षिणा, पूरी-बुंदिया नहीं खिलाते हैं। आनंद मार्गी लोग अपने गुरु को याद कर यह कहते हैं कि सभी अनंदमार्गी परमपुरुष यानी श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने संतान है। मुत्यु के बाद परमपुरुष अपने संतान को अपने पास बुला लेते है। इसी शांति के लिए अनंदमार्गी श्राद्धानुष्ठान कार्यक्रम करते है। 66 वर्षीय शंकर विश्वकर्मा का निधन 30 अगस्त को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। वह अपने पीछे अपनी धर्म पत्नी और 5 बच्चों समेत पूरा भरा परिवार छोड़ गए। वह पेशे से किसान हुआ करते थे। उन्होंने आनंदमार्ग को अपने जीवन का बहुमूल्य योगदान दिया है। शंकर विश्वकर्मा पलामू के पहले अनंदमार्गी है। जिन्होंने सन 1980 में पटना में आयोजित धर्म महा चक्र में आनंदमार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी के समक्ष अंतरजातीय विवाह किया था। उन्होंने अपने एक बेटे व चार बेटियों की भी शादी आनंदमार्ग विधि से किया है। शनिवार को श्राद्धानुष्ठान कार्यक्रम के बाद नारायण सेवा भी किया गया। सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच खाने की सामग्री, कपड़े व दवाइयों का वितरण किया गया। मौके पर निर्मला देवी, आशिष, सुनीता, जोतिसना, विनीता, जयश्री, मणिकांत, मीनाक्षी, जगरनाथ, गोपाल, रामस्वरूप सरोज, अरविंद, राजन, सूरज, सोनू, चंदू, प्रदीप व अन्य लोग शामिल हुए।

## मठ की जमीन पर कब्जा करने गये दबंगों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

### दबंगों व प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** शहर के अररुआ खुर्द स्थित बिहार बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया मठ की जमीन पर रविवार को दबंगों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गयी। सुबह में ही नींव देने का कार्य शुरू किया गया। इसे देख आसपास के हजारों ग्रामीण उक्त भूमि पर इकट्ठा हो गए। साथ ही कब्जा करने वालों का विरोध करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। जमीन कब्जाने वालों में शामिल एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, शिव यादव व ब्रजेश जायसवाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। बाद में सूचना पाकर सीओ बासुदेव राय, प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार स्थल पर पहुंचे। नाराज ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई नहीं करने के कारण पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की। जबकि एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने घटना की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि जनहित के खिलाफ कार्य करने वालों के साथ वे कभी नहीं है। दिल्ली अधिवेशन से लौटने के बाद कार्रवाई करेंगे। वहीं सीओ वासुदेव राय ने बताया कि वर्तमान में उक्त भूमि बिहार बिहारिणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया कपरदार सुरजी देवी के नाम दर्ज है। जबकि डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को भूमि पर अवैद्य कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। इस मामले में पहले भी सरोज कुशवाहा व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। मौके पर भोला गुप्ता, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, कामेश विश्वकर्मा, संतोष गुप्ता, विश्वदीप कुमार, लखन यादव, अशोक कुमार यादव, कांग्रेस नेता कृष्णा कुमार सिंह, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, जेपी गुप्ता, विकाश यादव, विनय जायसवाल, भीम मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, पवन कुमार, बिजय यादव, बीनू जायसवाल, लक्ष्मी विश्वकर्मा, डॉ जगनारायण यादव, अशोक जायसवाल, सोनू जायसवाल, रामकुमार गुप्ता, अरबिंद पासवान, रामजी पासवान, हरिहर सिंह, अशोक शर्मा, अभय सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। धन्नजय सिंह, मुन्ना जायसवाल, धर्मेन्द्र पटेल, श्यामसुंदर प्रसाद सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थें।

## बसरिया कला पंचायत में दुर्गा पूजा समिति का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया कला में राजकीय उच्च विद्यालय बसरिया कला के प्रांगण में दुर्गा पूजा मानने को लेकर दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पंचायत बसरिया कला के मुखिया नीतीश कुमार सिंह जी ने की। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा शांति पूर्वक मानने के लिए कमिटी ने कुछ निर्णय लगाई है जो कि यदि कोई व्यक्ति इस पूजा में व्यवधान डालने का कार्य करता है या लड़ाई झगडा करता है तो उसे कानूनी कार्रवाई हेतू प्रशासन को सौंपा दिया जाएगा। आय व्यय का हिसाब प्रत्येक दिन कौपी में दशार्या जाएगा ।इस वर्ष रामायण का प्रसारण दोनों तरफ से चलाने का निर्णय कमिटी के द्वारा लिया गया है। पूजा शांति पूर्वक सफल हो इसलिए सभी सदस्य एवं धर्म प्रेमी गण अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे ।पूजा के सफल संचालन के लिए नई कमेटि का गठन किया गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह (मुखिया जी) उपाध्याय गोरख कुमार सिंह सचिव नित्यानंद सिंह,सह सचिव श्रवण राम कोषाध्यक्ष कंचन कु.साव उपकोषाध्यक्ष विकास सिंह (श्रवण)महामंत्री जीतेन्द्र राम भोलेटीयर मंत्री धनवंत उर्फ गबर सिंह मीडिया प्रभारी मंत्री संतोष कुमार प्रजापति उपमिडिया मंत्री तनय कुमार संचालक संजय कुमार साहू जी एवं सैकड़ों के संख्या में भक्त प्रेमी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्णमुरारी का निधन



**मेदिनीनगर।** स्थानीय नावाटोली निवासी ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्णमुरारी मिश्र 76 वर्ष का निधन बीती रात रामप्यारी हॉस्पिटल रांची में हो गया। कुछ दिन पहले शहर के डॉक्टरों ने जांचोउपरांत उन्हें किडनी में इन्फेक्शन बताकर रांची भेजा गया था। जहां उनका इलाज पिछले 10 दिनों से सुपरलिटी हॉस्पिटल में चल रहा था। बीते रात 11:30 बजे उन्होंने अंतिम सांसे ली। अहले सुबह उनका पार्थिव शरीर मेदिनीनगर आवास लाया गया। दुखद समाचार मिलते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए परिवारिक रिश्तेदारों सहित सैकड़ों शहरवासी उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। उनको जानने माननेवाले अनुयायियों व शिष्य काफी मर्माहत है। दर्शननाथियों ने फूल–माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। अपराहन बाद उनका पार्थिव शरीर वाराणसी ले जाया जायेगा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। स्व. ज्योतिषाचार्य कृष्ण मुरारी अपने पीछे पत्नी, 3 कर्मकांडी पुत्र दयानंद मिश्रा ,मयानंद मिश्रा, परमानंद मिश्र, बहुएं, पोता पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर दिवंगत हो गये।

### फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले पर उचित कार्रवाई हो : धीरज

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चला कर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त समय पर उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के नाम से फर्जी अकाउंट बनाने का मामला प्रकाश में आया है। धीरज मिश्रा ने अपने शुभचिंतकों से इस फर्जी अकाउंट को स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया है। धीरज ने बताया कि गलत मंशा रखने वाले समूह के इंसान द्वारा मेरे नाम का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर गलत इस्तेमाल करने की जानकारी उनके शुभचिंतकों के माध्यम से प्राप्त हुआ है । इस मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना में देकर प्रशासन से दोषी व्यक्ति पर उचित कार्यवाई करने की मांग करेंगे। धीरज ने कहा कि रक्त की कालाबाजारी और दलाली करने वाले समूह के लोगों ने मेरे द्वारा रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम को कमजोर करने के लिए एक साजिश के तहत मेरे खिलाफ मुहिम चलाकर मुझे बदनाम और अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। रक्त की कालाबाजारी और दलाली करने वाले समूह का व्यवसाय चौपट होने के कारण गोरखधंधे में शामिल लोगों द्वारा तनाव और घबराहट में होकर मेरे खिलाफ उल जलूल बेबुनियाद बाते करके मुझे बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम जारी रखते हुए रक्त के जरूरत मंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य जारी रहेगा।

### विकलांग संघ की बैठक में नये सदस्यों का चयन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विकलांग संघ की बैठक 11 सितंबर दिन रविवार को कचहरी परिसर में की गई। जिसमें पूर्व से संचालित विकलांग संघ का पुनर्गठन कर नये सदस्यों को चयनित किया गया । बैठक में अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र कुमार कुशवाहा उर्फ गुरुजी एवं उपाध्यक्ष संतोष राम ,बबलू सिंह, मुकेश सिंह, अवधेश राम ,जयप्रकाश गुप्ता तथा सचिव राम पुकार सिंह सह सचिव वीरेंद्र कुमार राम, कोषाध्यक्ष उमेश कुमार मेहता कोषाध्यक्ष ललिता कुमारी, मीडिया प्रभारी अकील अजहर प्रवक्ता संजय कुमार मेहता एवं सदस्य के रूप में अनुज कुमार मिश्रा, संगीता कुमारी का चयन किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विकलांग संघ का विस्तार सभी प्रखंड में किया जायेगा। मौके पर उपस्थित महताब अंसारी, भरत प्रजापति ,बबलू सिंह, संतोष राम, सुरेंद्र कुमार, रामजीत ,ललित नारायण ,निरंजन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आईआईटी परीक्षा में हरिहरगंज के सौरभ राज को मिली सफलता

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है इसे सिद्ध कर दिखाया है सौरभ राज ने। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक निवासी गौरी शंकर प्रसाद का पुत्र सौरभ राज ने सीमित संसाधनों के बीच घर पर रहकर अपने कठिन परिश्रम के बल पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में अच्छे अंकों से क्वालीफाइ कर अपने माता पिता के साथ ही विद्यालय प्रखंड और जिला का मान सम्मान बढ़ाया है। माता मंजू देवी पिता गौरी शंकर प्रसाद के पुत्र सौरभ राज ने जेईई मेन्स परीक्षा में पहले प्रयास में ही यह सफलता पाई है। सामान्य कैटेगरी में 4041 एवं ओबीसी में 757 रैंक लाया है। रविवार को परीक्षा परिणाम आने के बाद सौरभ राज के परिवार में हर्ष है । उसने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों अपने माता पिता एवं परिवार के सदस्य के उचित मार्गदर्शन को दिया है। उसकी की सफलता पर पिता गौरी शंकर प्रसाद, माता मंजू देवी, चाचा अजय प्रसाद, संतोष प्रसाद गुप्ता, सुरेश प्रसाद ,सुरेंद्र प्रसाद ,गणेश गुप्ता, बहन नेहा कुमारी ने शुभकामनाऐं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पलामू के युगांत व पिंकू की फिल्मो को मिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**मेदिनीनगर।** शहर के रहने वाले युगांत बद्री पांडेय व पिंकू दुबे की फिल्मो को अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कार मिला है। छठा गोल्डन बीट इंटरनॅशनल फिल्म फेस्टिवल 2022 जो की तुर्की में आयोजित किया गया था। उसमें युगांत बद्री पांडेय अभिनीत फिल्म फिल्म द स्पेरो व पिंकू दुबे द्वारा लिखित फिल्म द लास्ट एनवेलप को पुरस्कार मिला है। फिल्म द स्पेरो के सौरभ गंगवार को फेस्टिवल में बेस्ट सिनेमेटोग्राफर का पुरस्कार मिला। इसके निर्देशक अभिषेक पांडेय है। इस फिल्म में मुख्य खलनायक की भूमिका में युगांत है। फेस्टिवल में फिल्म द लास्ट एनवेलप को बेस्ट शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके लेखक पिंकू दुबे है। फिल्म को ललित कुमार झा ने डाइरेक्ट किया है। इन दोनों कलाकारों के सफलता पर पलामू के कलाकारों ने हर्ष जताया। संगीतकार मुकेश सिन्हा, गायक सुमित भट्टाचार्य, अशफाक अहमद, अमर सहाय, रामकिशोर पांडेय, राजाराम मिश्रा, पवन शर्मा, कवि नवीन सहाय, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रविशंकर, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, सैकत चटर्जी कामरूप सिन्हा, संजीव सिंह, उज्जवल सिन्हा, मुनमुन चक्रवर्त्ती, मनीषा सिंह, अमर भांजा, परिमल भट्टाचार्य, शफीउल्लाह खान, यंग स्टार ग्रुप के सुमित वर्मन, मनीष कुमार, नई संस्कृति सोसाइटी के अजित पाठक, पंकज निराला सहित कई लोगों ने युगांत बद्री पांडेय व पिंकू दुबे को बधाई दी है।

# पलामू में दो दिनों तक हो सकती है बारिश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के मौसम में रविवार को एक बार फिर बदलाव हुआ और शाम को हल्की बारिश की शुरूआत हो गई। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अगले दो से तीन दिनों तक भी बारिश होगी। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव क्षेत्र के कारण राज्य में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। पलामू सहित राज्य के कई हिस्सों में अगले 48 घंटों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 11 से 13 सितंबर तक बारिश के आसार बने हुए हैं। वहीं 14 और 15 सितंबर को राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

**मेघ गर्जन व वज्रपात की संभावना:**-ऐसा बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सरकुलेशन की वजह से हो रहा है। इससे निम्न दबाव बना है। इसका असर रविवार से जिले में दिखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी हुई है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार दक्षिण पूर्वी, उत्तरी और मध्य झारखंड में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। इसका बड़ा असर पलामू,पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में होने की संभावना है।

**इन इलाकों में भारी बारिश की संभावना:**-मौसम विभाग केअनुसार रविवार से हल्की बारिश हो सकती है। राज्य में 11 सितंबर को दक्षिण पूर्वी, कोल्हान और संथाल के इलाकों में साथ ही उत्तर पूर्वी कोयलांचल के कई इलाकों में भारी बारिश और बादल गरजने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा 12 सितंबर के दिन राज्य के उत्तरी छोटानागपुर ,पलामू और राजधानी के आस पास के इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

**15 सितंबर को होगी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश:**-मौसम विभाग के अनुसार इन दोनों दिन 14 और 15 सितंबर को राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इसका असर देवघर, दुमका, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, बोकारो, चतरा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, खूंटी, पलामू, सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम जिले के कुछ भागों में दिखाई देगा।

## समृद्धि की रोटी के साथ जुड़ी हैं जरूरतमंदों की आस

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर में समृद्धि मिशन की रोटी के इंतजार में कई जरूरतमंदों की आस लगी रहती है । स्थानीय शनि मंदिर में बुजुर्गो ,रिक्शा चालकों ,दिव्यांग, दोना पत्तल बेचने वालों के बीच मिशन समृद्धि संस्था द्वारा रोटी पुरी सब्जी और खिचड़ी का वितरण किया जाता है। उनसबों को भोजन के साथ-साथ कपड़ा, छाता जैसी जरूरतें भी सामर्थानुसार पूरा किया जाता है। इन सबों के बीच जरूरत की समान वितरण करना इसलिए भी अच्छा लगता है कि इसका लाभ सिर्फ जरूरतमंद ही लेते हैं। निकम्मों को न तो यह संस्था कोई वस्तु देती है, बल्कि उन्हें अच्छा सबक भी सिखाती है। भोजन देने वाले परिवार का अभिनंदन भी संस्था की ओर से किया जाता है। इस कार्य मे कलाकार आशा शर्मा ने भी रोटी वितरण में हांथ बटाया । साथ ही अजय राज अपने युवा सात साथियों के साथ मिशन समृद्धि संस्था से जुड़कर इसके समाजिक कार्य में सहयोगी बने। मौके पर शिल्पी गोस्वामी, बैजन्ती गुप्ता ,वीणा गुप्ता ,रंजीता देवी, वन्दना श्रीवास्तव ,शैलेन्द्र कुमार बेबी पाण्डेय ,श्वेता पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा।

## आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्टेशन रोड स्थित संत मरियम स्कूल में आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड के प्रथम चरण की परीक्षा संपन्न हुई। जिले के हजारों विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। मौके पर आयोजक आनन्द कुमार ने कहा कि हमारी पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से यह परीक्षा बेहतर रूप से कदाचार मुक्त संपन्न हुई । आगामी 15 दिनों के अंदर हम सभी रिजल्ट प्रकाशित करेंगे और शीर्ष 30 बच्चे को संस्था की ओर से सम्मानित किया जायेगा। परीक्षा नियंत्रक विशाल कुमार ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर कहीं से कोई शिकायत सामने नही आई। हमें बच्चों और अभिभावकों का पूरा सहयोग मिला । आगामी 2 सप्ताह के अंदर हम सभी रिजल्ट प्रकाशित कर देंगे, जो विभिन्न माध्यमों से विद्यार्थी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर सेकेंड स्कूल के संस्थापक और विशेष निरीक्षक ऋषिकेश पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों के अंदर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और योग्यता विकसित होती है। अतः हर स्कूल और अभिभावक को बच्चों के हित के लिए बढ़- चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिक्षा ही हर समस्या का समाधान है। परीक्षा को सफल बनाने में टीम के महत्वपूर्ण सदस्य दीपक कुमार दुबे ,ऋषभ शुक्ला, अंकिता तिवारी, डॉली कुमारी , खुशबू कुमारी , सहित अनेकों शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीबीएसई ने एमके डीएवी.पब्लिक स्कूल के प्राचार्य को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** सीबीएसई ने 9 सितंबर को प्रचार्यो के साथ एक बैठक रांची के डीपीएस में आहूत की थी। जिसमें एमके डीएवी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के प्राचार्य डॉक्टर जीएन. खान को पटना क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी जगदीश वर्मन ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यह सम्मान डॉ. खान को पलामू एवं गढ़वा जिले के सीबीएसई के विद्यालयों में डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर के रूप में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। डॉ. खान ने दोनों जिलों में सीबीएसई विद्यालयों में 10वीं एवं 12वीं की कदाचार मुक्त परीक्षा,पूरक परीक्षा, निष्पक्ष मूल्यांकन ,उत्तर पुस्तिकाओं का सुरक्षित एवं ससमय प्रेषण इत्यादि कार्यों को कुशलतापूर्वक संपन्न कराया। इन सभी कार्यों को देखते हुए पटना क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी जगदीश बर्मन ने उनके कार्यों की भूरि -भूरि प्रशंसा की, एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ.जीएन खान ने कहा कि मुझे यह सम्मान मिलना डीएवी परिवार एवं पलामू गढ़वा के छात्रों एवं अभिभावकों के लिए गौरव की बात है। अब मेरी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मुझे आगामी सभी परीक्षाओं में और सतर्कता एवं निष्ठा से कार्य करना होगा। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं सहयोगियों की निष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए इस सम्मान को उन्हें समर्पित किया। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि हमारे सभी सहयोगी जिस प्रकार इस आपदा में मुश्किलों को आसान बनाते हुए अपनी क्षमता का परिचय दिए हैं। उसी तरह आगे भी अपना सहयोग देकर पटना क्षेत्र में हमारी खास पहचान बनायें रखेंगे।

## शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का मना शहादत दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय सुभाष चौक के नजदीक (शहीद मनु अखौरी रोड) में शनिवार को कर्नल संजय अखौरी के आवास पर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी की शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी दया चरण, माता-पिता - कर्नल संजय अखौरी एवं निरा अखौरी एवं पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। शहीद मनु अखौरी अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर भी पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। ज्ञात हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी अल्पायु में ही भारत माता की सेवा में अपने आप को न्योछावर कर दिया था। इनका जन्म 21 फरवरी 1984 को पलामू जिले के डाल्टनगंज में हुआ था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूल फिर सेक्रेड हार्ट स्कूल चियांकी एवं 12 वीं की आर्मी स्कूल पठानकोट से किया । मिग-21 फाइटर प्लेन युद्धाभ्यास के दौरान पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाइयाना गांव को जब वे अप्रोच कर रहे थे। तब उनके विमान में कुछ तकनीकी खराबी आई। इसके बाद उन्होंने अपने आप को विमान से इजेक्ट करने का सोचा तो उन्होंने देखा कि यहां पर हायर सेकेंडरी के 1500 स्कूली बच्चे पढ़ रहे हैं। वे चाहते तो पैराशूट के माध्यम से अपनी जान बचा सकते थे। लेकिन वे स्कूली बच्चें इसमें हादसे का शिकार हो जाते। उन्होंने विमान को खाली स्थान पर ले जाने का फैसला किया। ऐसा करने के दौरान जो उनका कीमती समय था वो निकल गया और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपरा बलिदान के अनुरूप उन्होंने अपने कर्त्तव्यों का पालन किया। कार्यक्रम में कर्नल प्रवीण अय्यर, कमांडेंट 44 एनसीसी बटालियन झारखंड, कर्नल भास्कर चंद्र पांडेय (सेवानिवृत्त) ऑफिसर इंचार्ज (ईसीएचएस) पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सुधीर कुमार सिंह, अविनाश वर्मा, अजय कुमार, पूर्व सैनिक भास्कर दुबे, संतोष तिवारी, सुरेश जैन, सरस जैन, शंभू सिंह हरिनंदन सिंह, खुशहाल शुक्ला, शक्ति प्रिया आदि कई लोग उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने इनायतुल्लाह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा(ज)के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कई सामाजिक राजनीतिक शैक्षणिक प्रस्ताव पास किये गए। बैठक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवाशीष मनोरंजन घोष के नेतृत्व में संपन्न हुई । जिसमें कई राजनीतिक प्रस्ताव पास हुए एवं संगठन प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। कई पदाधिकारियों को जोड़ने नये चेहरों को आमंत्रण कर संगठन को धारदार बनाने और हर जिला में प्रभारी नवनियुक्त का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष के रूप के मोहम्मद इनायतुल्लाह को नियुक्त किया गया। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष के गरिमामय उपस्थिति में देवाशीष मनोरंजन घोष के नेतृत्व में उन्हें माला और अंग वस्त्र से सम्मानित कर मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उन्हें सभी जिला में जिला अध्यक्ष एवं संगठन बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर पार्टी के महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष विभा सिंह , झारखंड राज्य प्रवक्ता रविंदर कौर , जिला उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, राजीव उपाध्याय, मोहम्मद अबूजर मौजूद रहे।

## ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले को लटकाना राज्यपाल की अयोग्यता दर्शाता है: शत्रुघ्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले में चुनाव आयोग के पत्र को 18 दिनों तक लटकाने के लिए झारखण्ड के राज्यपाल रमेश बैस की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें इस पद के अयोग्य बतलाया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान में उल्लेखित प्रावधानों के तहत राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की भूमिका निष्पक्ष व लोकतंत्र की भावनाओं के अनुरूप होनी चाहिए। लेकिन ऐसा लगता है कि झारखण्ड के राज्यपाल किंग चार्ल्स तृतीय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। जारी बयान में केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि झारखण्ड के खेत-खलिहानों में इस मामले में राज्यपाल की घोर अकर्मण्यता के खिलाफ नकारात्मक चचाएं शुरू है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर चुनाव आयोग ने किस भाषा में चिट्ठी प्रेषित की है। जिसे हमारे राज्यपाल दिल्ली दौर के बावजूद भी 18 दिनों तक पढ़ नहीं पा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इसी उहापोह में है। जबकि हेमन्त सरकार ने पिछले 5 सितंबर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बहुमत प्राप्त कर लिया है। इस मामले में संघ की पृष्ठभूमि से जूड़े राज्यपाल की संदिग्ध भूमिका ने कई सवालों को खड़ा किया है। जिसका जवाब राज्य की जनता को उन्हें शीघ्र देना चाहिए।

## इंकलाबी नौजवान सभा का सम्मेलन दूसरे दिन भी जारी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर के गांधी स्मृति टाउन हॉल में चल रहा इंकलाबी नौजवान सभा का दो दिवसीय 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन दूसरे दिन भी जारी रहा। आज सुबह से ही सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधि सांगठनिक सत्र में राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार द्वारा पेश किए गए कामकाज की रिपोर्ट व राजनीतिक परिस्थितियों पर पेश दस्तावेज पर प्रतिक्रिया देते रहे और बहस जारी रही। देशभर के अलग - अलग राज्यों से प्रतिनिधि साथियों ने बहस में हिस्सा लिया और अपने सुझावों से इसे समृद्ध किया। इंकलाबी नौजवान सभा के सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार विधानसभा सदस्य कॉमरेड अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि आज एक तरफ देश का नौजवान रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। सत्ता का दमन झेलते हुए लाठी और गोली झेल रहे हैं। अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए जेल जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ हर साल दो करोड़ नौकरी के वादे के साथ आई मोदी सरकार नौजवानों के बीच रोजगार बांटने के बजाय नफरत बांट रही है। विभागों में सालों साल से लाखों पद रिक्त हैं । वही रोजगार मांग रहे नौजवान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। नौजवानों के सपनों और उम्मीदों को मारा जा रहा है। सरकारी कंपनियों और संस्थानों को धड़ल्ले से निजीकरण किया जा रहा है, उनको बेचा जा रहा है। असम, झारखंड, बंगाल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने अपने लोक नृत्य व क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से जल, जंगल, जमीन सहित अपने अधिकारों की लड़ाई को पेश किया। सम्मेलन में कुल 18 राज्यों के 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिसा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग ले लिया।

# चोरी की बोलेरो वाहन को पुलिस ने किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखण्ड के नावाजयपुर थाना से 21 अगस्त को नावा के बाजार एरिया से चोरी हुई बोलेरो को पुलिस ने 20 दिनों के अंदर मध्य प्रदेश के रीवा से लावारिश हालात में बरामद कर नावाजयपुर थाना में लाया है। पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया है कि वादी बागेन्दर प्रसाद नावा खास , रुदीडीह थाना नावाजयपुर के लिखित आवेदन के आधार पर बोलोरो सफेद रंग का जेएच 03 एफ 9706 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने के कांड 21 अगस्त को अंकित किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीपीओ मेदिनीनगर पलामू के अगुवाई में एक टीम गठित कर तकनीकी ट्रेस लोकेशन अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना पर टीम को मध्य प्रदेश भेजा गया। अनुसंधान ट्रेस लोकेशन के आधार पर सिविल लाइन थाना रीवा के नजदीक केंद्रीय विद्यालय से करहरिया मंडी रोड पुलिया के पास चोरी की गई बोलेरो लावारिश हालात में पुलिस टीम बरामद किया। तथा 11 अगस्त को नावाजयपुर थाना लाया। पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान ने बताया है कि चोरी की घटना में अन्तर्राज्यीय वाहन चोर की एक बड़ी रैकेट होने की सम्भवना है। छापामारी पुलिस टीम में थाना प्रभारी संजय रजक, एसआई बिजय कुमार, आरक्षी- धर्मेन्द्र ठाकुर, महेंद्र महतो, शैलेश प्रसाद, तथा तकनीकी सेल के रामनारायण विश्वकर्मा शामिल थे। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया की अतर्राज्यीय वाहन चोरों की गिरोह में कुछ जिले के वाहन चोर की संलिप्तता होने की साक्ष्य मिलने की सम्भवना है। जल्द ही गिरोह सरगना एवं सदस्यो की उद्भेदन कर लिया जायेगा। पुलिस छापामारी कर रही है। नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इससे पहले भी एक बोलेरो वाहन की चोरी की घटना हो चुकी है । जिसके उद्भेदन नही हो सका है। प्रेस कांफ्रेंस में थाना प्रभारी संजय रजक, एसआई विजय कुमार, एसआई मुकेश साव, एएसआई एसएन सिंह, लक्ष्मण यादव शामिल थे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने कचहरी परिसर में की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ समाज के प्रबुद्ध लोगों की बैठक पलामू जिला इकाई के नेतृत्व में कचहरी परिसर के ताईद शेड में की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद बैठा ने किया। एवं संचालन संघ के वरीय पदाधिकारी महेंद्र नाथ बैठा ने की। बैठक में समाज का एक मुकदमा प्रथम पक्ष कृष्णा बैठा ग्राम भटवलिया थाना पांडु एवं द्वितीय पक्ष राजू रजक ग्राम+थाना मनातू चक के द्वारा न्यायालय में चल रहा है। जिसके समाधान के लिए उचित विचार विमर्श कर समस्या का समाधान करने को लेकर यह बैठक की गई थी। लेकिन बैठक में दूसरे पक्ष के परिवार का एक भी सदस्य इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। फिर भी प्रथम पक्ष ने समस्या के समाधान के लिए अपनी बातों को समाज के लोगों के सामने रखा । लेकिन दूसरे पक्ष की अनुपस्थित होने के कारण समाज के द्वारा कोई भी विशेष निर्णय नहीं लिया जा सका। जब तक दोनों पक्ष के लोग शामिल नहीं होते है। तब तक समस्या का समाधान होना असंभव है। बैठक में प्रमोद कुमार रजक, रंजीत कुमार, संजय कुमार बैठा, मनीष कुमार, रामजी बैठा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर कमिटी का गठन किया



**धुरकी।** प्रखंड के सदर पंचायत के कपूर्री चौक धुरकी में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय धुरकी पंचायत के कपूर्री चौक पर दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार को चर्चा किया गया, इसके बाद पूजा कमेटी का गठन किया गया बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से दिपु सिंह को अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार को सचिव हरिओम यादव को बनाया गया, उसके बाद लोगों को कमेटी का सदस्य बनाया गया चुने गए अध्यक्ष दिपु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम व सादगी तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान कपूर्री चौक के ही नवयुवक क्लब के युवाओं ने संघ के माध्यम से दुर्गा मां की प्रतिमा बनाने की पूरा खर्च निर्वहन करने का फैसला किया,और दशहरे के कार्यक्रम में भरपूर सहयोग करने की बात कही.इस मौके पर समाजसेवी दिपक सिंह,अभिषेक कुमार,तेजु कोरवा,विवेक सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नाटकीय तरीके से गायब नाबालिग लड़की वापस लौटी

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित जुटी मोड़ से गुरुवार को अचानक गायब हुई नाबालिग लड़की लौट आई है। नाबालिग लड़की के पिता की मानें तो उसकी पुत्री का अपरहण हुआ था और उसे लोहरदगा में रखा गया था। वहां उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया है। इसे देखते हुए पुलिस ने रविवार को सदर अस्पताल में उक्त नाबालिग लड़की का मेडिकल जांच कराई है। पुलिस की मानें तो यह मामला प्रथमद्दष्टया प्रेम प्रसंग का ही लगता है। किसी के झांसे में आकर नाबालिग लड़की उसके साथ चली गई। फिर पुलिस हरेक विंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।

पीड़िता नाबालिग के पिता की मानें तो कल्याणपुर के जुटी मोड़ से गुरुवार की शाम को उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया था। उसे एक काले शीशे वाले बोलेरो से लोहरदगा ले जाया गया था। वहां एक कमरे में उसे बंद रखा गया था। वहां दो अन्य लड़कियां भी अपहरण कर लाई गई थी। लेकिन अपहताओं ने लड़की का एनरायड मोबाइल को उसके पास ही छोड़ दिया था। तब लड़की ने गढ़वा में अपने परिवारवालों से बात कर अपहरण किए जाने व लोहरदागा में रखे जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद शनिवार को उक्त नाबालिग लड़की ने ट्रेन से गढ़वा रोड आने की बात कही तो उसके परिवारवालों के साथ गढ़वा थाना पुलिस भी वहां चली गई। फिर लड़की ट्रेन से उतर कर परिवारवालों व पुलिस के साथ गढ़वा आई। लेकिन उसकी कहानी को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है। लोग अपहरण की कहानी को पचा नहीं पा रहे हैं।

### जोबरईया गांव में महिला ने कीटनाशक दवा खाकर की आत्महत्या

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के जोबरईया गांव में एक महिला ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया। उक्त महिला वीरेंद्र पाल की पत्नी ममता देवी 25 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि ममता देवी को अपने सास ननंद से किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ था इसके बाद ममता देवी ने शनिवार की रात्रि कीटनाशक दवा खा लिया। इसके बाद परिजन द्वारा गंभीर स्थिति में उसे रविवार को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद लड़की पछ एवं मृतका के साथ के बीच सदर अस्पताल में आपस में काफी नोकझोंक होने लगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

**गढ़वा ।** दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तिवारी पूजा समिति के सदस्यों ने शनिवार को उमाकान्त तिवारी की अध्यक्षता पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु मां दुर्गा की प्रतिमा, विधिपूर्वक पूजन सजावट, सुविधा के संदर्भ में बैठक तिवारी रेस्ट हाऊस में आहूत की गई। बैठक में विचार विमर्श कर पंडाल की सजावट, साऊण्ड की सजावट, भक्ति जागरण गायन भक्ति मृत्य, फूल सजावट, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रमों को लेकर तिवारी पूजा समिति के सदस्यों को कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर उमाकांत तिवारी ने कहा कि माता दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना व पंचमी को हरिकीर्तन कार्यक्रम, सप्तमी को भक्ति जागरण, अष्टमी को देव देवी रूप सज्जा एवं डांडिया कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद प्राइज वितरण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर उमाकांत तिवारी के अलावे गोपाल प्रसाद कश्यप, मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह, चंदन सिंह, आशीष कुमार, टुनटुन, विनोद प्रसाद, शशि शेखर गुप्ता, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, राजन कश्यप, संजय तिवारी, ज्वाला तिवारी, आनंद पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

### सडक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** पांडु थाना क्षेत्र के मुरुमातु गांव निवासी बेलाल शाह का पुत्र सोनू शाह मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपने एक दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर पांडू बाजार जा रहा था। इसी बीच गांव में ही मोटरसाइकिल से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके बाद परिजनों के द्वारा उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

### टेंपो से गिरकर बेलचांपा गांव की महिला घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के बेलचांपा का निवासी वीरेंद्र पासवान की पत्नी नेहा देवी टेंपो से गिरकर घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नेहा गढ़वा किसी काम से आई हुई थी। वापस घर टेंपो पर सवार होकर जा रही थी। इसी बीच बेलचम्पा अपने घर पहुंचने से कुछ दूर पहले टेंपो से गिरकर घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों के द्वारा उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

---

विधायक ने किया बिशुनपुरा-नगरउंटारी पथ का शिलान्यास

# 10 करोड़ की लागत से होगा सड़क का निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुरा/गढ़वा।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को प्रखंड के पिपरी कला बाजार में बिशुनपुरा कोचेया मोड़ से नगर उंटारी तक 10 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क

▶ सरकार की गलत नीति के कारण बालू को लूटा जा रहा : विधायक



का शिलान्यास एव भूमिपूजन ग्रामीण राजदेव भुईया के हाथों कराया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज समाज एवं राज्य को विकास के बदले विनाश की ओर ले जाने वाली सरकार सत्तासीन है। जिससे चारों ओर हाहाकार मची हुई है। आज 10 करोड़ की लागत से जिस सड़क का निर्माण एवं सुद्दढ करण का शिलान्यास किया जा रहा है। जो पिछले 12वर्ष पूर्व मेरे ही कार्यकाल में बनाया गया था। लेकिन सरकार की गलत बालू नीति के कारण बालू को लूटने आये बाहर के लुटेरों ने सड़क को बर्बाद कर दिया। सड़क जर्जर होने के कारण लोगो को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था।सड़क बन जाने से लोगो को काफी सहूलियत होगी। प्रखंड की चिरपरिचित मांग कोठीलवा बांध को पाइपलाइन से जोड़कर खेतो में पानी पहुंचाने का कार्य जल्द ही शुरू होगा। इसके अलावे प्रखंड में इंटर तक कि पढ़ाई के लिए दो करोड़ की लागत से भवन के निर्माण की निविदा जल्द निकाली जाएगी। इसके पूर्व विधायक ने चितरी गांव स्थित चेडीदाई स्थान पर पूजा अर्चना किया। कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल यात्रा निकाल कर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा ने किया । कार्यक्रम को लक्ष्मन राम,भगत दयानंद यादव, उपेंद्र दास ने भी संबोधित किया। मौके पर विक्रांत सिंह, पंकज सिंह, जितेंद्र दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह, उज्ज्वल नारायण सिंह, अशोक पासवान,जय सिंह, श्रवण चौरसिया, अवध बिहारी गुप्ता, अवधेश चंद्रवंशी, मुकेश वियार,अवध सिंह,रूपेश सिंह,उदय साह,प्रवेश ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## छापेमारी में ट्रक पर लदा 25 टन गेहूं जब्त

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर के मजिस्ट्रेट अजय कुमार तिर्की एवं बीडीओ श्रवण राम ने शनिवार की शाम में एक ट्रक अनाज पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। इसकी जानकारी देते हुये बीडीओ श्रवण राम ने बताया कि डीएसओ सह गढ़वा एसडीओ साहब को नगर ऊंटारी से अनाज की कालाबाजारी किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर मजिस्ट्रेट अजय कुमार तिर्की के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जहां महदेईया में स्थित पेट्रोल पंप के पास अनाज लदा ट्रक को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक में 25 टन गेहूं लदा हुआ है। उक्त ट्रक रांची के तुपुदाना जा रही थी। बीडीओ ने बताया कि अनाज ऋतिक जायसवाल का बताया जा रहा है। चालक से अनाज से संबंधित कागजात की मांग की गई लेकिन मौके पर वह दिखा नहीं सका। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है। दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमिन कमेटी की बैठक, कार्यकारिणी कमेटी घोषित

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमिन कमेटी कि बैठक में नई कार्यकारिणी कि घोषणा कि गई। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी और पुर्व सदर अब्दुल रहीम अंसारी को मुस्लिम समाज के लिए किए गए कार्य को देखते हुए फिर से तीसरी बार रहीम अंसारी को अध्यक्ष एवं अखतर अंसारी को सचिव चुना गया। अध्यक्ष अब्दुल रहीम अंसारी ने कहा कि गांव में सभी समुदाय के लोगों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने का प्रयास रहेगा। मुस्लिम समाज के बच्चों का बेहतर शिक्षा देने और युवाओ को नशापान से दूर करने के लिए मुहीम चलाने कि बात कही। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगों ने अपने विचार रखें। मस्जिद के मोअजिन समशाद अंसारी ने कहा कि हम समाज के साथ मिलकर समाज की उन्नति के लिए काम करेंगे। बीते तीन साल में बहुत से कामों को कमेटी ने अंजाम दिया है। साथ कमेटी बहुत अच्छे से काम कर रही है। मुमताज अंसारी ने कहा कि अब्दुल रहीम अंसारी एंव अखतर अंसारी समाज के लिए बढ़-चढ़कर काम करते हैं।इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुमताज अंसारी एवं डाक्टर रमजान अंसारी ने दस्तारबंदी कर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर जमरूदीन अंसारी , हकीम अंसारी, गुलाम मोहम्मद अंसारी, बंदे अली अंसारी, अब्दुल कयूम अंसारी, अमानत अंसारी , जसद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही घटना पर भाजपाइयों ने चिंता व्यक्त की

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा नगर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर कुमार कनिष्क की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिन प्रतिदिन मुस्लिम समुदाय के द्वारा की जा रही घटना पर चिंता व्यक्त किया गया। बैठक में सदस्यों ने कहा कि दुमका की घटना अभी शांत हुई नही कि दूसरी घटना गढ़वा जिला के चितविश्राम में भाजपा समर्थक दीपक सोनी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई गई। सदस्यों ने कहा कि आग लगाने वाला व्यक्ति कसमुद्दीन अपराधी छवि का है। इस पर कई आपराधिक मामलों में पहले से थाना में केस दर्ज है। इसके बावजूद वह इस तरह का जघन्य अपराध करते जा रहा है। दीपक सोनी जैसा निर्दोष व्यक्ति को अपराधी पेट्रोल छिड़ककर आग लगा देता और थाना प्रभारी जले दीपक सोनी पर भी मुकदमा दर्ज कर देते है। इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ते जा रहा है। इस तरह की घटना नगर उंटारी के लिये चिंता का विषय बना हुआ है। इस घृणित कार्य का भाजपा मंडल कार्यसमिति पुरजोर निंदा करती है तथा पुलिस अधीक्षक से मांग करती है कि पीड़ित दीपक सोनी पर हुये मुकदमा हटाया जाये और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय। अगर दीपक सोनी को न्याय नही दिलाया गया तो भाजपा इसके खिलाफ आंदोलन करने के लिए विवश होगी। बैठक में पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिधेश्वर लाल अग्रवाल,जिला महामंत्री विकास स्वदेशी,जिला कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,संजय कांस्यकर, अविनाश कुमार,लाला पासवान, छोटू शुक्ला, नंदकिशोर प्रसाद, मंडल कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में उद्धार समारोह का आयोजन, बोले सिविल सर्जन

# पुरानी पेंशन लागू होना असाधारण कर्मचारियों की जीत

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पुरानी पेंशन सिस्टम लागू होने पर एनएमओपीएस स्वास्थ्य विभाग गढ़वा द्वारा रविवार को सदर अस्पताल के ओपीडी हाल में उद्धार समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुरनी पेंशन से लाभान्वित कर्मचारी व नर्स शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रुप में डीएमओ डा.कमलेश कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन फर्मासिस्ट संतोष कुमार मेहता ने की। मौके पर डीएमओ डा. कमलेश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन सिस्टम का लागू होना राज्य के सरकारी कर्मचारियों की लिए असाधारण जीत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए संघर्ष करनेवालों का प्रयास भी



अद्भुत रहा है। झारखंड राज्य पुरानी पेंशन सिस्टम लागू करने में अग्रणी राज्य बन चुका है। यह अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अच्छी जिंदगी जीना हमारा मौलिक अधिकार है। पेंशन बुढ़ापे की लाठी की तरह है। इससे बुढ़ापे में सहारा मिलेगा। किसी के पास एक बार बड़ी रकम मिल भी जाए तो प्रेम या डर के कारण उसे समाप्त होने में समय नहीं लगता है। ऐसे में बुढ़ापा काटना तब मुश्किल हो जाता है, जब कोई नियमित आय न हो। उन्होंने कहा कि पेंशन एक ऐसा ही सहारा है, जिसे देखकर अपने परिवार के लोग भी सहारा देंगे। समारोह को डा.दिनेश कुमार सिंह, डा. वीरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार यादव, अशोक कुमार सिन्हा, सारा हादी आदि ने भी संबोधित किया। संचालन विमलेश कुमार ने किया। इससे पूर्व आयोजकों ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर सुबोध कुमार सिंह,एनएनएम विद्यावती कुमारी, नैन कुमारी, शैलेंद्र कुमार, पद्मशेखर मिश्र, विनय कुमार, राजेंद्र राम, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

**चिकित्सकों ने समारोह से बनाई दूरी**

उद्धार समारोह में सदर अस्पताल के चिकित्सकों का शामिल नहीं होना चर्चा का विषय बना रहा। बताया जा रहा है कि सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा जारी एक आदेश से सदर अस्पताल के चिकित्सक नाराज चल रहे हैं। उद्धार समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार मुख्य अतिथि बनाए गए थे। हालांकि डा.अनिल कुमार कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। लेकिन सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने सिविल सर्जन की संभावित उपस्थिति को देखते हुए उद्धार समारोह से दूरी बनाने का पहले ही निर्णय ले लिया था।

पीड़ित परिवार के परिजनों से मिले झामुमो नेता, कहा

# दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चितविश्राम में शुक्रवार की शाम पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर युवक को मारने की कोशिश की घटना के बाद रविवार को झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान,पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ,झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी,प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने पीड़ित परिवार के घर जाकर मुलाकात किया. झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलकर घटना की कड़ी निंदा किया। उन्होंने कहा कि दीपक सोनी एवं उनके एक साथी पर जो मुकदमा किया गया है उसे वापस कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने नगर उंटारी डीएसपी से फोन पर बात भी किया।



उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी सहयोग होगा पीड़ित परिवार को दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि घटना काफी निंदनीय हैं, जो दोषी है उसपर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे। झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस घटना से हम सभी मर्माहत है। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई जात धर्म नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ सभी झामुमो कार्यकर्ता खड़ा हैं। जब भी जरूरत पड़े जानकारी होते ही हम सब जो सहयोग सम्भव हो उसके लिए तैयार है। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि कुछ राजनीतिक लोगों के द्वारा इस घटना को राजनीतिक तूल देने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन यहां की जनता काफी समझदार है इसके लिए हम चितविश्राम एवं नरही की जनता को धन्यवाद देता हूं.मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, निर्मल पासवान, लल्लू राम,सुरेंद्र गुप्ता, अमरनाथ पांडेय, कमलेश सोनी संजय पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# खेत में काम करने के दौरान विषैले जंतु काटने से वृद्ध की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के पंचायत भंडार गांव निवासी मालकुंवर सिंह का निधन विषैले जंतु के काटने से हो गया। परिजनो ने बताया कि मालकुंवर सिंह अपने खेत में काम कर रहा था। अचानक विषैले जंतु ने काट लिया और बेहोश होकर वही खेत में ही गिर गया। घर वालों ने आनन फानन उसे सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया वही इलाज के दौरान मालकुंवर सिंह का मौत हो गया। खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। वही घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। इसके परिवार वालों पर दुःख का पहाड़ टूट गया, घर में एक ही व्यक्ति कमाने वाला था। इसके

**परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन**

पीछे 4 पुत्र एवं 3 पुत्री है, किसी दूसरे का मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार वालों को जीवन पालन पोषण करता था। वहीं बुद्धिजीवी समाजसेवियों ने सांत्वना व्यक्त किया। मुखिया रधुनाथ सिंह ने संतावना ब्यक्त करते हुए कहा कि हर सम्भव मदद के लिए तत्पर हूं एवं सरकार से हर संभव लाभ दिलवाने की बात कही वहीं मालकुंवर सिंह को एक छलक देखने के लिए गांव वालों ने काफी संख्या में भिड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर रामप्रवेश राम,दिलीप राम, रामनाथ सिंह,जितन भुइंया, श्रवण सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चटनियां गांव में वज्रपात की घटना में दो व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां गांव निवासी संजीत साव का पुत्र हिमांशु साव, देवनाथ साव का पुत्र धर्मेंद्र साव वर्जपात की घटना में घायल हो गया है। दोनों घायलों को इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों लोग घर से कुछ ही दूरी पर खेत में एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अचानक तेज हवा के साथ वर्जपात की घटना हुई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए। बेहतर इलाज के सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है।

डंडई में दुर्गोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

# माता की प्रतिमा को भव्य रूप देने में जुटे कारीगर

मनीष कुमार

**डंडई।** वैश्विक महामारी कोरोना काल के 2 वर्ष बाद डंडई गांव में इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी जोर शोर से चल रही है । डंडई के देवी धाम स्थल पर इस वर्ष 59वां दुर्गा उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा । स्थानीय युवकों के द्वारा बनाए जा रहे पंडाल बिल्कुल रूप से कलकत्ता के पूजा पंडाल का प्रारूप होगा । 7 से 8 फीट ऊंची मां की प्रतिमा और 40 :5 के आकार में बना पूजा पंडाल भक्तों को दूर से ही लुभाएगा । साथ ही विद्वान पंडितो के राशिले भक्ति गीत भी एकम से दशमी तक उन्हें मोहित करने का काम करेगा। इतना ही नही रंग-बिरंग के डिजाइन युक्त रोशनी के बल्ब भी उन्हें लुभाते रहेगा । उक्त स्थल पर पिछले 58वर्षों से मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर उनका पूजा अर्चना करने



की परंपरा चली आ रही है । पूजा कमेटी के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पंडाल का निर्माण कार्य 20 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा । जबकि शिल्पकार की ओर से मूर्ति बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । पूजा कमेटी के अध्यक्ष महेश्वर राम ने बताया कि 59वां दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन में लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है ।

**अपनी जिम्मेवारियों को पूरा करने में जुटे है युवा**

ग्रामीणों के द्वारा दी गई जिम्मेवारी के अनुसार पूजा पंडाल को लेकर स्थानीय युवक भी सक्रिय हो गए हैं । उनके द्वारा पंडाल निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा कार्यक्रम के शुरूआत से अंत तक दो से ढाई लाख रुपए की राशि खर्च होने का अनुमान लगाया गया है । साथ ही कहा कि इस वर्ष पास पड़ोस के शिल्पकार के बजाय रंका प्रखंड के एक अनुभवी शिल्पकार को मां दुर्गे की प्रतिमा बनाने की जिम्मेवारी दी गई है । अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 से 8 फीट ऊंचाई का होगा मां की प्रतिमा । जबकि 40 : 5 के आकार का बनेगा भव्य पूजा पंडाल । बताते चलें कि जिस स्थल पर मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित की जाती है वहां की भूमि को वर्ष 1963 ईस्वी में गांव के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय बनारसी पांडे ,स्वर्गीय भूलन सिंह खरवार व स्वर्गीय मनु सिंह खरवार के द्वारा चिन्हित किया गया था । साथ ही उनके द्वारा 5 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दुर्गोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुरू कर दिया गया था । उसके बाद से यह परंपरा आज तक चलते आ रही है । इस बीच प्रदेश के पूर्व जल संसाधन मंत्री रामचंद्र केसरी के विधायक मद से वर्ष 2004 में उक्त स्थल पर एक कपूर्री चौपाल का निर्माण कराया गया । उसके बाद निर्मित उक्त चौपाल में ही मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर गांव घर के भक्तों के द्वारा प्रत्येक वर्ष दुर्गोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना करने का काम किया जाने लगा।

# प्रवासी मजदूरों की मौत का नहीं थम रहा सिलसिला, एक की फिर मौत



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के हरादाग कला निवासी उखमजी चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार चौधरी की मौत उड़ीसा मे बिमारी से हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार हरादाग कला के मुक्तिधाम में शनिवार की देर रात्री किया गया।दो वर्षो का लॉक डाउन, बढ़ती मंहगाई और सुखाड़ कि मार से मजदूर आर्थिक तंगी से बेहाल हैं इस क्षेत्र में सालो भर कोई काम नहीं मिलता जिस कारण इस क्षेत्र के मजदूर दूसरे राज्यों में मजदूरी करने जाने के लिए विवस हैं।अरुण कुमार भी रोजगार के लिए उड़ीसा गया था जहां मजदूरी कर परिवार वालो को पालन -पोषण कर सके। काम करने के क्रम में पेट मे दर्द की शिकायत के बाद काम के लिए ले गये ठीकेदार के द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। गांव मे मृतक के शव पहुंचते ही परिवार मे कोहराम मच गया ।

**जनप्रतिनिधि मौन**

मजदूर अपना और अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं जहां पर उचित इलाज नहीं होने और कोई अपना देखभाल करने वाला नहीं होने के कारण उनकी मृत्यु हो रही हैं। मजदूरों का शव दूसरे राज्यों से लगातार आ रहे हैं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौन धारण किये है।

## न्यूज गैलरी

### मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत विधायक ने सौंपा चेक



**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को मंगरा स्थित अपने आवासीय परिसर में मुख्यमंत्री राहत कोष तहत पीड़ित परिवार को 75000 का चेक सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के बेतला पोखरी निवासी कौशर बीबी गंभीर बीमारी कैंसर से पीड़ित है। कौशर बीबी ने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह से बीमारी हेतु मदद की गुहार लगाई थी। विधायक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से राहत कोष से राशि देने की अनुशंसा किया था। विधायक की अनुशंसा पर प्रदेश के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य मंत्री राहत कोष से 75000 का चेक उपलब्ध कराया था। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, दिलावर अंसारी, समसुल प्रेम कुमार सिंह पिंटू समेत कई लोग उपस्थित थे।

### भू-मापक अमीन प्रशिक्षण के लिए नामांकन प्रारंभ

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में भू मापक अमीन प्रशिक्षण का आयोजन सर्व शिक्षण सेवा संस्थान हजारीबाग के द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए नामांकन जारी है। संस्था के संचालक ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में अमिन का कार्य सभी प्रतिभागी कर सकते हैं। आगे बताया कि सामन्य लोगों के लिए प्रशिक्षण शुल्क 550 रुपये है। जबकी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग एवं महिलाओं के लिए 50 रुपये की विशेष छूट दी गई है। प्रशिक्षण लेने हेतु प्रतिभागी सिमरिया टंडवा रोड़ स्थित स्योर अचीवर एकेडमी में नामांकन के लिए व विशेष जानकारी के लिए प्रशिक्षण प्रभारी के मोबाईल 7091186947 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एनडीपीएस के फरार तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**कुंदा (चतरा)।** एनडीपीएस के फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस टीम ने जिले के कुंदा थाना क्षेत्र से छापेमारी कर गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त कार्रवई गुप्त सुचना के आधार पर थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने करते हुए अभियुक्त फुलेश्वर महतो पिता उदय महतो व बिगन गंझू पिता स्वर्गीय नली गंझू दोनों बधार एवं रामप्रवेश यादव पिता रामवृक्ष यादव जमुया को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त कुंदा थाने के एनडीपीएस एक्ट के तहत नामजद थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे। वहीं न्यायालय द्वारा वाररंट जारी किया गया था। जिसके आलोक में कार्रवई की गई।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रविवार को पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी बमबम कुमार नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव में छापामारी अभियान चलाकर कई घरों से शराब बरामद करने के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त सामनों को नष्ट कया। छापेमारी के क्रम में सिंघानी के लालकी माटी टोला निवासी जादो मोची पिता स्वर्गीय धनु मोची के घर से 40 लीटर अवैध महुवा शराब जब्त किया गया व लगभग 50 किलोग्राम जावा महुवा को नष्ट करते हुवे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि सिंघानी में अवैध शराब कारोबार की सूचना लगातार मिल रही थी, जिसके आलोक में वरीय पुलिस पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर कार्रवाई की गई। आगे श्री कुमार ने कहा कि अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान में एएसआई दिलीप यादव व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### सांगठनिक मजबूती के लिए मिलकर करना होगा प्रयासः नदकिशोर प्रसाद

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय मध्य देशीय हलवाई सभा की बरवाडीह इकाई की बैठक सामुदायिक भवन में जिलाध्यक्ष आनंद प्रसाद नंदू की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी .इस दौरान कमेटी के कोषाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद के द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि सामाजिक सांगठनिक मजबूती के लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। जब तक समाज के लोग जागरूक व शिक्षित नहीं होंगे। हमारा विकास संभव नहीं है। वही जिलाध्यक्ष आनंद प्रसाद ने कहा कि जिले के सभी पंचायत व प्रखंड कमेटी की मजबूती की दिशा में काम किया जाएगा. बैठक में बरवाडीह प्रखंड के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, बैजनाथ प्रसाद, विजय प्रसाद, अशोक प्रसाद,संजय प्रसाद संजू रविंद्र प्रसाद दीपक प्रसाद,रामनाथ प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद सोनू, यमुना प्रसाद, दिनेश प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, सहित कई लोग मौजूद थे।

### केंद्र सरकार की टीम व एसपी ने सुदूरवर्ती गांव का किया दौरा, कहा

# बुढ़ा पहाड़ को सिर्फ नक्सल मुक्त ही नहीं बनाना है बल्कि लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़ना है

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन ने हेठडीह, तिलैयाटांड़ व तिसिया के ग्रामीणों से बातचीत कर उनके हाल जाने तथा दिल्ली टीम द्वारा बुढ़ा नदी पहुंच कर पुल का निरीक्षण किया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन बुढा पहाड़ इलाके में रहने वाले ग्रामीणों का सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि पुलिस को बुढा पहाड़ का सिर्फ नक्सल मुक्त ही नही बनाना है। बल्कि इलाके के लोगो को भी मुख्यधारा से जोड़ना है। वैसे लोग जो नक्सलियों का विचारधारा के कारण प्रभावित हुए है। उन्हें शिक्षित करना है। उन्होने कहा कि बुढा पहाड़ पर माओवादियों के खिलाफ शुरू है।



उन्होंने की तिसिया व नावाटोली में सुरक्षाबलों का कैम्प कर रहे है ताकि नक्सलियों के चंगुल से क्षेत्र को मुक्त कर लोगो तक मूलभूत सुविधाएं मिल सके। जहां बुढा पहाड़ के सभी इलाके में सड़क, बिजली एवं सरकारी सुविधा गांव तक पहुच सके। लातेहार पुलिस ने अपने कप्तान एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में बुढा नदी पर 12 घण्टे में ही पुल कर लिया। यह सेतु बुढा नदी पर बना है। इस पुल के बन जाने से तिसिया व नावटोली के लोगो को आने जाने में आसानी हो रही है।

लातेहार एसपी अंजनी अंजन के इस प्रयास से गांव के लोगो मे भी खुशी का माहौल है।

बीमार होने पर नदी पर बाढ़ होने से हमें घंटो इंतजार करना पड़ता था। जो अब नही करना पड़ेगा। इस सम्बंध में ग्रामीण नेमपाल ब्रिजिया,निर्मली देवी, विजय नागेसिया, सिमान नागेसिया, सरस्वती देवी सहित अन्य ने बताया कि पुल की निर्माण हो जाने से बरसात के दिनों में लोगो को आवागमन के लिए काफी राहत हो गयी है ।लोगो को नदी में बाढ़ आ जाने से घंटो इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब नही करना पड़ेगा ।लोगों को कई बार इलाज के अभाव मौत हो चुकी हैं ।अब लोगों के लिये समय पर अस्पताल ले जा सकते है।

**पुल बनने से तिसिया,हेठडीह व तिलईटांड़ के लोगो मे खुशी की लहरः** तिसिया ,नावाटोली व हेठडीह गांव के ग्रामीणों में पुल बनने उत्साह है पुलिस ने इस इलाके में अभियान चलाकर यह सफलता पाई है ।इस पुल को बनाने में अधिकारी एवं जवान को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है ।पुल बन जाने के बाद तिसिया गांव के ग्रामीण बाजार करने के लिए बारेसांढ़ आना जाना करते है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी ने विक्रेताओं के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के चटनाही स्थित जय मां भवानी ट्रेड्स के सहयोग से अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने सीमेंट बिक्रेताओ को निर्माण में मजबूती तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण से संबंधित जानकारी दिया। इस मौके पर कंपनी के टेरेटरी सेल्स मैनेजर पलामू परमंडल मीनू सिन्हा ने कहा कि इस कंपनी का उद्देश्य सिर्फ आप के बाजारों में अपना व्यवसाय करना नहीं है बल्कि हर घर की बुनियाद मजबूत हो इसके लिए क्या-क्या चीजों की आवश्यकता है तथा इसकी इस्तेमाल कैसे करें इसकी भी जानकारी दी गई की कंपनी द्वारा लॉन्चिंग युटेक ऐप के माध्यम से सलाह और मदद कि जाती है जो फ्री हैं। टेक्निकल मैनेजर सुधांशु शेखर ने मकान में जंग रोधक घरों में कॉकरोच तथा दीवार में सीपेज तथा निर्माण करते समय सीमेंट की इस्तेमाल एवं अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया उन्होंने आगे बताया कि अल्ट्राटेक भारत का नंबर वन सीमेंट जो 360 डिग्री निर्माण संबंधित सलाह देती है जिसे भारत सरकार के द्वारा मान्यता दिया गया यह सीमेंट प्रतिवर्ष 120 मिलियन टन तैयार होती है जो भारत में सर्वाधिक है। मौके पर मौजूद सभी विक्रेताओं को कंपनी द्वारा बनाया गया यूटेक एप पर जाकर हर तरह की सुविधा लेने का अपील किया मौके पर चैनल रिलेशनशिप मैनेजर जितेंद्र सिंह,बिल्डिंग प्रोडक्ट डिवीजन के मार्केटिंग हेड धर्मेंद्र कुमार, टेक्निकल हेड अंकित कुमार तथा टेक्निकल एक्जीक्यूटिव अमरजीत कुमार टेक्निकल इंजीनियर जहांगीर सेख जय मां भवानी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अरूण जी और जिला के अन्य मुख्य व्यवसाई जितेंद्र कुमार, विकाश कुमार, टिंकू केसरी, सुनील प्रसाद,विनोद प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कोनी गांव में दीपक भूषण सिन्हा स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** रविवार को जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत कोनी गांव में दीपक भूषण सिन्हा फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सुजित भारती, आजसू नेता मनोज चंद्रा, मृत्युंजय सिंह, ऋषिबाला सिंह, योगेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता दिनेश यादव, अनिल सिंह, थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा, भरत साव, मुखिया रंजय भारती, राजद नेत्री प्रियंका वर्मा ने सर्वप्रथम दीपक भूषण सिन्हा के चित्र के आगे द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करने के उपरांत संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। टूनामेंट का पहला मैच मलकपुर बनाम अमझर के बीच खेला गया। इसके पूर्व दीपक भूषण सिन्हा की आत्म शांति हेतु एक मिनट का मौन धारण कर अतिथियों ने उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को याद कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजको को हर सम्भव मदद देने की बात कहते हुए बच्चों के शारीरिक विकास हेतु खेल से जुड़ने की बात कही।

### चोर गिरोह का पुलिस ने किया उद्भेदन

# दो बाइक-सोलर प्लेट व एक पंप सेट बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देशन में चोर गिरोह के विरुद्ध पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हंटरगंज थाना क्षेत्र से गिरोह के तीन चोर को गिरफ्तार करने के साथ गिरोह का उद्भेदन किया। साथ ही इसमें शामिल एक किशोर को निरुद्ध करते हुए बाल सुधार गृह भेजा गया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने देते हुए बताया कि हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सागासोत जंगल के पास 15 अगस्त के दोपहर में सुमित कुमार पिता मलिक चंद यादव लेंजवा-चतरा निवासी से अज्ञात चार अपराधियों के द्वारा मार-पीट कर मोबाइल एवं मोटरसाइकिल लूट ली गई थी। उसके बाद हंटरगंज थाना कांड 148/2022



अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान घटना में शामिल कैलाश चौधरी, पंकज कुमार व शिवरत कुमार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक किशोर को निरुद्ध किया गया। जबकी गिरफ्तार चोरों के निशानदेही पर लूटी गई दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल दो सोलर प्लेट, एक डीजल पम्प व अन्य चोरी किये समानों की बरामदगी की गई। विगत कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि हंटरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा रात में बैल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुवे पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस टीम ने चोर गिरोह के दो सदस्य को गिरफ्तार किया तथा दोनो के बयान व निशानदेही के आधार पर चोरी के बैल की बरामदगी के साथ तीसरे को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक शिवजी प्रसाद, नितेश दुबे, निरंजन कुमार, कृष्णा कुमार, सअनि गिरधारी सय व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### दिल्ली पुलिस ने अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने स्थानीय थाने के सहयोग से टंडवा थाना क्षेत्र के पोकला गांव में छापेमारी कर रविवार को अफीम तस्करी मामले (एनडीपीएस एक्ट) के आरोपी मो. इस्लाम पिता असीम मियां को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को दिल्ली पुलिस की टीम व्यवहार न्यायालय चतरा में प्रस्तुत कर गहन अनुसंधान के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग कर आरोपी को अपने साथ ले जाएगी।

### सीएलएफ के सक्रिय सदस्यों ने निकाली जागरूकता रैली



गिद्धौर( चतरा)। रविवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत संचालित सीएलएफ कार्यालय छः घरवा के सक्रिय महिला सदस्यों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सीएलएफ कार्यालय छः घरवा से पीआरपी सुनीता देवी व नीलम देवी के संयुक्त नेतृत्व में निकाल गई जो पुरे गांव व टोले का भ्रमण किया। इस दौरान समूह में जुड़े महिलाओं को समूह में जोड़ने और मिलने वाले लाभ से सभी को अवगत कराते हुए हक व अधिकार के लिए जागरुक किया। रैली में लेखा पाल शिला कुमारी, अजय कुमार, दिलीप कुमार, गीता देवी, रंजू देवी, संगीता देवी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

# पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीण

### पानी समस्या पर जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों ने साध रखा है मौन



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र मे शहर से लेकर गांव तक पेयजल के लिए एक साल से ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। बुंद बुंद पानी के लिए ग्रामीण दर दर भटक रहे हैं वहीं मुखिया, पंसस, जिप सदस्य, विधायक, सांसद समेत पदाधिकारी मौन धारण किए हुए हैं आलम यह है कि आम जनता को पानी के लिए गांवों में भटकना पड़ रहा हैं ।एक वर्ष से न खराब चापानल की मरम्मत हो रही है न ही जलमीनार को ठीक किया जा रहा हैं।

गांवों में लगातार चपानल और जलमीनार खराब हो रहे हैं, इसे ठीक करने के लिए कोई प्रयास होता भी नहीं दिख रहा है। गांव में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

**अपने आप को ठगा महसूस कर रहे ग्रामीण**

जनता के प्रतिनिधि मुखिया, पंसस, जिप सदस्य, विधायक, सांसद समेत पदाधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है सभी मौन धारण कर लिए हैं। किसी का ध्यान भी है और वे इन समस्याओं को उठाते भी हैं तो उनकी सुनी नही जा रही है। पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं से मुंह मोड़ लेने से समस्याओं से घिरे ग्रामीण जनता अपने आपको को अकेला और ठगा महसूस कर रहे हैं। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भुषाढ गांव का दौरा कर पेयजल की गंभीर संकट देखकर कहा कि चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत में एक वर्ष से करीब तीन दर्जन से अधिक चापानल व कई जलमीनार खराब हैं, यही स्थिति सभी पंचायतों की है, चापानल नहीं बनने से गांवों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। समस्या समाधान की मांग को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। वे कहते हैं कि यदि खराब पड़े चापानलों और जलमीनार को तत्काल दुरुस्त नहीं किया गया तो प्रशासन को गांवों में टैंकर से पानी पहुंचाना पड़ेगा।

# पत्रकारों के हितार्थ कदम उठाए झारखंड सरकार : रौशन गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** मौजूदा सरकार को पत्रकारों के हितार्थ कदम उठाने चाहिए । पत्रकारों के हित में सरकार को जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून, बीमा योजना , निबंधन, पेंशन मानदेय पर विचार करते हुए हितकारी योजनाओं को पारित करना चाहिए। उक्त बातें ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन लातेहार के जिला अध्यक्ष रोशन गुप्ता ने चंदवा के पथ निर्माण विभाग के सभागार में पत्रकारों के संबोधन में उक्त बातें कहीं उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार का ध्यान पत्रकारों के हित में नहीं है । हमें अपने हक और अधिकार को लेकर आंदोलन को मजबूत करना होगा। इधर बैठक में पत्रकार मित्रों ने एक दूसरे से अनुभवों को साझा किया



पत्रकारिता के दौरान होने वाली परेशानियों को भी साझा किया। जिस पर जिलाध्यक्ष ने साक्ष्य रखकर पत्रकारिता करने की बात कही। बैठक में चंदवा प्रखंड कमेटी तथा बालूमाथ प्रखंड कमेटी के जल्द विस्तार करने को चर्चा की गई। उक्त बैठक में मोहम्मद मुमताज, नरेंद्र कुमार, मुबारक आलम, टीपू खान, मोहम्मद शाहिद, बबलू खान, विवेक, राजेंद्र उरांव समेत अन्य पत्रकार शामिल रहे।

### विधायक से मिलकर ग्रामीणों ने रखी पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग

# जल्द होगा सड़क निर्माण कार्य शुरू : रामचंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के अति सुदूर व उग्रवाद प्रभावित लात पंचायत के 100 से अधिक ग्रामीणों ने मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में रविवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पहुंचकर पक्की सड़क निर्माण की मांग किया। विधायक ने ग्रामीणों को जल्द सड़क निर्माण शुरू करवाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के लाख ग्राम पंचायत जाने के लिए पगडंडियों व जर्जर रास्ता होने के कारण लोगों को आने जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने मुखिया ईश्वरी देवी, पूर्व मुखिया मंजू देवी, जग सहाय सिंह, पत्ताली तिवारी समेत अन्य ग्रामीणों ने विधायक रामचंद्र सिंह से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने अपने मांग पत्र में लाभर पुलिस से टोंगरी पुलिस



पिकेट तक पक्की सड़क निर्माण की मांग किया। ग्रामीणों का कहना था कि 13गांव व लगभग 14000हजार आबादी वाले लात पंचायत पहुंचने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है बरसात के दिनों में चलना भी लोगो का दुबर हो रहा है ऐसे में पक्की सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों की परेशानियां काफी बड़ी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग किया। इस पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा पीटीआर क्षेत्र होने के कारण सड़क बनाने में रुकावट उत्पन्न हो रही है जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि कालीकरण सड़क निर्माण होने से वनों का नुकसान होने का अनुमान है इसे देखते हुए अधिकांश जगहों में पीसीसी पक्की सड़क निर्माण कराया जाएगा. उन्होंने इस संबंध में वन अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही ग्रामीणों को सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, पूषण सिंह, संजय यादव, पताली तिवारी, विनोद सिंह समेत काफी संख्या में लात के ग्रामीणों उपस्थित थे।

### बरवाडीह में पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में रविवार को एक सादे समारोह में पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया गया. प्रखंड में मुख्यालय में पेट्रोल पंप नहीं रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था पेट्रोल पंप खुलने से लोगों को इस कमी से निजात मिलेगी। रविवार को प्रखंड के मुख्य सड़क में सीआरपीएफ कैंप के सामने कांग्रेस कोऑर्डिनेटर विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, एसडीपीओ दिलु लोहरा, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू ,थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। पूर्व में यहां से 10 किलोमीटर दूर केचकी पेट्रोल पंप से लोगों को पेट्रोल डीजल उपलब्ध होता था। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य संतोषी शेखर, अनिल कुमार सिंह, हर्ष किशोर अग्रवाल, अजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी के पत्थलगडा प्रखंड अध्यक्ष बने पुंकेश कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** रविवार को आम आदमी पार्टी की बैठक पत्थलगड़ा प्रखंड के लेम्बोइया पहाड़ी पर अवस्थित भगवती मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता आप नेता यतीन कुमार सहगल ने किया। बैठक में आम आदमी पार्टी के पत्थलगड़ा प्रखंड कमिटी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से पुंकेश कुमार को अध्यक्ष, रॉकी कुमार को उपाध्यक्ष, बलराम कुमार रवि सचिव, पवन कुमार रजक को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिदानंद पाण्डेय ने कहा की दिल्ली मॉडल को देखते हुवे एंव आप प्रमुख सह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विचार से प्रभावित होकर झारखंड में भी दिल्ली की तरह ही बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो इसी उदेश्य से यहां के



युवा लगातार आप से जुड़ रहे हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश रंजन, सचिव निर्भय सिन्हा, जिला प्रभारी आंशित जायसवाल, कार्यकर्ता चंदन कुमार रजक, उमेश कुमार, अनीश राणा, सुनील कुमार, पंकज पांडेय, प्रमोद कुमार, विशाल कुमार राणा, छोटेलाल ठाकुर, आलोक कुमार, रौशन कुमार, राजेश सुमन, मुकेश ठाकुर, पंकज कुमार, मुकेश राणा, आशीष कुमार, पंकज कुमार, विकास राणा, बबलू कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### अंबाटोली गांव में लक्ष्मी पूजा समिति की हुई बैठक, सोनू बने अध्यक्ष



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के बीरु स्थित अंबाटोली गांव में रविवार को लक्ष्मी पूजा समिति की आवश्यक बैठक आयोजन किया गया। जहां पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ लक्ष्मी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया जहां पर सर्व समिति से सोनू नायक को अध्यक्ष, सचिव गंगाधर लोहरा, कोषाध्यक्ष मिलाप नायक, उपाध्यक्ष भुनेश्वर राम, उप सचिव रंजीत नायक, उप कोषाध्यक्ष दिलभजन नायक, उपाध्यक्ष अशोक नायक तथा संरक्षक सोमरा नायक सुथार नायक, राजेंद्र नायक, नीलू बा महारथी नायक को बनाया गया। बैठक में अंकित, विकास, सोनू, राजन राजेश, सुरसेन, सुभाष, मनीष मनोज संजीव, मनजीत, रोहित, आनंद तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक में प्रोन्नति पर हुई विशेष चर्चा

**सिमडेगा।** स्थानीय परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ जिला शाखा की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में वर्ग 4 से वर्ग 3 में प्रोन्नति संबंधी मांग को लेकर चर्चा हुई। साथ ही कहा गया कि जब तक हमारे मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगी और इस आंदोलन में सभी लोगों की सहयोग रहेगा। मौके पर अध्यक्ष सुदामा साहू, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, कोषाध्यक्ष वेरोनिका लुगून राजकुमार, सबीना, मनी, जयंत, तेरेसा एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित हुए।

### गांधी मैदान के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से एक व्यक्ति घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप रविवार को सुबह 10 :00 बजे के करीब अज्ञात वाहन के धक्के से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की सूचना तत्काल 108 एंबुलेंस को दी जिसकी मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में उसे भर्ती कराया है ।मिली जानकारी के अनुसार डोंबाबीरा निवासी समरु सिंह हल्के नशे में अपने साइकिल से जा रहे थे इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया है साथ ही इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है।

### एक मालवाहक ट्रक में लगी आग

**सिमडेगा।** शहर के मेन रोड से गुजर रही एक मालवाहक ट्रक में लगी आग। हालांकि स्थानीय लोगों एवं दमकल के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। ट्रक में आग लगते ही नजदीक पर स्थित पेट्रोल पंप शंभू लाल एंड कंपनी के मालिक को जानकारी देने पर उनके द्वारा तुरंत अग्निशमन यंत्र भेजा गया जिससे आग पर काबू पाया गया। उसके तत्पश्चात तत्काल अग्निशमन विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए सूचना देते ही 5 मिनट के अंदर घटनास्थल में पहुंचकर आग को बुझाने का किया प्रयास।

### संत मोनिका एक दृढ़ निश्चयी थी : फादर पीटर



**सिमडेगा।** पल्ली पुरोहित फा पीटर मिंज ने कहा कि संत मोनिका निश्चय ही एक दृढ़ महिला थी। वह अपने आचरण से मजबूत थी। वह एक ऐसी महिला थी, जो एक पत्नी एवं माता के रूप में समाज में अपनी भूमिका से पूरी तरह वाकिफ थी। वह दृढ़ निश्चयी थी। संत मोनिका निश्चय ही एक सफल महिला की आदर्श हैं। ईश्वर ने उन्हें एक आदर्श माँ बनने एवं ईश्वर के समय का सम्मान करना सिखलाया। कार्यक्रम में अजित लकड़ा, प्रमिला कुजूर, शीतल एक्का, मुखिया अनिल उरांव, संदीप तिग्गा, नीला नाग, ज्योति,जॉनी आदि उपस्थित थे।

### कुल्लूकेरा में दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक, धूमधाम से मनाने का निर्णय

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत कुलुकेरा स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा समिति की आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विनय प्रसाद के द्वारा की गई। जहां पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाया जाएगा ।वहीं बताया गया कि यहां पर दुर्गा पूजा की स्थापना 1972 ईस्वी में हुआ था और इस वर्ष 50 वर्ष पूरा हो रही है। इस बिंदु पर चर्चा हुई जहां पर बताया गया कि इस बार नवरात्र पूजा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा षष्ठी तिथि के दिन सुबह 7 :00 बजे संगम तट से कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए पूजा पंडाल तक किया जाएगा एवं जलपान की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पूजा एवं पूरे कार्यक्रम का वीडियो रिकॉर्डिंग ऐतिहासिक तौर पर किया जाएगा। जिस पर सभी लोगों की सहमति हुई। वहीं बताया गया की पूजा में पूरे ग्रामीणों की भरपूर योगदान रहेगी। जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। मौके पर गांव के समस्त ग्रामीण उपस्थित हुए।

---



## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

# बच्चों में बचपन से ही भरे ईश्वर भक्ति का संस्कार : जया

- श्रीमद् भागवत कथा में जया किशोरी के भक्तिमय गीतों से सराबोर हुए भक्तगण
- काली कमली वाला मेरा यार है, 'सबसे ऊंची प्रेम सगाई' गीत पर झूमे भक्तगण
- कथावाचिका जया किशोरी ने कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा का महत्व समझाया



लोगों ने संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया।

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के ललित नारायण स्टेडियम में पिछले 5 सितंबर से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को भव्य समापन हो गया। इन 7 दिनों तक लोहरदगा समेत आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने भागवत रस का पान किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। जया किशोरी ने कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कथा मनुष्य को मुक्ति का मार्ग सिखाती है। मनुष्य की संगत उसका चरित्र निर्माण करती है, इसलिए कहा गया है कि आप हमें आपके दोस्तों के बारे में बताएं हम आपको आपके बारे में बता देंगे। कथा के पहले दिन से अंतिम दिन तक भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से मनुष्य को भक्ति और ज्ञान के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भागवत कथा में कथा वाचक जया किशोरी ने भागवत का सार से लोगों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए एकमात्र उपाय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण है। उन्होंने कहा कि ईश्वर के प्रति भक्ति का संस्कार बचपन में ही देना चाहिए।

### जयकारों व तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भक्तिमय



इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। प्रवचन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इधर भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को कथावाचिका जया किशोरी जी को नृत्य मंडली ने नृत्य व पुष्प वर्षा के साथ कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में लाया। भक्तों के जयकारों एवं तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को पगड़ी पहनाकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्दन किया। साहू परिवार ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना एवं आरती किया।

उन्होंने कहा कि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है, उसे जैसा चाहे वैसे ढाल सकते हैं। उन्होंने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरुप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है। वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है। इतिहास इसका साक्षी है। श्री वल्लभ विठ्ठल गिरधारी, यमुना जी की बलिहारी के साथ कथा प्रारम्भ की गई। कथा सुनने आये रांची विधायक सीपी सिंह का राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सुदामा के दरिद्रता से त्रस्त होकर पत्नी के आग्रह पर मथुरा पहुँचने का झांकी की प्रस्तुति की गई और भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि मित्रता प्रेम स्वरूप बिना स्वार्थ के निभाई जाए तो वह रिश्ता बहुत लंबे समय तक चलता है। वे बताती है कि द्वारकाधीश श्रीकृष्ण अपने मित्र के प्रेम में वसीभूत होकर चावल खाते हैं। उनके मित्र प्रेम को रुक्मिणी देखती रह गई। 'सबसे ऊंची प्रेम सगाई' सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। उन्होंने अपने भजन अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो, के दरपे सुदामा गरीब आ गया है। भटकते भटकते ना जाने कहा से तुम्हारे महल के करीब आ गया है भजन के गाते हीं भक्तों का जनसैलाब जय श्रीकृष्ण राधे राधे की आवाज से गूंज उठा।

वही जया किशोरी ने जरासंध वध कथा सुनते हुए बतलायी कि श्रीकृष्ण ने जरासंध का वध करने की योजना बनाई। योजना के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण, भीम और अर्जुन ब्राह्मण के वेष में जरासंध के पास पहुंच गए और उसे कुश्ती के लिए ललकारा। अखाड़े में राजा जरासंध और भीम का युद्ध कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से 13 दिन तक लगातार चलता रहा। 14वें दिन श्रीकृष्ण ने एक तिनके को बीच में से तोड़कर उसके दोनों भाग को विपरीत दिशा में फेंक दिया। भीम, श्रीकृष्ण का यह इशारा समझ गए और उन्होंने वहीं किया। इस तरह जरासंध का अंत हो गया। जया किशोरी इस स्यमन्तक मणि, जामवंती से श्री कृष्ण का विवाह आदि की कथा सुनाई। भागवत कथा सुनाते हुए राजा परीक्षित की कथा सुनाया गया जिसमें शुकदेव जी को छह दिन बीत गए और उनकी मृत्यु में बस एक दिन शेष रह गया। लेकिन राजा का शोक और मृत्यु का भय कम नहीं हुआ। तब शुकदेवजी ने राजा को एक कथा सुनाई एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। रात होने पर वह आसरा ढूंढ़ने लगा। उसे एक झोपड़ी दिखी जिसमें एक बीमार बहेलिया रहता था। उसने झोपड़ी में ही एक ओर मल-मूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था और अपने खाने का सामान झोपड़ी की छत पर टांग रखा था। उसे देखकर राजा पहले तो ठिठका, पर कोई और आश्रय न देख उसने बहेलिए से झोपड़ी में रातभर ठहरा लेने की प्रार्थना की बहेलिया बोला, मैं राहगीरों को अकसर ठहराता रहा हूं। लेकिन दूसरे दिन जाते समय वे झोपड़ी छोड़ना ही नहीं चाहते। इसलिए आपको नहीं ठहरा सकता। राजा ने उसे वचन दिया कि वह ऐसा नहीं करेगा। सुबह उठते-उठते उस झोपड़ी की गंध में राजा ऐसा रच-बस गया कि वहीं रहने की बात सोचने लगा। इस पर उसकी बहेलिए से कलह भी हुई। वह झोपड़ी छोड़ने में भारी कष्ट और शोक का अनुभव करने लगा। कथा सुनाकर शुकदेव ने परीक्षित से पूछा क्या उस राजा के लिए यह झंझट उचित था? परीक्षित ने कहा वह तो बड़ा मूर्ख था, जो अपना राज-काज भूलकर दिए हुए वचन को तोड़ना चाहता था। वह राजा कौन था? तब शुकदेव ने कहा परीक्षित वह तुम स्वयं हो। इस मल-मूत्र की कोठरी देह में तुम्हारी आत्मा की अवधि पूरी हो गई। अब इसे दूसरे लोक जाना है। पर तुम झंझट फैला रहे हो। क्या यह उचित है? यह सुनकर परीक्षित ने मृत्यु के भय को भुलाते हुए मानसिक रूप से निर्वाण की तैयारी कर ली और अंतिम दिन का कथा श्रवण पूरे मन से किया और मोक्ष को प्राप्त किया। अंत में महाआरती के साथ सात दिनों तक चलनेवाले श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया।

### रांची के विधायक सीपी सिंह और श्रद्धालुगण हुए शामिल



**श्रीमद्भागवत कथा** कार्यक्रम में रांची के विधायक सीपी सिंह, स्थानीय साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, उदय शंकर प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, सरिता साहू, मनु साहू, संजय साहू, सबिता साहू, राहुल साहू, वंदना साहू, दुर्गेश साहू, हर्षित साहू, रुचि साहू, राजश्री साहू, हंसा साहू, सौरभ साहू, शेरी मुनी साहू, मिली साहू, रितेश साहू, नवीन गुप्ता, दिनेश साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, हजारीबाग से जयशंकर पाठक, डाल्टेनगंज से ज्ञान शंकर, ओमप्रकाश सिंह, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल, सुखैर भगत, राजेन्द्र खत्री, संदीप कुमार, लाल मोहन प्रसाद केशरी, मोहन दुबे, कंवलजीत सिंह, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव, राजेश महतो, सुधीर अग्रवाल, संजय महाराज, प्रमोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, बंटू जयसवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, दिग्गज कुमार सिंह, सतीश विश्वकर्मा, हिमांशु कुमार, जयप्रकाश शर्मा, सहित शहर के भक्त जन उपस्थित थे।

---

### अंतर संकुल प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को मिला तीसरा स्थान

**सिमडेगा।** अंतर संकुल प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को तीसरा स्थान मिला। श्री हरि वनवासी विकास समिति रांची द्वारा गुमला जिले के कुम्हारी में अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस प्रतियोगिता में चार संकुल के 15 विद्यालयों ने हिस्सा लिया ।जिसमे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा की ओर से कृति अग्रवाल, प्रवीण प्रधान, आदित्य राज सोनी ने हिस्सा लिया जोरदार चले इस मुकाबले में 15 वें राउंड तक बने रहने के बाद विद्यालय की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे बडे. प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करना भी एक बड़ी उपलब्धि है उन्होंने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।बताया गया कि सलडेगा कि टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी प्रधानाचार्य ने सभी को आगे की प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी करने को कहा।

# किस्को थाने के समीप दर्जन भर से अधिक वाहनों का काटा गया चालान

## किस्को थाना के समीप चला वाहन जांच अभियान, चालकों में मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को थाना के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी के आदेशानुसार सभी दो पहिया व तीन पहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान जांच टीम के द्वारा एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल एवं आटो के कागजात की जांच पड़ताल किया गया। मौके पर बगैर लाइसेंस, इंश्योरेंस व अन्य सभी कागजों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान जिन वाहन चालकों के द्वारा वाहनों के मूल दस्तावेज नहीं दिखाये जाने पर वाहनों को सीज कर चालान काटा गया। बताते चलें कि किस्को थाने के समीप चालाये गये वाहन जांच अभियान से मोटरसाइकल चालक व आटो चालकों में हड़कंप मच गया। इस बीच बहुत से वाहन



चालक अपने वाहन को इधर उधर से लेकर भागते नजर आये। बता दें कि सरकार व परिवहन विभाग लोगों की सुरक्षा हेतु लोगों को व्यापक रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को जागरुक करने का सराहनीय प्रयास किया करते हैं परंतु वाहन चालक सरकार और परिवहन विभाग के आदेशों का अनुपालन नहीं कर मुसीबत के घेरे में पड़ जाते हैं। लोग सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों का सख्ती से अनुपालन करें तो आये दिन होने वाली घटनाक्रम में अंकुश लगाया जा सकता है। इधर परिवहन विभाग लोगों के हित में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित भी किया करते हैं फिर भी लोग नियम का उलंघन कर वाहन का परिचालन किया करते हैं। जिससे लोगों को अकारण मौत के गाल में समाना भी पड़ता है। इधर किस्को थाने के समीप चलाये गये वाहन जांच अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ भी पढाय़ा गया। मौके पर अमरेश कुमार, किस्को थाना के एएसआई विपिन बिहारी कुंवर, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## 22वीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन, रांची ओवरऑल चैंपियन

# लड़कियों के लिए वरदान है ताइक्वांडो : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 22 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 215 अंक लेकर रांची चैंपियन रहा, मेजबान लोहरदगा 154 अंक के साथ रनर रही। वहीं 119 अंक लेकर ईस्ट सिंहभूम तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिले के 600 खिलाड़ी शामिल हुए। फाइटिंग और पुमसे का बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्च मैडल पर कब्जा जमाया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन लोहरदगा एसपी सह जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष आर रामकुमार ने खिलाड़ियों को मैडल देकर किया। एसपी ने कहा कि मार्शल आर्ट के क्षेत्र में ताइक्वांडो एक बेहतर कला है। लड़कियों के लिए वरदान है ताइक्वांडो। इस खेल के माध्यम से शारीरिक स्फूर्ति के साथ राष्ट्रीय - अंतराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखार कर राज्य और देश का नाम रौशन करें यही आप तमाम खिलाड़ियों से अपील है। वहीं सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति और झारखण्ड ताइक्वांडो संघ को बधाई दी। ताइक्वांडो प्रतियोगिता के रेफरी और राज्य के विभिन्न जिले के प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, संयुक्त सचिव मिथलेश सिंह, रेफरी इंचार्ज अमर बाउरी, तकनीकी निदेशक लोहरदगा पारस साहू, लोहरदगा जिला सचिव अजय महतो, उपाध्यक्ष राजेश महतो, राहुल बाउरी, उमेश प्रजापति, स्मिता तिवारी,वैशाली तिवारी, रितेश कुमार, अरविंद कुमार आदि की महत्पूर्ण भूमिका रहा।

---

## लोहरदगा में लव-कुश जयंती समारोह का आयोजन

# आरक्षण में वादाखिलाफी कर रही है सरकार : विधायक लंबोदर महतो

- लव-कुश समाज के पृष्ठभूमि गौरवशाली: हकीम महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय नगर भवन में रविवार को लव कुश जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम महतो, विधायक लंबोदर महतो, मुकुटधारी महतो, अजय कुशवाहा, चूड़ामणि महतो, अर्जुन कुमार दांगी, राजेश महतो, अभय महतो, राजकिशोर महतो, दिलीप दांगी, लक्ष्मण महतो राजेश खन्ना लक्ष्मण ओहदार आदि अतिथियों ने लव कुश की आरती कर सामूहिक दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत किया। बरही चौक से शोभा यात्रा और मोटरसाइकिल जुलूस निकाल कर शहर का परिभ्रमण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गर्मजोशी से पुष्पगुच्छ से किया गया। कार्यक्रम में लव कुश समाज के संगठित, शिक्षित और जागरूक होकर राजनीतिक भागीदारी निभाने के लिए ऊर्जा भरा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम महतो ने कहा कि लव कुश समाज की पृष्ठभूमि गौरवशाली रही है। पुरुषोत्तम राम के वंशज लव कुश समाज वर्तमान में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ गए हैं ।समाज के उत्थान और विकास के लिए शिक्षा के साथ राजनीतिक चेतना लाने की जरूरत है। संगठित होकर लव कुश समाज अपने गौरवशाली इतिहास को दोहरा सकता है। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा झारखंड राज्य में बड़ी आबादी लव कुश समाज की है बावजूद सरकार आरक्षण का लाभ से इस समाज को वंचित रखा है। वर्तमान में लव कुश समाज को शिक्षित और संगठित होकर राजनीतिक भागीदारी निभाने का संकल्प लेना होगा। महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन कुमार दांगी ने समाज के युवाओं को संगठित होकर सामाजिक परिवर्तन लाने में भागीदारी निभाने की अपील किया। हजारीबाग के मुकुट धारी महतो ने कहा कि लव कुश समाज को जगाने का बीड़ा जागरूक लोगों द्वारा उठाया गया है ।इसमें सफलता निश्चित मिलेगी। अजय कुशवाहा ने कहा शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन होगा। समाज शिक्षा को हथियार बनाएं। महेश सिंह सांवरिया ने कहा कि समाज के आने वाली पीढ़ी को संगठित कर शिक्षित करने का संकल्प लें। राजकिशोर महतो ने कहा लव कुश समाज को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होकर संगठित होने की जरूरत है। समाज में एक दूसरे का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाएं। अभय महतो ने कहा लव कुश समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए संगठित होना जरूरी है। जयंती समारोह के दौरान समाज के बालक बालिकाओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति किया गया। मंच से लव कुश समाज के मेधावी बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोहरदगा कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष शैलेश कुमार ने किया। जबकि मंच का संचालन और स्वागत राजकिशोर महतो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र महतो, चंद्रशेखर मेहता, पंकज महतो, ललित महतो, विजय विकी, सीताराम महतो, उदय महतो, जितेंद्र महतो, संजीव कुशवाहा, गुलशन कुमार ,संजय महतो, विकास महतो, ओम महतो, स्नेह कुमार, संजू महतो, ओम महतो, दिलीप सिंह ,हर्ष नाथ महतो, प्रकाश महतो समेत शहरी और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## रायडीह में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

# आंदोलनकारियों से हेमंत सोरेन का अभिमान हैं, सम्मान व अधिकार दे : पुष्कर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला की बैठक रविवार को रायडीह में हुई। बैठक में झारखंड आंदोलन के अगुआ शहीद सीपी तिर्की की आदमकद प्रतिमा लगाने व गजट में उनका नाम प्रकाशित करने की गांग की गई। साथ ही राज्य गठन की तिथि 15 नवंबर 2000 से झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी को समान रूप मान-सम्मान, पहचान, पेशन व नियोजन देने की मांग सरकार से की गई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार का अभिमान झारखंड आंदोलनकारियों से है। जांच अधिनियम 1952 के तहत स्वतंत्रता सेनानी व जेपी आंदोलन कारी चिन्हित हुए है, झारखंड आंदोलन




करियों का भी चिन्हितीकरण उसी अधिनियम से हो रहा है राज्य सरकार इसका पालन सख्ती से करते हुए, समान रूप से राजकीय मान-सम्मान, अधिकार, पहचान व नियोजन दे। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के इतिहास पर वृत्तचित्र, फिल्म व पाथक्रम को शामिल किया जाए। झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों की सीधी बहाली करे सरकार। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मनोज कुमार भगत ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए स्वयं लड़नी है। एकजुट होकर पुनः संघर्ष करना है। 10 नवंबर को सैकड़ों की संख्या में गुमला जिला के आंदोलनकारी गण को पहुंचना है। झारखंड अलग के लिए गुमला जिला के आंदोलनकारियों ने संघर्ष करते हुए शहादत दिए है लेकिन आज हमलोग पहचान के मोहताज है। सरकार गंभीर हो, सभी को सम्मान और अधिकार दे। झारखंड आंदोलनकारी सुकरू उरांव उर्फ शशिकांत ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की आवाज बने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। संयोजक खोरस केरकेट्टा ने कहा कि अपने संघर्ष के इतिहास को हम आंदोलनकारी मिटने नहीं देंगे। बैठक में बेंजामिन केरकेट्टा, विजय, दुर्गा उरांव, बेरनाट मिंज, चौतू उरांव, प्रकाश खलखो, पतरस टोप्पो, सुशील खड़िया, जेंडर, जीतराम उरांव, दुटिया मुंडा शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### चांदी में 2818 रुपये की तेजी, सोना फिसला



मुंबई। विदेशी बाजारों की तेजी से समर्थन पाकर बीते सप्ताह घरेलू सरार्फा बाजार में चांदी में 2818 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी रही वहीं मांग फिसलने से सोना 87 रुपये प्रति दस ग्राम की मामूली गिरावट पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 6.19 डॉलर प्रति औंस मजबूत होकर सप्ताहांत पर 1716.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी सोना वायदा भी 1.65 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1712.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.71 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 18.74 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सप्ताहांत पर सोना 87 रुपये फिसलकर 50413 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। वहीं, इस दौरान सोना मिनी 111 रुपये की तेजी के साथ 50501 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में चांदी 2818 रुपये महंगी होकर 55718 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी मिनी भी 1011 रुपये की बड़ी साप्ताहिक बढ़त लेकर सप्ताहांत पर 55270 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### खाद्य तेल सस्ता, दाल-दलहन में घटबढ़

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में पाम ऑयल के दाम में भारी गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल सस्ते हो गए वहीं दाल-दलहन की कीमतों में घटबढ़ रही। तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 280 रिंगिट टूटकर 3550 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी सप्ताहांत पर 0.06 सेंट फिसलकर 63.94 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 147 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये, सोया रिफाइंड 148 रुपये और पाम ऑयल 366 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता रहा जबकि वनस्पति तेल में 852 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19413 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 20000 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15237 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15237 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

### डेल्टा ने 10 लाख से अधिक ईवी चार्जरों की आपूर्ति की

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पावर और थर्मल मैनेजमेंट सोल्यूशंस की प्रमुख कंपनी डेल्टा ई-मोबिलिटी सेक्टर में तेजी से आग बढ़ रही और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के चार्जिंग समाधानों में एक प्रमुख लीडर के तौर पर, इसने एशिया, अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये हैं। कंपनी ने दुनिया में ई-मोबिलिटी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए 2011 से उपभोक्तओं को 1,000,000 से ज्यादा ईवी चार्जर्स की शिपिंग की है। मौजूदा समय में डेल्टा यूरोप, यूएसए और एशिया में विश्व के प्रमुख ईवी ऑटोनिमार्ताओं को पावरट्रेन और ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली प्रदान करता है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उच्च दक्षता की पावर टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता रखने वाली डेल्टा पिछले करीब एक दशक से दुनिया भर को ऊर्जा बचाने में सक्षम ईवी चार्जिंग सोल्यूशंस प्रदान कर रही है। 2020 में डेल्टा ने योकोहामा में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए स्टेशन स्थापित करने के लिए जापान की कंपनी इदेमित्सु कोसन कंपनी लिमिटेड के साथ समझौता किया था। डेल्टा और इदेमित्सु ने एक पुराने गैस स्टेशन को ईवी चार्जिंग स्टेशन में बदल दिया। इसमें एक कैफे भी था। ईवी चार्जिंग स्टेशन का संचालन ह्यपार्क एंड चार्ज थीम के तहत होता था। इसमें एक स्मार्ट रिटेल एनर्जी के इकोसिस्टम को सक्षम किया गया है, जोकि डेल्टा की एनर्जी स्टोरेज, पावर कंडीशनिंग सिस्टम, ईवी चार्जर्स, डेल्टा ग्रिड आईटी एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम और डेल्टा रिटेस ईओटी सोल्यूशन को एकीकृत करता है।

# महिंद्रा लाइफस्पेस 3,000-4,000 करोड़ रुपये की बिक्री वाले जमीन के हिस्से को खरीदेगी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स चालू वित्त वर्ष में 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये की बिक्री संभावनाओं वाले जमीन के टुकड़े खरीदेगी। कंपनी ने कहा है कि वह यह जमीन या तो सीधे या भू-स्वामियों के साथ भागीदारी में हासिल करेगी। महिंद्रा समूह की इकाई मुंबई की महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लि. देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) हाल में एक अरब डॉलर या करीब 8,000 करोड़ रुपये पर पहुंचा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद सुब्रमण्यम ने पीटीआई-भाषा साक्षात्कार में कहा कि कंपनी विस्तार के लिए अपने कारोबार के तीन प्रमुख शहरों मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे और बेंगलुरु में नए जमीन के टुकड़े खरीदने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने पहले ही एक जमीन का टुकड़ा खरीदा है। इसका सकल विकास मूल्य (जीडीवी) 1,700 करोड़ रुपये है। सुब्रमण्यम ने कहा, पिछले साल हमने नए भूमि अधिग्रहण के लिए 2,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया था। ये सभी आंकड़े जीडीवी में है। यानी यह जमीन अधिग्रहण की लागत नहीं बल्कि नई जमीन से हासिल होने वाला बिक्री मूल्य है। पिछले वित्त वर्ष में हमने 3,800 करोड़ रुपये का जीडीवी हासिल किया। चालू वित्त वर्ष में हम 1,700 करोड़ रुपये का जीडीवी हासिल कर चुके हैं। चालू वित्त वर्ष में भी हम कम से कम पिछले साल का आंकड़ा हासिल करेंगे।

## रूस की सबसे बड़ी कोयला कंपनी भारत में खोलना चाहती है दफ्तर

**नई दिल्ली।** रूस की सबसे बड़ी कोयला कंपनी साइबेरियन कोल एनर्जी कंपनी भारत में अपना दफ्तर खोलना चाहती है। इसकी वजह यह है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से पिछले कुछ महीने में यूरोपीय देशों ने रूस पर कारोबारी प्रतिबंध लगाया है। उसके बाद साइबेरियन कोल एनर्जी कंपनी को भारत निर्यात के लिहाज से बेहतरीन बाजार दिख रहा है। साइबेरियन कोल एनर्जी लिफ्ट कंपनी के सीईओ मैक्सिम बसोब ने कहा है कि वह भारत में जल्द ही अपना दफ्तर शुरू करने की योजना बना रहे हैं। बसोब ने कहा है कि साइबेरियन कोल एनर्जी अब तक भारत को रूसी कोयले का कम निर्यात करती रही है। साल 2022 के पहले 6 महीने में भारत ने रूस से 1.125 मिलियन टन कोयला मंगाया है।

## एफआईआई ने बाजार में किया 3837 करोड़ से अधिक का निवेश

**मुंबई (एजेंसी)।** महंगाई की मार झेली रही पूरी दुनिया में ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी से उत्साहित विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निवेश के सुरक्षित गंतव्य भारतीय शेयर बाजार में इस वर्ष सितंबर में अबतक 3837.56 करोड़ रुपये डाले वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) 69.71 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। स्टॉक एक्सचेंज से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 09 सितंबर तक एफआईआई ने 51647.28 करोड़ रुपये की लिवाली की जबकि वह 47809.72 करोड़ रुपये के बिकवाल भी रहे। इसी तरह डीआईआई ने 44296.51 करोड़ की लिवाली जबकि 44366.22 करोड़ रुपये की बिकवाली कर बाजार से 69.71 करोड़ रुपये निकाल लिए है। सितंबर की पहली तारीख को एफआईआई ने 11907.28 करोड़ की लिवाली जबकि 14197.59 करोड़ बिकवाली कर 2290.31 करोड़ रुपये, इसके अगले दिन 6332.11 करोड़ की लिवाली जबकि 6340.90 करोड़ की बिकवाली कर 8.79 करोड़ रुपये और 05 सितंबर को 4849.29 करोड़ निवेश जबकि 5661.04 करोड़ की बिकवाली कर 811.75 करोड़ रुपये निकाल लिए। वहीं, इसके अगले दिन उन्होंने 6467.47 करोड़ की लिवाली जबकि 5322.94 करोड़ की बिकवाली कर 1144.53 करोड़ रुपये, 08 सितंबर को 8592.21 करोड़ की लिवाली जबकि 5679.12 करोड़ की बिकवाली कर 2913.09 करोड़ तथा 09 सितंबर को 6853.42 करोड़ की लिवाली वहीं 4721 करोड़ की बिकवाली कर 2132.42 करोड़ रुपये के शुद्ध लिवाल रहे।

# एफआईआई का निवेश जारी रहा तो जल्द नई ऊंचाई छूयेगा शेयर बाजार



मुंबई (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी के दबाव के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की जबरदस्त लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में कमी की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार में यदि एफआईआई का निवेश जारी रहा तो सेंसेक्स और निफ्टी जल्द ही नई ऊंचाई को छूएंगे। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेद सूचकांक सेंसेक्स 989.81 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 59793.14 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 293.9 अंक की तेजी के साथ 17833.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की दग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 473.31 मजबूत होकर सप्ताहांत पर 25937.22 अंक और स्मॉलकैप 727.92 अंक चढ़कर 29528.74 अंक हो गया। आधिकारिक स्त्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह एफआईआई ने बाजार में कुल 6948.41 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की लेकिन सोमवार को वह 811.75 करोड़ रुपये के बिकवाल भी रहे, जिससे इनका शुद्ध निवेश 6136.66 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह सितंबर माह में अबतक वे 3837.56 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली कर चुके हैं वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक 69.71 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे हैं। इस वर्ष पिछले छह महीने के बाद अगस्त में शुरू हुई एफआईआई की लिवाली लगातार जारी है। इस महीने एफआईआई ने बाजार में 22025.62 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया जबकि घरेलू निवेशकों ने 7068.63 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

## उथल-पुथल के दौर में स्थिर है भारत की अर्थव्यवस्था, ग्लोबल ग्रोथ में योगदान सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** दुनिया के विकसित देशों जैसे यूएस, यूके और इयू की अर्थव्यवस्थाओं को पिछले कुछ महीनों से भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण इन देशों की अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा बना हुआ है। दूसरी तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है। जानकार इसे भारत की उपलब्धि के तौर पर देख रहे हैं और उनका कहना है कि केंद्र सरकार की विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति के कारण आज देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले कम महंगाई दर है और देश तेजी से विकास कर रहा है। अमेरिकी वित्तीय संस्था मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2022- 23 के लिए भारत की औसत विकास दर 7 फीसदी रह सकती है, जो कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। साथ ही कहा कि एशिया में भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# चीन की फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ मुख्य साजिशकर्ता चीनी नागरिक गिरफ्तार



### जानकारी मिलने के बाद गंभीर हुई सरकार

मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि चीन की फर्जी कंपनियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को इसकी जांच करने के लिए सौंपा गया। कुल मिलाकर 32 फर्जी चीनी कंपनियों की जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गयी।

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश कारोबार कर रही चीन की फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ करते हुए इसके मुख्य साजिशकर्ता एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधीन कार्यरत गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने बिहार के रास्ते सड़क मार्ग से देश से भागने की कोशिश कर रहे चीन के नागरिक जिलियान ड्रोस्टे को कल गिरफ्तार किया। मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में बताया कि चीन की फर्जी कंपनियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को इसकी जांच करने के लिए सौंपा गया। कुल मिलाकर 32 फर्जी चीनी कंपनियों की जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गयी जिसमें इसके मुख्य साजिशकर्ता इस चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि हांगकांग की कंपनी जिलियान हांगकांग लिमिटेड की गुरूग्राम स्थित भारतीय इकाई जिलियान कंस्टलटेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु की फिनिटी प्राइवेट लिमिटेड और हैदराबाद की कंपनी हुसिस कंस्लटिंग लिमिटेड पर छापेमारी की कार्रवाई की गयी जिसके बाद चीनी नागरिक ड्रोस्टे देश छोड़कर भागने के लिए बिहार के दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंच गया।

## 2022-23 में वाणिज्यिक वाहन उद्योग की वृद्धि दो अंक में रहने की उम्मीद: टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा मोटर्स को उम्मीद है कि वाहन ऋण पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहन उद्योग की बिक्री दो अंक में बढ़ेगी। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने बताया कि बुनियादी ढांचे में सरकार द्वारा किए जा रहे निवेश, देश में धीरे-धीरे बढ़ती खपत और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि जैसे कारकों के चलते वाणिज्यिक वाहन उद्योग को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि ये कारक भारी मुद्रास्फीति और बढ़ी हुई ब्याज दरों पर भारी हैं। उन्होंने कहा, वास्तविक मांग अनुकूल और प्रतिकूल कारकों के शुद्ध परिणाम के आधार पर बनेगी। इसमें मुद्रास्फीति और ब्याज दरें प्रतिकूल कारक हैं।'' वाघ ने अनुकूल कारकों का उल्लेख करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे में सरकार द्वारा निवेश, देश में धीरे-धीरे बढ़ती खपत और ई-कॉमर्स जैसे अंतिम उपयोग के क्षेत्रों में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दे रही है। उन्होंने साथ ही कहा कि बढ़ती माल ढुलाई दरों से भी सकारात्मक संकेत मिल रहा है और ट्रांसपोर्टर विश्वास सूचकांक भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि प्रतिकूल और अनुकूल कारकों को मिलाकर इस साल उद्योग दो अंक की वृद्धि दर्ज कर सकता है। हमें चालू वर्ष के दौरान वाणिज्यिक वाहन उद्योग में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद करनी चाहिए।

# अनिल अंबानी की बढ़ी मुश्किलें, रिलायंस कैपिटल के शेयरों की वैल्यू हुई जीरो



> दिन प्रतिदिन अनिल अंबानी की मुश्किालें बढ़ती ही जा रही हैं। शेयरों की वैल्यू जीरो हो जाने के बाद निवेशक पूरी तरह असमंजस में हैं। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है। रिलायंस कैपिटल काफी समय से कर्ज में फंसी थी।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस कैपिटल के शेयरों की वैल्यू जीरो हो गई है। यह अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की कंपनी है। इसमें कारोबार रोक दिया गया है। डीमैट से सभी शेयर डेबिट कर दिए गए हैं। इस कंपनी में पब्लिक शेयर होल्डिंग 94 फीसदी से ज्यादा थी। इसका मतलब यह हुआ कि सबसे ज्यादा नुकसान रिटेल निवेशकों को हुआ है। रिलायंस कैपिटल के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक ने एनसीएलटी का रुख किया था। यह कदम कंपनी को दिवालिया घोषित करने की प्रक्रिया के तहत उठाया गया था। रिलायंस कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज देने वाली कंपनी थी। इसकी प्रमोटर रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह है। रिलायंस कैपिटल मिडकैप 50 का हिस्सा रही है। यह लाइफ, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस में सेवाएं देती रही है। कमर्शियल, होम फाइनेंस, इक्विटी और कमोडिटी ब्रोकिंग जैसे क्षेत्रों में भी इसने सेवाएं दी हैं। शेयरों की वैल्यू जीरो हो जाने के बाद निवेशक पूरी तरह असमंजस में हैं। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है। रिलायंस कैपिटल काफी समय से कर्ज में फंसी थी। कर्जदाताओं की एक समिति ने बुधवार को कंपनी के रेजॉल्यूशन प्रोसेस की समीक्षा की थी। कंपनी के लिए बोली प्रक्रिया 29 अगस्त को समाप्त हुई है। रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए इंडसइंड बैंक, अमेरिका की संपत्ति प्रबंधन कंपनी ओकट्री कैपिटल और टॉरेंट ग्रुप छह कंपनियों ने बोली लगाई है।

## पेट्रोल-पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अतंरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत उछलकर फिर 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते कच्चे तेल की कीमत घटकर 90 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गई थी, लेकिन कच्चे तेल के दाम में फिर उछाल देखने को मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शनिवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल 4.14 फीसदी की बढ़त के साथ 92.84 डॉलर प्रति बैरल पर है। इसी तरह यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 86.79 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# मुकेश अंबानी की हुई यह पॉलिएस्टर कंपनी, 1592 करोड़ रुपए में हुई डील



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रिल) ने पॉलिएस्टर चिप और धागा बनाने वाली कंपनी शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड का 1,592 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया है। आरआईएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसके पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी रिलायंस पेट्रोलियम रिटेल लिमिटेड (रिलायंस पॉलिएस्टर लिमिटेड का बदला हुआ नाम) ने शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड और शुभलक्ष्मी पॉलिटेक्स लिमिटेड के पॉलिएस्टर कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए एक निर्णायक समझौता किया है। हालांकि, इस सौदे पर उसे भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (उउक) के अलावा अधिग्रहीत कंपनियों के संबंधित लेनदारों की मंजूरी लेनी होगी। इस सूचना के मुताबिक, शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड का अधिग्रहण (एसपीएल) 1,522 करोड़ रुपए और शुभलक्ष्मी पॉलिटेक्स लिमिटेड (एसपीटेक्स) का अधिग्रहण 70 करोड़ रुपए में करने का समझौता हुआ है। इस तरह कुल 1,592 करोड़ रुपए के नकद भुगतान के साथ इस अधिग्रहण को अंजाम दिया गया है। इस सौदे पर अब भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के अलावा अधिग्रहीत कंपनियों के संबंधित लेनदारों की मंजूरी लेनी होगी। रिलायंस ने इस बारे में कहा, 'ये अधिग्रहण अपने पॉलिएस्टर कारोबार के विस्तार की कंपनी की रणनीति का हिस्सा हैं।' एसपीएल ने वित्त वर्ष 2020-21 में 1,768.39 करोड़ रुपए का कारोबार किया था जबकि इसी दौरान एसपीटेक्स का कुल कारोबार 267.40 करोड़ रुपए रहा था।

## जुलाई-सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 114 अरब डॉलर पर पहुंचेगा वस्तुओं का निर्यात : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान 11.4 प्रतिशत बढ़कर 114.4 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। एक्जिम बैंक ने यह अनुमान लगाया है। भारत के निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने तिमाही आंकड़े जारी करते हुए कहा है कि दूसरी तिमाही के निर्यात के आंकड़े वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी, प्रमुख व्यापार भागीदार देशों में संभावित सुस्ती, मुद्रास्फीतिक दबाव और सख्त मौद्रिक रुख से प्रभावित हो सकते हैं। एक्जिम बैंक जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले सप्ताह में अपने तिमाही अनुमान जारी करता है। एक्जिम बैंक देश से निर्यात के तिमाही आंकड़ों का अनुमान एक्पोर्ट लीडिंग इंडेक्स (ईएलआई) से लगाता है, जो इसका खुद का मॉडल है। ईएलआई देश के निर्यात परिदृश्य का आकलन करता है। यह देश से तिमाही आधार पर कुल वस्तुओं के निर्यात और गैर-तेल निर्यात का आकलन करता है। यह देश के निर्यात को प्रभावित करने वाले तमाम घरेलू और वैश्विक कारकों का भी आकलन करता है। एक्जिम बैंक ने कहा कि इस आकलन के परिणामों की विशेषज्ञों की स्थायी तकनीकी समिति ने की है। समिति में जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस सिन्हा रॉय, रिजर्व बैंक के आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभाग के निदेशक शरत ढल, बेस विश्वविद्यालय के कुलपति प्राफेसर एन आर भानुमूर्ति, इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर सी वीरमानी ने समीक्षा की है।

# आरआईएल ने शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स का 1592 करोड़ रुपये में किया अधिग्रहण

> कंपनी ने जारी बयान में कहा कि शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड का अधिग्रहण 1,522 करोड़ रुपये और शुभलक्ष्मी पॉलिटेक्स लिमिटेड का अधिग्रहण 70 करोड़ रुपये में करने के लिए समझौता हुआ है।




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आरआईएल (आरआईएल) ने शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड का अधिग्रहण 1,592 करोड़ रुपये में किया है। आरआईएल ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को बताया कि उसके पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी रिलायंस पेट्रोलियम रिटेल लिमिटेड (रिलायंस पॉलिएस्टर लिमिटेड का बदला हुआ नाम) ने शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड और शुभलक्ष्मी पॉलिटेक्स लिमिटेड के पॉलिएस्टर कारोबार के अधिग्रहण के लिए एक समझौता किया है। इस सौदे पर अब भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के अलावा अधिग्रहीत कंपनियों के संबंधित लेनदारों की मंजूरी लेनी होगी। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि शुभलक्ष्मी पॉलिएस्टर्स लिमिटेड का अधिग्रहण (एसपीएल) 1,522 करोड़ रुपये और शुभलक्ष्मी पॉलिटेक्स लिमिटेड (एसपीटेक्स) का अधिग्रहण 70 करोड़ रुपये में करने के लिए समझौता हुआ है। इस तरह कुल 1,592 करोड़ रुपये के नकद भुगतान के साथ इस अधिग्रहण को अंजाम दिया गया है। रिलायंस ने इस बारे में कहा कि ये अधिग्रहण अपने पॉलिएस्टर कारोबार के विस्तार करने के लिए कंपनी की रणनीति का हिस्सा है।

सम्पादक की कलम से...

# जनता के सवालों का जवाब मिले

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को गिराने की कोशिश हो रही है। वक्त आने पर विरोधियों की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। इस प्रकार सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। ऐसे राज्य में विकास का वातावरण बनाने की जरूरत है। हाल के दिनों में सरकार के प्रति राज्य के लोगों में उम्मीदें बंधी हैं। लेकिन, विरोधी को विरोध करना है,वह किये जा रहे हैं। ऐसे में किसी भी राज्य के विकास के लिए ऐसी बातें मंजूर नहीं किये जा सकते हैं। एन केन प्रकारेण सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। यही नहीं 84 वर्षीय गुरुजी शिबू सोरेन पर भी दोषारोपण करने से बाज नहीं आ रहे हैं, लेकिन घबराने की बात नहीं है। सच आखिर सच होता है। किसी को भी इसका इंतजार करना ही चाहिए। वक्त हर परिस्थितियों का जवाब स्वयं बन जाता है। झारखंड राज्य की स्थापना वीर सपूतों के लंबे संघर्ष के बाद मिला है। लेकिन, राज्य गठन के 20 वर्ष पूरे होने के बाद भी जो विकास और उन्नति के सपने हमारे पूर्वजों ने देखे थे, वे टूटते और बिखरते नजर आज नजर आ रहे हैं। झारखंडवासियों ने पूरी ताकत और शिद्दत के साथ जब कभी सरकार बनायी है। राजनीति का बोलबाला चरम पर रहा है। आज जरूरत है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष विकास के मामले पर एकजुट नजर आये,लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। सबको चाहिए कि हम सभी राज्य को मजबूत और आगे बढ़ाने की दिशा में सोचें। यहां की प्राकृतिक संपदा और जल, जंगल, जमीन को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। तभी आने वाली पीढ़ी भी झारखंड के जल, जंगल, जमीन बचाने का प्रयास करना चाहिए। अभी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सरकारी विभागों /कार्यालयों का अलग-अलग डेटा सेंटर साइबर के प्रति जो चिन्ता जताई है। ऐसे में सभी विभागों के लिए सेंट्रलाइज्ड डेटा सेंटर बनाने की जरूरत है। यह समय की मांग भी है। इससे डेटा सेंटर का मैनेजमेंट, मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से करने के साथ साइबर सुरक्षा की व्यवस्था को पुख्ता किया जा सकता है। डेटा रिकवरी सेंटर और साइबर सिक्योरिटी रिस्पांस टीम बनाकर जहां एक ओर साइबर क्राइम को रोका जा सकता है। दूसरी तरफ विभागों के डेटा की सिक्योरिटी काफी अहम हैं। डेटा लीक होने से कई बड़ी परेशानियां सामने आती हैं। ऐसे में सभी विभागों के डेटा की सिक्योरिटी ऑडिट नियमित अंतराल पर होनी चाहिए। उसे डेटा सिक्योरिटी ऑडिट में जो भी खामियां मिले ,उसे अविलंब नियंत्रित करने की जरूरत है। बहरहाल राजनीतिक गहमागहमी के बीच राज्य के विकास यात्रा में कोई रूकावट नहीं आनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों के बारे में सोचने की जरूरत है। तभी झारखंड का सपना सफल होगा। सरकारें आती हैं,जाती हैं लेकिन जनता के सवालों का जवाब मिलना चाहिए।

## आज का इतिहास

**1866 :** 'वेसले कॉलेज' की मेलबर्न में स्थापना की गयी।
**1896 :** 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया।
**1919 :** 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना।
**1930 :** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने साबरमती आश्रम की यात्रा की।
**1945 :** सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव पहुंची और जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया।
**1951 :** नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल।
**1952 :** मिस्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के।
**1959 :** महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
**1960 :** अमेरिका तथा जापान ने संयुक्त रक्षा समझौता किया।
**1962 :** अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
**1963 :** फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाजार से ब्रिटेन को अलग करने की वकालत की।
**1968 :** अमेरिका और तत्कालीन सोवियत रूस परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए एक संधि के प्रारूप पर सहमत हुए।
**1968 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1976 :** फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
**1989 :** चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आजादी और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
**1996 :** राजनेता एवं अभिनेता एन टी रामाराव का निधन।
**1997 :** 'नफीसा जोसेफ' मिस इंडिया बनीं।
**2001 :** लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता सम्भाली।
**2002 :** अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी।
**2002 :** पश्चिम अफ्रीकी देश सियरा लियोन में गृह युद्ध समाप्त।
**2003 :** हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।
**2006 :** अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।

# प्राथमिक शिक्षा व दोपहर का भोजन

> 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन' की रिपोर्ट बताती है कि देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में कमी आई है, जबकि निजी स्कूलों की संख्या बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार 2018-19 में देश में पचास हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद हो गये। मध्याह्न भोजन योजना के बावजूद बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का सिलसिला थमा नहीं है। यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट है कि कोरोना महामारी के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या और तेजी से बढ़ी है। मिड-डे मील योजना 1997-98 तक देश के सभी राज्यों में लागू हो चुकी थी। 2002 में मदरसों को भी इसमें शामिल किया गया।

मध्याह्न भोजन योजना की सच्चाई यह है कि इसने प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा दिया है। देश के गरीब व कुपोषित बच्चों को स्कूल का रास्ता दिखाया है। विद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ी है। स्कूल आने के लिए इन्हें प्रोत्साहन मिल रहा है। स्कूल छोड़ने पर लगाम तो नहीं लगी है, पर उसमें कमी लाने में यह योजना कारगर सिद्ध हो रही है। शिक्षा वह नींव है, जहां से भारत का निर्माण शुरू होता है। यही कारण है कि 1990 की विश्व कान्फ्रेंस में सबके लिए अनिवार्य शिक्षा की घोषणा की गई और 15 अगस्त, 1995 को सरकार ने स्कूलों में मिड-डे मील यानी मध्याह्न भोजन योजना शुरू की। 'चलो स्कूल चलें' से लेकर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की अवधारणा इसी दिशा में की गई संकल्पनाएं हैं। मगर यह प्रश्न बना हुआ है कि क्या भारत में प्राथमिक शिक्षा की उत्तम व्यवस्था इतने वर्षों में हो पाई है। फिलहाल यह सवाल अभी अधूरे उत्तर के साथ फलक पर तैर रहा है। सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा निशुल्क और अनिवार्य करने का लक्ष्य नया नहीं है, इसकी यात्रा कमोबेश आजादी जितनी ही पुरानी है। बावजूद इसके स्कूली शिक्षा को लेकर चित्र बहुत अच्छा उभरता हुआ दिखता नहीं है। हां, यह बात और है कि जारी प्रयास के बीच इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है, मगर कोविड-19 के दो वर्षों ने संपूर्ण स्कूली शिक्षा को चोटिल किया है। गौरतलब है कि 14 मार्च, 2020 को मध्याह्न भोजन योजना पर रोक लग गई थी। यह उन बच्चों के लिए अधिक घातक था, जो भोजन के लिए शिक्षा और स्कूल से जुड़े थे। हालांकि मध्याह्न भोजन योजना अब एक बार फिर अपने रास्ते पर चल पड़ा है, मगर बरसों पहले से जिन बच्चों को भोजन के जरिये शिक्षा से जोड़ने का काम हुआ था, उनमें से कितनों की वापसी हुई है, यह पड़ताल का विषय है। फिलहाल इस योजना के चलते छह से चौदह वर्ष आयु वर्ग और कक्षा एक से आठ तक के लगभग बारह करोड़ बच्चे शामिल हैं। गौरतलब है कि सरकार की ओर से सरकारी, गैर-सरकारी और अशासकीय समेत मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से लेकर आठ तक के छात्र-छात्राओं को दोपहर का भोजन कराया जाता है। 2021 में इसका नाम परिवर्तित कर पीएम पोषण योजना कर दिया गया। बच्चों का बेहतर विकास हो और ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल आ सकें, इसी उद्देश्य से मिड-डे मील योजना शुरू की गई थी। वैसे औपनिवेशिक सत्ता के दिनों में ऐसा कार्यक्रम पहली बार 1925 में मद्रास नगर निगम में वंचित बच्चों के लिए शुरू किया गया था। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह योजना बच्चों को स्कूल तक लाने में सफल रही है, मगर हकीकत यह है कि जितने आंकड़े गिनाये जाते हैं, सफलता उतनी नहीं मिली है। आंकड़े और हकीकत के बीच के इस फासले को पाटने की जिम्मेदारी सरकार की है। गौरतलब है कि योजना कितनी भी सशक्त और कारगर क्यों न हो, उसका निष्पादन पूरी तरह सुनिश्चित हो, ऐसा शायद ही कभी संभव हुआ हो। मध्याह्न भोजन योजना भी इससे अलग नहीं है। 'यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन' की रिपोर्ट बताती है कि देश में सरकारी स्कूलों की संख्या में कमी आई है, जबकि निजी स्कूलों की संख्या बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार 2018-19 में देश में पचास हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद हो गये। मध्याह्न भोजन योजना के बावजूद बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का सिलसिला थमा नहीं है। यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट है कि कोरोना महामारी के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या और तेजी से बढ़ी है। मिड-डे मील योजना 1997-98 तक देश के सभी राज्यों में लागू हो चुकी थी। 2002 में मदरसों को भी इसमें शामिल किया गया। 2014-15 में यह योजना साढ़े ग्यारह लाख प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चल रही थी। तब के आंकड़े बताते हैं कि दस करोड़ बच्चे लाभान्वित हो रहे थे। 2011 में योजना आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या पंद्रह लाख थी शिक्षा के उत्तरोतर विकास को देखते हुए समझा जा सकता है कि एक दशक बाद यह आंकड़ा और गगनचुंबी हुआ होगा। जिस देश में हर चौथा व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे हो और यही आंकड़ा अशिक्षा का भी हो, तो ऐसी योजनाओं का मूल्य कहीं अधिक बड़ा हो जाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शिक्षा गरीबी और आर्थिक तंगी में बहुत मुश्किल से पनपती है।

**■ सुशील कुमार सिंह**

## शौक के जोखिम

एक खबर के मुताबिक, एक इमारत में लिफ्ट के बाहर कुत्ते ने बच्चे को काट लिया और उसकी मालिक ने बच्चे के बचाव में कुछ नहीं किया। जबकि कुत्ते के काटने पर बच्चा उस महिला के सामने कराहता रहा। अक्सर बड़े शहरों में अमीर लोगों को कुत्ता पालने का शौक रहता है, पर वह कुत्ते को घुमाने-फिराने के सिवा कुछ भी नहीं सिखाते हैं। लिफ्ट के पास महिला उस कुत्ते के साथ थी। उसी लिफ्ट में स्कूली बच्चा भी आया। तब उस बच्चे को देखकर कुत्ता न केवल भौंका, बल्कि फिर उसने उसे काट भी लिया। बच्चा महज दस साल का था। अपना बचाव नहीं कर सका। तब हमारा यही कहना है कि कुत्ते की मालिक महिला की जिम्मेदारी थी कि वह अपने कुत्ते को बच्चे से दूर रखती और बच्चे को भी उससे दूर रहने के लिए सावधान करती। पर उसने ऐसा नहीं किया। इसलिए, सारा दोष कुत्ते की मालिक का ही माना जाना चाहिए। फिर एक ही बिल्डिंग में रहने के कारण उस महिला को उस बच्चे के प्रति तो अवश्य सुरक्षा का भाव रखना था। सवाल है कि कुत्ता पालने वाले किसी व्यक्ति के भीतर की सामान्य और बुनियादी इंसानी संवेदना ऐसे समय में कहां चली जाती है और क्यों चली जाती है? एक पशु को प्यार करने और उसका खयाल रखने वाले लोग किसी तबके या इंसान के प्रति इतने संवेदनहीन कैसे और क्यों हो जाते हैं? कहा जा रहा है कि कुत्ते का टीकाकरण हो गया था, पर इससे क्या होता है? बच्चे को कुत्ते ने जिस तरह काट लिया और जख्मी कर दिया उसका जवाबदेह कौन होगा? इसलिए आज बढ़ती आबादी के माहौल में जहां आज इंसानों का रहना भी काफी मुहाल हो रहा है, ऐसे में जानवर, विशेष रूप से कुत्ता पालना अनुचित ही माना जाना चाहिए। इनकी देखभाल करना आज काफी मुश्किल एवं परेशानी का सबब है। महानगरों में जहां आज बड़ी-बड़ी इमारतों में आम नागरिक रहते हैं। जगह की वैसे भी काफी कमी महसूस की जाती है, जहां कुत्ते को घुमाने-फिराने तक की जगह नहीं मिलती है इसलिए घरों एवं सोसाइटी में कुत्ते पालना आज काफी दुष्कर है। ऐसे में फिर ये कुत्ते किसी को काट ले तो वह तो काफी दुख की बात ही कही जाएगी। अक्सर सोसाइटी में खेलते बच्चे इन कुत्तों का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा, ऐसी खबरें भी अक्सर आती रहती हैं कि किसी बच्चे को या बुजुर्ग को आवारा कुत्तों ने काट लिया या नोंच कर मार डाला। बड़े शहरों-महानगरों में कुत्ते पालने के लिए नगर निगम को कई तरह के कड़े नियम भी बनाने चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इसका लाइसेंस जरूरी है। फिर इसके कारण सोसाइटी में किसी बड़े बुजुर्ग या कोई छोटे बच्चे को किसी तरह की तकलीफ न हो। आप कुत्ता लेकर भीड़भाड़ में भी नहीं घूम सकते हैं कुत्ते के मुंह पर जाली लगाना अनिवार्य है। फिर कुत्ता हर किसी पर आक्रामक न हो जाए बेवजह किसी पर भौंकने न लगे, यह सब बातें ध्यान रखना बेहद जरूरी है वरना आप पर दंड लगाया जा सकता है।

**■ मनमोहन राजावत राज**

## ताकि अपराधियों को पकड़ सके विज्ञान

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने एक हालिया बयान में कहा कि गंभीर अपराधों की विवेचना में अदालती विज्ञान या फोरेंसिक साइंस के इनपुट को अनिवार्य कर दिया जाएगा और इसके लिए दंड विधान संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इंडियन एविडेंस ऐक्ट) में शीघ्र ही संशोधन किये जायेंगे। यदि सरकार इन घोषणाओं को लेकर सचमुच गंभीर है, तो यह 1860 के दशक में बने कानूनों से एक आधुनिक संस्था के रूप में निर्मित भारतीय पुलिस की कार्य पद्धति में एक आमूलचूल परिवर्तन या पैराडाइम शिफ्ट जैसा होगा। हमें याद रखना होगा कि वर्तमान स्वरूप में पुलिस की परिकल्पना गौरांग महाप्रभुओं ने भारत को अपना उपनिवेश बनाये रखने में मददगार संस्था के रूप में की थी और वह दशकों तक इस कसौटी पर खरी भी उतरी। यह देखना दुःखद है कि 1947 के बाद भी इस स्थिति में बहुत परिवर्तन नहीं आया। इस लिहाज से देखें, तो गृह मंत्री के घोषित परिवर्तन यदि लागू हो सकें, तो पुलिस के संगठन और आचरण में ये बड़ा फर्क डालेंगे। गांधीनगर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए गृह मंत्री ने इस सिलसिले में कई घोषणाएं कीं। इनमें राज्यों में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाएं बनाने से लेकर जिलों में सचल प्रयोगशालाओं की सुविधा विवेचकों को उपलब्ध कराने जैसी कई योजनाएं भी हैं। निस्संदेह, इनमें बहुत धन खर्च होगा और कहना मुश्किल है कि पुलिस को जरूरी संसाधन उपलब्ध क्राने में कंजूसी बरतने वाली राज्य सरकारें इस मामले में अपने खजानों का मुंह कितना खोलेंगी। देश के छह सौ से अधिक जिलों के कई हजार पुलिस थानों में नियुक्त एक लाख से अधिक विवेचनाधिकारियों को वैज्ञानिक उपकरणों से लैस करना और फिर उन्हें इनके उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना एक दुष्कर कार्य होगा। विवेचना में रत ये अधिकारी मुख्य रूप से निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के होते हैं, पर कई राज्यों में काम के बढ़ते बोझ से इनका स्तर हेड कांस्टेबल तक घटा दिया गया है। इन सबका शैक्षणिक स्तर भिन्न होता है और उन्हें फोरेंसिक विज्ञान की बुनियादी तालीम भी नहीं मिलती। एक बार बल का सदस्य होने के बाद जरूर प्रशिक्षण के दौरान कुछ आधी-अधूरी-सी शिक्षा उन्हें इस क्षेत्र में मिलती है, पर यह पेशेवर जीवन में बहुत काम नहीं आती। नेशनल फोरेंसिक सइंस यूनिवर्सिटी के कैंपस हर राज्य में खोलने की बात जरूर हुई है, पर मुझे नहीं लगता कि यह व्यावहारिक है। भारत जैसे विविधता वाले देश में जहां एक दर्जन से अधिक भाषाओं में विवेचक अपनी विवेचना करते हैं और अदालतों में भी इन्हीं भाषाओं में काम होता है, किसी एक विश्वविद्यालय के लिए यह संभव नहीं होगा कि वह अलग-अलग भाषाओं में पाठ्य सामग्री तैयार कराए और फिर उनमें अपने छात्रों को शिक्षित करे। जरूरी है कि हर राज्य अपने यहां फोरेंसिक विज्ञान के लिए कम से कम एक उच्च शिक्षा संस्थान कायम करे। यदि भारतीय भाषाओं में स्तरीय पाठ्य सामग्री उपलब्ध न हो, तो प्रारंभ में अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषाओं से उपयोगी किताबों का अनुवाद कराया जा सकता है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में एक संस्थान से भी काम नहीं चलेगा। जरूरी है कि दूसरे विश्वविद्यालयों में भी स्नातक, स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट स्तर के कार्यक्रम फोरेंसिक विज्ञान के अनुशासन में चलाये जाएं और इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में निर्मित होने वाले रोजगार के लिए योग्य उम्मीदवार उपलब्ध कराये जाएं। यह भी जरूरी है कि पाठ्यक्रमों के निर्माण के समय पुलिस की जरूरतों का भी ध्यान रखा जाए। दिक्कत है कि ये संस्थान मुख्य रूप से नये छात्रों को शिक्षित करने का काम करेंगे, जो पुलिस बल में नये निर्मित पदों पर भर्ती होंगे, पर उन विवेचकों का क्या होगा, जो पुलिस में मौजूद हैं और अभी अगले कई दशकों तक अपनी आधी-अधूरी जानकारी के चलते खराब विवेचना करते रहेंगे। उनके लिए तो पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालयों या अकादमियों को ही कमर कसनी पड़ेगी। देश में 300 से अधिक पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों का अगर निरीक्षण किया जाए, तो हम पायेंगे कि उनके पाठ्यक्रमों में फोरेंसिक विज्ञान से संबंधित कुछ इनपुट हैं जरूर, पर न उनके प्रशिक्षुओं की मातृभाषा में स्तरीय पाठ्य सामग्री है, और न ही उन्हें पढ़ाने वाले योग्य अध्यापक। जरूरी है कि प्रशिक्षण सुविधाओं में फोरेंसिक विज्ञान के शिक्षण/प्रशिक्षण के लिए जरूरी गंभीरता हो और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जाएं, जिससे कानूनों में संशोधन होने के समय पुलिस के पास वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग करने में समर्थ पर्याप्त विवेचक हों। विवेचना में वैज्ञानिक साधनों का प्रयोग करने से सदियों पुरानी उस धारणा से भी मुक्ति मिलेगी, जिसके अनुसार, सिर्फ थर्ड डिग्री ही किसी अपराध की गुत्थी सुलझाने में सबसे बेहतरीन जरिया हो सकती है। वैसे भी पिछले कुछ दशकों में अपराध और अपराधी की प्रोफाइल पूरी तरह बदल गई है। रात में गांवों में लूटपाट करते डकैत अब फिल्मों में ही अधिक दिखते हैं।

**■ विभूति नारायण राय**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

तेलकी मालिशसे, फूलोंकी हवासे तथा स्वादिष्ट भोजन आदिसे पोषित इस प्रिय शरीरको शत्रुओंके बाणोंसे बिंधवाते हैं। हैं। तलवारकी धारसे अपना शरीर कटवाकर मनुष्य धनवान् होना चाहते हैं। ऐसे धनको धिक्कार है जो प्रारम्भमें ही दुःख देनेवाला होता है; तो बादमें क्या वह सुख देनेवला हो सकता है?।।18-19।।

हे सुन्दरि! तुम भी मूर्ख ही हो, तभी तो सम्भोगजन्य सुखको त्यागकर युद्धकी इच्छा कर रही हो। युद्धमें तुम कौन-सा लाभ समझ रही हो?।।20।।

युद्धमें तलवारें चलती हैं, गदाका प्रहार होता है और बाणोंसे शरीरका बेधन किया जाता है। मृत्युके अन्तमें सियार अपने मुंहसे नोच-नोचकर उस देहका संस्कार करते हैं।। 21।।

धूत कवियोंने उसी युद्धकी अत्यन्त प्रशंसा की है कि रणभूमिमें मरनेवालोंको स्वर्ग प्राप्त होता है। उनका यह कहना केवल अर्थववादमात्र है।।22।।

अतः हे वरारोह! तुम्हारा मन जहां लगे, वहां चली जाओं अथवा तुम देवताओंका दमन करनेवाले मेरे स्वामी महाराज महिषासुरको स्वीकार कर लो।।23।।

व्यासजी बोले- इस प्रकार बोलते हुए उस दैत्यसे भगवती जगदम्बाने कहा- मूर्ख! तुम अपनेको बुद्धिमान् पण्डितके समान मानकर व्यर्थ क्यों बोल रहे हो? तुम न तो नीतिशास्त्र जानते हो, न आन्वीक्षित विद्या ही जानते हो, तुमने कभी न वृद्धोंकी सेवा की है और न तो तुम्हारी बुद्धि ही धर्मपरायण है।।24-25।।

क्योंकि तुम मूर्खकी सेवामें लगे रहते हो, अतः तुम भी मूर्ख हो। जब तुम्हें राजधर्म ही ज्ञात नहीं, तब मेरे सामने क्यों व्यर्थ बकवाद कर रहे हो?।।26।।

संग्राममें महिषासुरका वध करके समरांगको रूधिरसे पंकमय बनाकर अपना यश-स्तम्भ सुदृढ़ स्थापितकर मैं सुखपूर्वक चली जाऊँगी।।27।।

देवताओंको दुःख देनेवाले इस दुराचारी तथा मदोन्मत्त दानवको मैं अवश्य मार डालूंगी। तुम सावधान होकर युद्ध करो। हे मूर्ख! यदि तुम्हें तथा महिषासुरको जीनेकी अभिलाषा हो तो सभी दानव पाताललोकको शीघ्र ही चले जायं; अन्यथा यदि तुमलोगोंके मनमें मरनेकी इच्छा हो तो तुरंत युद्ध करो। यह मेरा संकल्प है कि मैं सभी दानवोंको मार डालूंगी।।28-30।।

व्यासजी बोलो- देवीका वचन सुनकर बलके अभिमानसे युक्त वह दैत्य उनपर इस प्रकार बाणोंकी वर्षा करने लगा, मानों दूसरे मेघ ही जलकी धारा बरसा रहे हों।।31।।

तब भगवतीने अपने तीक्ष्ण बाणोंद्वारा उसके सभी बाण काट डाले और विषधर सर्पके समान विषैले बाणोंसे उसपर प्रहार किया। उन दोनोंमें परस्पर विस्मयकारी युद्ध होने लगा। जगदम्बाने अपने वाहन सिंहपरसे ही उस दैत्यपर गदासे प्रहार किया।।32-33।।

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### घर-घर शौचालय जरूरी

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

**■ लाल सिंह मेदिनीनगर।**

# निवेश बढ़ा तो देश में सवरेंगे सरकारी स्कूल

साल 1973 में मेरा दाखिला भोपाल के केंद्रीय विद्यालय की पहली कक्षा में हुआ था। दूसरे ही दिन, मेरी क्लास टीचर ने मुझे कक्षा में आगे बुलाया और अपनी हथेली सामने करने को कहा, ताकि स्केल से वह मुझे मार सकें। वे यादें आज भी मेरे जेहन में बनी हुई हैं। उस पिटाई के बाद मैंने स्कूल जाने से मना कर दिया था। इसीलिए अगले दिन मेरे पिता मुझे स्कूल छोड़ने के लिए आए। कार में वह धैयपूर्वक मेरे साथ बैठे रहे और यह इंतजार करते रहे कि मैं स्कूल के अंदर जाने के लिए खुद आगे बढूंगा। मगर मैं अपनी सीट पर बैठा रहा। जब काफी वक्त बीत गया और पापा को लगा कि मेरा फैसला अटल है, तो वह मुझे वापस घर ले आए। अगले दिन भी ठीक यही कहानी दोहराई गई। इस मूक विद्रोह के तीसरे दिन स्कूल की उप-प्रधानाध्यापक श्रीमती देशपांडे हाथ में लाल गुलाब लिए बाहर निकलीं। उन्होंने मुझसे क्या कहा, यह तो आज याद नहीं है, लेकिन इतना जरूर स्मरण है कि मैं उनके साथ स्कूल के अंदर चला गया, एक हाथ में गुलाब और दूसरे हाथ से उनकी उंगलियां पकड़कर। वह मुझे पहली कक्षा के दूसरे सेक्शन में ले गईं। उस वक्त तारा मैडम कक्षा ले रही थीं। उन्होंने भी उसी स्नेह से मुझे कक्षा में बिठाया। उनका वह दुलार मुझे अगले तीन साल तक मिलता रहा, क्योंकि वह तब तक मेरी क्लास टीचर रहीं। कभी-कभी सोचता हूं कि अगर देशपांडे या तारा मैडम जैसी शिक्षिकाएं न होतीं, तो मैं आज कहां होता? मेरी स्कूली शिक्षा कैसी रही होती? निश्चय ही, देर-सबेर मैं स्कूल जाता ही, पर संभव है कि उसी सेक्शन में जाता, जिसकी क्लास टीचर ने मुझे मारा था। बाद में इसका क्या मतलब रहता, यह कहना आज मुश्किल है, अब तो मैं बस कयास लगा सकता हूं। बहरहाल, दो हफ्ते पहले बारिश से भीगी एक शाम में मैं स्कूल के अपने सात दोस्तों से मिला। उनमें से पांच 1973 से मेरे साथ हैं। उस घटना को आज करीब 50 साल हो गये हैं, लेकिन उस शाम तक मुझे नहीं पता था कि हम सात दोस्तों में मेरे अलावा दो अन्य भी ऐसे हैं, जिनके स्कूली जीवन को श्रीमती देशपांडे ने इसी तरह संवारा था। भारत में केंद्रीय विद्यालय 1963 में शुरू किये गये थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सशस्त्र बलों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस अधिकारी सहित केंद्र सरकार के अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मियों के बच्चों को माता-पिता के स्थानांतरण की सूरत में भी अच्छी शिक्षा मिले। आज देश भर में 1,252 केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें 14 लाख से भी अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। तड़क-भड़क वाले निजी स्कूलों के बीच भी इन विद्यालयों को अच्छा शिक्षण संस्थान माना जाता है। मैंने भोपाल के केंद्रीय विद्यालय में नौ साल बिताये। चौथी, पांचवीं और नौवीं कक्षा की पढ़ाई मैंने दूसरे शहर में की। वे दिन मुझे आज भी उसी तरह याद हैं, जिस तरह मेरे दोस्तों को। हमारी नजर में श्रीमती देशपांडे और तारा मैडम संभवतः सभी शिक्षकों में सबसे ज्यादा उदार थीं, मगर स्कूल में अच्छे शिक्षकों की कमी नहीं थी। मुझे महज दो या तीन ऐसे शिक्षक याद हैं, जो काफी सख्त रहे। अगर आज की तरह शारीरिक दंड को लेकर उस वक्त भी नियम-कानून बन गये होते, तो उन दो-तीन शिक्षकों में से एक निश्चय ही सलाखों के पीछे होते। फिर भी ज्यादातर शिक्षक संवेदनशील, काबिल और मन लगाने वाले थे। स्कूल की मेरी दूसरी चिरस्थायी स्मृति यह है कि वह हमेशा मेरे लिए अति व्यस्त स्थान रहा। वहां कक्षा ही नहीं, कई तरह की अन्य गतिविधियां भी होती रहती थीं। थिएटर, वाद-विवाद, पिकनिक और न जाने क्या-क्या। स्कूल ने सीखने के मानो तमाम आयामों और संभावनाओं का ध्यान रखा था। यह उस तरह का जीवंत संस्थान था, जिसकी हम कल्पना करते हैं। निस्संदेह, यह संस्कृति राजगुरु सर की वजह से विकसित हो पाई थी, जो एक दशक से भी अधिक समय तक स्कूल के प्रधानाध्यापक रहे। हमने तब ऐसा नहीं सोचा था, लेकिन आज यही लगता है कि स्कूली माहौल की वजह से ही हमारे दिल-ओ-दिमाग में विविधता का संसार बसा, जो हमारे लिए शायद सबसे बहुमूल्य अनुभव है। मेरी कक्षा में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बच्चे भी थे।

**■ अनुराग बेहर**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# यकृत संक्रमण तथा वृक्क संक्रमण का नाश करता है ये वनौषधि



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पंतजली आरोग्य केन्द्र, रेड़मा
डालटनगंज।



**प्रचलित नाम :** भुंई आमला, संस्कृत में भूम्यामली, ताली, सूक्ष्मफला, भूम्मलकी इत्यादि।

**वर्णन :** यह शुद्ध वनस्पति बरसात के दिनों में सर्वत्र पैदा होती है। इसके पत्ते बहुत छोटे, आंवला के पत्तों के समान तथा लम्बगोल और संकड़े होते हैं। पत्तें के पिछले भाग में (पीले- हरे) मिश्रित रंग के छोटे-छोटे फल आते हैं जिसका स्वाद आंवले के समान होता है। बरसात के आखिरी में यह वनस्पति सूख जाती है। इसलिए उसको कार्तिक मास में संग्रह करके सुखाकर रख लेना चाहिए।

**प्रयोज्य अंग :** मूल ताजे पत्र एवं पंचाग।

**रसायनिक संगठन :** इसके पत्तों में एक कडुवा तत्व फायलैन्थीन तथा-हाइपोफालैन्थिन होता है। इसमें क्षारभ,लिनगान, विटामिन सी केवरसेटिन, एस्ट्रोगैलिन केवरसौट्रिन रूटिन होते हैं। इसके मूल में सायक्लोफलेवॉन, बीज में तेल जिसमें रिसीनॉलीक अम्ल, लिनोलिक अम्ल तथा लिनोलैमिक अम्ल पाये जाते हैं।

**गुण :** ज्वरहर, पूतिरोधी, ग्राही, शीतल, मूत्रल, पाचक, संक्रमानाशक।

**उपयोग :** जलोदर, मूत्र रोगों में, दाह, प्रमेह, अतिसार, आंत, आमाशय शोथ, शूल प्रवाहिका, अग्निमंद्यता, कामला, आपसर्गिकामेह, काष्टात्तेव, पत्रों को नमक के साथ (पिसकर) मिलकर ब्राह्य प्रयोग चर्मरोग तथा ब्रण में लाभकारी एवं मूलल गुण वाला होता है। इसके पंचाग का क्वाथ कास तथा श्वास रोग में लाभाकारी। ब्रण (घाव) शोथ में पंचांग का चावल की पेया कें साथ बना पोल्टिस बांधने से लाभ होता है। मलेरिया ज्वर में इसके पंचांग का क्वाथ लाभकारी है। रक्त प्रदर में इसके बीजों का चूर्ण तण्डूलोदक के साथ दो-तीन दिन तक पिलाने से रक्तप्रदर नष्ट होता है।

**मधुमेह में :** डेढ़ - तोला इसका पंचांग और 20 (बीस) काली मिर्च, इनका चूर्ण सेवन करने से सात दिन में जीर्ण प्रमेह नष्ट होता है। प्रदर में इसके मूल का क्काथ दो या तीन दिन तक पीने से प्रदर नष्ट होता हैं। जीर्ण अतिसार में इसक पंचांग का क्वाथ मेथी मिलाकर पीने से यह पाचक , कटु पौष्टिक तथा ग्राही होने से पुराने अतिसार में हितकारी है।

इसकी ताजा जड़ पीलिया की एक उत्तम दवा ( औषधि) मानी जाती है। इसके क्काथ को देने से दस्त साफ होता है। पसीना छूटता है और नींद भी आती है, यकृत और तिल्ली की वृद्धि कम होती।

मूत्र पिण्ड के रोगों पर या संक्रमण पर तथा मूत्रापिण्ड से लेकर मूत्राशय के सब भागों तक इस वनस्पति का बहुत अच्छा असर होता है। सूजन पर भी यह गुणकारक है। नवीन सुजाक के ऊपर इस वनस्पति का रस एक चम्मच की मात्रा में जीरे और शक्कर के साथ देने से पेशाब की जलन शांत होती है। पित्त विकार पर भी इसका उपयोग होता है। कोकण में चावल के पानी के साथ इसकी जड़ को पीसकर अत्यधिक रजःरत्राव को रोकने के लिए देते हैं।

**मेरे द्वारा दिया जानेवाला दो अनुभूत प्रयोग**

1. मनुष्य के शरीर में मधुमेह चाहे जितना भी बढ़ा हुआ क्यों न हो उसे मैं सबसे पहले पांच से सात दिनों तक जंगली परवल के पत्तों का रस ताजा 40 -40 मि0 लि0 सुबह-शाम पिलाता हूं पांच से सात दिनों के अंदर (2) शुगर शरीर में नॉर्मल हो जाता है उसके बाद भंई आवंला चूर्ण 100 ग्राम, कालिमिर्च चूर्ण 20 ग्राम आंवला चूर्ण 150 तथा घर का शुद्ध पिसा हुआ हल्दी चूर्ण 100 ग्राम सबों को एक रस को रोगी को देता हूं। इसकी मात्रा एक -एक चम्मच गुनगुने जल के साथ सुबह-शाम है।

यह बहुत अच्छा प्रभाव है।

**(2) यकृत, वृक्क, आंत-आमाशय संक्रमण को ठिक करने हेतू निम्न प्रकार का योग देता हूं।**

भूंई आंवला स्वरस - 325 एमएल
मकोय स्वरस- 325 एमएल
आंवला स्वरस- 325 एमएल
दूर्वा स्वरस- 325 एमएल
कालि मिर्च चूर्ण - 50 ग्राम

इन चारों स्वरसों को एक बोतल में मिलाकर उसमें कालिमिर्च पाउडर मिला देता हैं। अब उपरोक्त रोग से ग्रसित रोगी को निम्नलिखित मात्रा में सेवन का निर्देश दे देता हूं तथा पुनः अपने शरीर का जांच करवाने को बोल देता हूं। औषधि सेवन के पन्द्रह दिनों बाद।

**मात्रा सेवन :** 30 एमएल स्वरस + 30 एमएल जल

सुबह-शाम खाली पेट सेवन करें।

कम से कम तीन माह तक औषधि सेवन करें। पूर्ण लाभ हेतु।

# बरसात के मौसम में करें नीम की चाय का सेवन, मिलेंगे ये फायदे



बरसात के मौसम में खुद को स्वस्थ रखने के लिए आप नीम की पत्तियों का इस्तेमाल कर सके हैं। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल ने हाल ही में नीम के पत्तों की चाय की रेसिपी साँझा की है, जो बरसात के मौसम में आपको बीमारियों से बचाने में मदद करेगी। मानसून का मौसम चिलचिलाती गर्मी के बाद आता है और सभी को राहत देकर जाता है। मानसून की बारिश सभी को तरोताजा तो कर देती है लेकिन यह कई खतरनाक बीमारियां भी अपने साथ लेकर आती है। बारिश के कारण वातावरण में नमी बनी रहती है जो कीटाणुओं के पनपने और मच्छरों के प्रजनन की वजह बनती है। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और टाइफाइड जैसी कई अन्य बीमारियां इस मौसम में आम है लेकिन यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसलिए जरुरी है कि आप बरसात के मौसम में खुद को स्वस्थ रखने की कोशिश करें। लेकिन आप खुद को स्वस्थ कैसे रखेंगे? इसके लिए आप नीम की पत्तियों का इस्तेमाल कर सके हैं।

**फायदे :** नीम, जिसे चमत्कारी जड़ी बूटी के रूप में भी जाना जाता है, का हर हिस्सा औषधीय उपचार में काम आता है। मानसून के मौसम में नीम हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसलिए सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल ने हाल ही में नीम के पत्तों की चाय की रेसिपी साँझा की है, जो बरसात के मौसम में आपको बीमारियों से बचाने में मदद करेगी।

**नीम की चाय बनाने के विधि :** इसके लिए आप डेढ़ कप पानी में नीम की पत्तियां और अदरक डालकर उसे 10 से 15 मिनट उबाल लें। आपकी चाय बनकर तैयार हैं और आप चाहें तो इसमें शहद मिलाकर भी पी सकते हैं।

**नीम की चाय के फायदें :** डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद- नीम की चाय में फ्लेवोनोइड्स, एंटीऑक्सिडेंट्स, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी यौगिक पाए जाते हैं, जो नॉन-इंसुलिन पर निर्भर डायबिटीज के मरीजों के लक्षणों को नियंत्रित करने में मदद करता है।

दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद- कई अध्ययनों में यह बात सामने आयी है कि नीम के पत्तों का नियमित सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा यह ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए भी जाना जाते हैं।

**है हार्ट अटैक का खतरा :** लिवर के लिए फायदेमंद- नीम की चाय लिवर को मजबूत करने के लिए जानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लड़ने में मदद करते हैं।

**ये उपाय :** इम्युनिटी बढ़ाने में फायदेमंद- नीम की चाय एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-वायरल और एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर होती है। यह गुण हमारे शरीर में फ्री रैडिकल डैमेज को रोकते हैं, जो हमारी इम्युनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# पितृपक्ष में रखें इन बातों का ध्यान, पितृ होंगे प्रसन्न

पंडितों की मान्यता है कि पितृपक्ष में अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए। यदि आप अपने पितरों को तर्पण करते हैं, तो ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करें। तर्पण के दौरान पानी में काला तिल, फूल, दूध, कुश मिलाकर पितरों का तर्पण करें। आज से पितृपक्ष शुरू हो गया है, इस समय लोग अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए कई तरह के उपाय करवाते हैं, तो आइए हम आपको कुछ उपाय बताते हैं जिनसे आपके पितृ प्रसन्न होकर आपको आशीर्वाद देंगे।

## पितृ पक्ष में ये गलती न करें

पंडितों की मान्यता है कि पितृपक्ष में अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए। यदि आप अपने पितरों को तर्पण करते हैं, तो ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करें। तर्पण के दौरान पानी में काला तिल, फूल, दूध, कुश मिलाकर पितरों का तर्पण करें। शास्त्रों का मानना है कि कुश का उपयोग करने से पितर जल्द ही तृप्त हो जाते हैं। पितृ पक्ष के दौरान आप प्रत्येक दिन स्नान के तुरंत बाद जल से ही पितरों को तर्पण करें। इससे उनकी आत्माएं जल्द तृप्त होती हैं और आशीर्वाद देती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृ पक्ष के दिनों में पितरों के लिए भोजन रखें। वह भोजन गाय, कौआ, कुत्ता आदि को खिला दें। पंडितों का मानना है कि उनके माध्यम से ये भोजन पितरों तक पहुंचता है।



**पितृपक्ष का महत्व :** हमारे हिन्दू धर्म में पितृपक्ष विशेष महत्व रखता है। हमारे यहां मृत्यु उपरांत व्यक्ति का श्राद्ध करना आवश्यक होता है। ऐसी मान्यता है कि अगर किसी का श्राद्ध विधिपूर्वक नहीं हुआ तो उसकी आत्मा को शांति नहीं मिलती है। माना जाता है कि पितृपक्ष के दौरान यमराज पितरों को उनके परिजनों से मिलने के लिए मुक्त कर देते हैं। ऐसे में अगर पितृपक्ष में पितरों का श्राद्ध न किया जाए तो उनकी आत्मा दुखी होती है।

**पितृपक्ष से जुड़ी पौराणिक कथा :** एक पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में जोगे और भोगे नामक के दो भाई रहते थे। जोगे बड़ा था और भोगे छोटा था। जोगे बहुत धनवान था लेकिन भोगे गरीब था। जोगे की पत्नी को अपना धनवान होने का बहुत अभिमान था लेकिन भोगे की पत्नी बहुत सरल थी। पितृपक्ष आने पर जोगे की पत्नी ने जोगे से पितरों का श्राद्ध करने को कहा लेकिन जोगे नहीं माना। लेकिन जोगे की पत्नी को लगा कि अगर श्राद्ध नहीं करेंगे तो समाज क्या कहेगा। इसलिए श्राद्ध करवाया और उसमें अपने मायके वालों को अपना धन दिखाने के लिए बुलाया। इस तरह जिस दिन श्राद्ध था उस दिन पितृ आए और उन्होंने देखा कि जोगे के घर उसके पत्नी के मायके वाले भोजन कर रहे हैं। यह देखकर पितृ बहुत दुखी हुए और भोगे के घर चले गए। भोगे के घर अगियारी निकली थी उसकी राख चाट कर पितृ चले गए। उसके बाद सभी पितृ जब नदी किनारे इकट्ठे हुए तो जोगे और भोगे के पितृ बहुत दुखी हुए। उन्होंने सोचा कि अगर भोगे के पास धन होता तो वह जरूर हमारा श्राद्ध अच्छे से करता । इसलिए सभी पितृ भोगे को धन मिले कहकर नाचने लगे। इधर भोगे के घर में भोजन नहीं होने के कारण उसके बच्चे भूखे थे। उन्होंने खाने का मांगा तो उनकी मां ने ऐसे ही कह दिया कि जाओ बर्तन में रखा है कुछ लेकर खा लो। जब बच्चों ने बर्तन खोला तो देखा कि उसमें सोने की मुहरे रखी हैं। उन्होंने यह बात मां को बतायी। इसके भोगे की पत्नी ने पितरों का अच्छे से श्राद्ध किया और जेठ-जठानी को बुलाकर आवभगत की।

**किस दिन करें श्राद्ध :** जिसकी मृत्यु तिथि का ज्ञान न हो उसका श्राद्ध अमावस्या को करना चाहिए। मृतक का श्राद्ध मृत्यु होने वाले दिन करना चाहिए। दाह संस्कार वाले दिन श्राद्ध नहीं किया जाता। अग्नि में जलकर, विष खाकर, दुर्घटना में या पानी में डूबकर, शस्त्र आदि से अल्पमृत्यु वालों का श्राद्ध चर्तुदशी को करना चाहिए, चाहे उनकी मृत्यु किसी भी तिथि में हुई हो। आश्विन कृष्ण पक्ष में सनातन संस्कृति को मानने वाले सभी लोगों को प्रतिदिन अपने पूर्वजों का श्रद्धा पूर्वक स्मरण करना चाहिए, इससे पितर संतृप्त हो कर हमें दीघार्यु, आरोग्यता, पुत्र-पौत्रादि यश, स्वर्ग पुष्टि, बल, लक्ष्मी, स्थान, वाहन, सब प्रकार की समृद्धि सौभाग्य, राज्य तथा मोक्ष की प्राप्ति कराते हैं।

## पितृपक्ष में निषेध हैं ये काम

- नये कपड़े और नया सामान न खरीदें।
- दरवाजे पर आए भिखारी और अतिथि का अपमान न करें।
- बासी खाना न खाएं। साथ ही शराब और मांस का भी सेवन न करें।
- पितृपक्ष में होने वाली पूजा में लोहे के बर्तन के स्थान पर हमेशा पीतल और तांबे के बर्तन का इस्तेमाल करें।
- तेल और सजावट का सामान इस्तेमाल नहीं करें।
- इस दौरान मसूर की दाल, अलसी, धतूरा, कुलथी और मदार की दाल का सेवन न करें।

## इन कामों से होते हैं पितृ प्रसन्न

- ब्राह्मणों को सम्मान पूर्वक बुलाकर भोजन कराएं। यह ध्यान रहे कि भोजन हमेशा दोपहर में ही कराएं, सुबह और शाम को देवताओं को समय होता है।
- ब्राह्मणों को भोजन कराकर उन्हें मीठा जरूर खिलाएं। मीठा खाने से ब्राह्मण प्रसन्न होंगे और उससे पितृ खुश होंगे।
- इसके अलावा आप गाय, कुत्ते और कौवों को भोजन करा सकते हैं। इन्हें भोजन कराएं बिना श्राद्ध अधूरा माना जाता है।

❖ प्रज्ञा पाण्डेय

## काव्य कोना

### आस्था और अनास्था

आस्था और अनास्था,
युँद्ध कहाँ,
शुरू और अन्त,
नींव की दीवार,
सागर की लहरें,
लहरों का उफान,
प्रेम का मतबालापन,
किनारे की खोज,
अपने अंतिम लहर से।
आदि और अन्त,
चेहरे की झुर्रियाँ,
प्रतीक्षा की कहानी,
घूँघट में चाँद,
प्रेम की प्रतीक्षा,
इतिहास का सारांश,
नीला गगन व्योम में,
धवल शुभ्रित एक किरण,
मिलन की आशा,
आस्था और अनास्था।

❖ नाग मणि

# सीने में दर्द की समस्या से हैं परेशान तो आजमायें ये उपाय

लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।

ऐसी कई चीजें होती हैं, जो सीने में दर्द या बेचैनी का कारण बन सकती हैं। मसलन, गैस, पेट में जलन और बहुत अधिक खांसी सीने में दर्द की वजह बन सकती है। एनजाइना सीने में दर्द है जो अल्पकालिक होता है और अक्सर आराम से राहत मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। दर्द आमतौर पर छाती में होता है और कंधे, हाथ या जबड़े में भी महसूस किया जा सकता है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीकों को अपनाकर सीने में दर्द की समस्या को दूर सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखें कि सीने में दर्द किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगातार दर्द हो रहा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**बादाम :** जब भोजन करने के बाद सीने में दर्द होता है, तो एसिड रिफ्लक्स या गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स दोष के कारण हो सकता है। दोनों स्थितियों में सीने में दर्द हो सकता है। ऐसे में बादाम या दूध में बादाम



मिलाकर खाने से फायदा हो सकता है।

**लगाएं कोल्ड पैक :** मांसपेशियों में खिंचाव छाती या दिल के दर्द के सामान्य कारणों में से एक हो सकता है। ऐसे मामलों में, किसी व्यक्ति को चोट, व्यायाम और अन्य गतिविधियों के कारण छाती में दर्द हो सकता है। इस प्रकार की समस्याओं को मैनेज करने के लिए, कोल्ड पैक को प्रभावित स्थान पर रखने से राहत मिलती है और सूजन कम हो जाती है।

**गर्म पेय का करें सेवन :** जब किसी व्यक्ति का दर्द गैस या सूजन के कारण होता है तो गर्म पेय गैस को कम करने में सहायक हो सकता है। गर्म तरल पदार्थ पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। हिबिस्कस चाय पाचन और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करती है, यह रक्तचाप को भी कम करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करती है।

**लहसुन आएगा काम :** लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।

**लेटें :** जब छाती या दिल में दर्द होता है, तो व्यक्ति को शरीर के ऊपर ऊंचा सिर के साथ तुरंत लेटने से कुछ राहत मिल सकती है। जब दर्द रिफ्लक्स के कारण होता है तो इस तरह लेटने से व्यक्ति को काफी आराम मिल सकता है।

**हल्दी :** हल्दी में कई तरह के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सीने में दर्द के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस दर्द को कम करने के लिए रात को सोने से पहले गर्म दूध में हल्दी मिलाकर सेवन करना चाहिए।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृष राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** अति उत्साही होने से बचें। किसी मित्र का सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :** माता के परिवार की किसी बुजुर्ग महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। मन थोड़ा परेशान हो सकता है।

**सिंह राशि :** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। मित्रों के प्रभाव से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। किसी पैतृक कारोबार का विस्तार हो सकता है। आय बढ़ेगी।

**कन्या राशि :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला राशि :** बातचीत में सन्तुलित रहें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु राशि :** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा।

**मकर राशि :** नकारात्मकता का प्रभाव भी हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। खर्चों में भी वृद्धि होगी।

**कुंभ राशि :** अपनी भावनाओं को वश में रखें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन राशि :** सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करते रहें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट



Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### भूकंप के तेज झटकों से कांपा पापुआ न्यू गिनी

**पापुआ न्यू गिनी (एजेंसी)।** पापुआ न्यू गिनी के उत्तरपूर्वी इलाके में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने भूकंप की तीव्रता 7.6 मापी है। अभी भूकंप से हुए नुकसान के बारे में जानकारी नहीं मिल पायी है, लेकिन यूएसजीएस ने कुछ लोगों के हताहत होने तथा नुकसान की आशंका जतायी है। भूकंप सुबह छह बजकर 46 मिनट पर आया। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, भूकंप का केंद्र कम आबादी वाले इलाके कैनांतु से 67 किलोमीटर पूर्व में जमीन से 50-60 किलोमीटर की गहरायी में था। राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) ने कहा कि इलाके में सुनामी का कोई खतरा नहीं है। यह भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। देश के मध्य क्षेत्र में 2018 में 7.5 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 125 लोग मारे गए थे।

### अगले 10 दिनों में नयी पार्टी की घोषणा करेंगे गुलाम नबी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** हाल में कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि वह अगले 10 दिनों में अपनी नयी राजनीतिक पार्टी के नाम की घोषणा करेंगे। श्री आजाद ने अखिल भारतीय प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अलग होने के बाद उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में डाक बंगलो में अपनी पहली सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह एक नयी राजनीतिक पार्टी बनायेंगे और अगले दस दिनों के दौरान उसके नाम की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को वापस लाने के लिए लोकसभा में दो तिहाई बहुमत और राज्यसभा में 150 सदस्य होने चाहिए, यह कहां से आएगा। मैं धारा-370 पर लोगों को गुमराह क्यों करुं। उन्होंने दोहराया कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ते रहेंगे, कोई बाहरी व्यक्ति जमीन नहीं खरीदेगा और न ही बाहरी व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि वह उनकी सोच को नहीं मार सकते है इसके लिए उन्हें गुलाम नबी आजाद को मारना होगा। उन्होंने कहा कि मैं किसी को भी धर्म, राजनीति और क्षेत्रीय मुद्दों के नाम पर वोट देने की अनुमति नहीं दूंगा और चाहे मैं जीतू या हार जाऊं। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि मैंने लोगों से कहा कि वह मेरा समर्थन करें, मैं उनके जीवन को समृद्ध करने के लिए अपना खून दूंगा। मैं लोगों से नहीं कहूंगा कि वह मुझे मुख्यमंत्री बनाएं और मैं उनके लिए आसमान से तारे ला दूंगा यह संभव नहीं है गुमराह न हों।

### दोनों गुटों के 10 से 20 सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# शिंदे और उद्धव गुट के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, विधायक पर फायरिंग का आरोप



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के दादर इलाके में इंटरनेट मीडिया पोस्ट को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे गुट और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। दोनों गुटों की शिकायतों के बाद मुंबई पुलिस ने स्थानीय विधायक सदा सरवनकर सहित दोनों गुटों के 10 से 20 सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। दादर पुलिस ने शिवसेना के पांच कार्यकताओं को भी गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना न्यू प्रभादेवी इलाके में तड़के करीब साढ़े बारह बजे हुई। शिवसेना के पदाधिकारी संतोष तलावने पर महेश सावंत और 30 अन्य लोगों ने कथित तौर पर हमला किया।

तलवणे शिंदे गुट का हैं, जबकि महेश सावंत ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से है। शिवसेना सांसद अरविंद सावंत, जो पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे का समर्थन करते हैं, ने शिंदे गुट के विधायक सदा सरवनकर के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत कथित तौर पर झड़प स्थल पर सार्वजनिक रूप से गोलीबारी करने के लिए कार्रवाई की मांग की। उद्धव ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद दादर पुलिस थाने में अधिकारियों से मुलाकात के बाद सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि अगर गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया गया और कार्रवाई सरवनकर के खिलाफ नहीं हुई तो उनकी पार्टी सड़कों पर उतरेगी और लोगों को पता चलेगा कि असली शिवसेना कौन है।गणेश विसर्जन के बाद कहासुनी हुई और आधी रात के करीब शिवसेना के दोनों गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। सरवनकर ने प्रतिद्वंद्वी समूह को मौखिक रूप से गाली दी और सार्वजनिक रूप से दो बार गोली चलाई। शिवसेना प्रवक्ता ने यह भी दावा किया कि पुलिस इसकी गवाह है। जब हमारे कार्यकर्ता दादर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने गए तो उसे स्वीकार नहीं किया गया।

### एनसीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शरद पवार ने देश की सुरक्षा पर केंद्र को घेरा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल बजाते हुए दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन किया। इस दौरान पार्टी के मुखिया शरद पवार नें केंद्र सरकार पर चीन के मुद्दे पर आरोप लगाते हुए कहा, हमारे पीएम ने हर वक्त इस देश को गुमराह किया। शरद पवार ने निशाना साधते हुए कहा, देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। 2020 में चीन हमारे देश के अंदर घुसे और प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की सीमा में किसी ने घुसपैठ नहीं की है। चीन नें भारतीय क्षेत्र के अंदर एक पूरा गांव बना लिया है। हमारी सरकार ने साफ तौर पर इसको नकारा। हमारे पास अरुणाचल प्रदेश में चीनी निर्माण से निपटने के लिए बुनियादी ढांचा भी नहीं है। हमारी सीमाओं की रक्षा करने में सरकार की पूर्ण विफलता को स्पष्ट रूप से दिखाया है। उन्होंने आगे कहा, शिवाजी महाराज ने हमें दिल्ली के सिंहासन के आगे झुकना नहीं सिखाया है। आज हम ऐतिहासिक क्षेत्र में एक साथ आये हैं। तालकटोरा का एक इतिहास है। सदाशिराव पेशवा पुणे से दिल्ली आये थे। वे तालकटोरा में रुके थे। दिल्ली ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान, श्रीलंका ने तानाशाही देखी, धार्मिक हिंसा देखी। वहां का संसदीय लोकतंत्र नष्ट हो गया। हम अभी तक इस सड़क से नीचे नहीं उतरे हैं। यह महात्मा गांधी के बलिदान के कारण नेहरू सरदार पटेल मौलाना आजाद ने शांति लायी। इसके साथ ही एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा, सभी दल के नेता आज सभी शरद पवार के पास मार्गदर्शन के लिए आते हैं। चाहे नीतीश हों या ममता या फिर लेफ्ट या कांग्रेस के नेता हों, सभी दलों को लगता है कि पवार जी मिलाकर रख सकते हैं। गुजरात के चुनाव आगे है, लोकसभा का चुनाव भी आने को है। आपने देखा कि किस तरह से अनैतिक तरीके से महाराष्ट्र की सरकार गिराई गई। आने वाले वक्त में विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव का सामना करना है। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार की स्थापना कर अभिनव प्रयोग किया।

## ईडी ने अब तक छापे में जब्त किये एक लाख करोड़ रुपये



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय इन दिनों जबरदस्त एक्शन में है। ईडी ने भ्रष्ट व्यापारियों, नेताओं और नौकरशाहों के खिलाफ लगातार छापे मारकर उनके भ्रष्टाचार पर न केवल लगाम लगायी है, बल्कि उनके करोड़ों रुपये नगद और अवैध संपत्ति को भी जब्त किया है। ईडी की इस कार्रवाई से एक तरफ देश में हड़कंप मचा हुआ है, तो दूसरी तरफ तारीफ भी हो रही है। मार्च 2022 के अंत तक ईडी के पास एक लाख करोड़ की संपत्ति अटैच है। यह संपत्ति उन मामलों से संबंधित है जो अभी विचाराधीन हैं। गौरतलब है कि छापे के बाद अक्सर ईडी के अधिकारी बड़े-बड़े कंटेनर में रुपये ले जाते हुए दिखाई देते हैं। मीडिया के सामने जब्त किये नगद को ई और डी अक्षरों के आकार में रखा जाता है, पर सवाल यह है कि इतनी मात्रा में मिली नगद राशि का आखिर होता क्या है, वह कहां जाती है? जानकारी के मुताबिक, एक बार जब छापा पड़ गया और ईडी ने नगद रुपये जब्त कर लिये, तो उसके बाद जांच अधिकारी उसे सीधे अपने कार्यालय ले जाते हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी कोई भी हो, चाहे ईडी हो, सीबीआई हो या इनकम टैक्स, इन सभी को मनी लॉन्ड्रिंग, घोटालों, कर अनियमतताओं और किसी भी तरह अनियमितता की स्थिति में छापा मारने और जब्त हुई किसी भी तरह की सामग्री, रुपयों या प्रॉपर्टी की जांच करने का अधिकार है। नगद, सामग्री या प्रॉपर्टी की जब्ती के बाद उनका आंकलन किया जाता है। इसके बाद जब्त हुए सामान की बाकायदा एक विस्तृत रिपोर्ट या पंचनामा बनाकर फाइल किया जाता है। इसके बाद जब्त हुई नगद राशि को ईडी के किसी भी सरकारी बैंक अकाउंट में जमा कर दिया जाता है। यहां यह जानना जरूरी है कि अगर जब्त हुई राशि, सामान या जेवरात पर किसी भी तरह का निशान हो तो ईडी उसे सील किए हुए लिफाफे में रखती है, ताकि उसे सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया जा सके।

## महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर भारत में राजकीय शोक, सम्मान में झुका राष्ट्रीय ध्वज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद रविवार को भारत में एक दिन का राजकीय शोक मनाया गया। राजकीय शोक के दौरान लाल किले और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुका दिया गया। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आठ सितम्बर को निधन हुआ था। इसके बाद केंद्र सरकार ने एक दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की थी। ब्रिटेन में महारानी के निधन के बाद 10 दिन का राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया गया है। केंद्र सरकार के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड के यूनाइटेड किंगडम की महामहिम महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आठ सितम्बर 2022 को निधन हो गया। दिवंगत महारानी के सम्मान में भारत सरकार ने 11 सितम्बर को देशभर में एक दिन का राजकीय शोक मनाने का निर्णय किया है। बयान में कहा गया कि राजकीय शोक वाले दिन, देश भर में उन सभी भवनों पर, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है, राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और उस दिन कोई आधिकारिक मनोरंजन की गतिविधि आयोजित नहीं होगी।

### पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि अपने संदेशों में, उन्होंने कहा कि वह हमारे समय की दिग्गज थीं; एक दयालु व्यक्तित्व, जिन्होंने अपने राष्ट्र व लोगों को प्रेरक नेतृत्व प्रदान किया। ब्रिटिश उच्चायोग ने यहां उच्चायुक्त के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के इच्छुक लोगों के लिए शोक पुस्तिका रखी है।

## जेलेंस्की के जज्बे ने पुतिन को किया पस्त, यूक्रेन छोड़ कर वापस भाग रहे रूसी सैनिक

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस अब बैकफुट पर दिखने लगा है। यूक्रेनी सेना के तेजी से आगे बढ़ने के बाद रूसी सैनिकों ने उत्तर पूर्वी यूक्रेन में अपना मुख्य गढ़ छोड़ दिया है। शनिवार को खार्किव प्रांत में तेजी से पीछे हटना रूस की इस लड़ाई में अब तक की सबसे खराब हार थी। इससे पहले मार्च में रूसी सैनिकों को राजधानी कीव से वापस भेज दिया गया था। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में यह महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। रूसी सैनिकों ने गोला-बारूद के भंडार और हथियारों को भी वहीं छोड़ दिया है। सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ळअरर ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि उसने सैनिकों को आसपास के क्षेत्र को छोड़ने और पड़ोसी डोनेट्स्क में कहीं और अभियान को मजबूत करने का आदेश दिया है। खार्किव में रूसी प्रशासन के प्रमुख ने अपने सैनिकें से प्रांत को खाली करने और जान बचाने के लिए रूस भाग जाने के लिए कहा।

## दिल्ली में एक हजार बसों की खरीद में 'भ्रष्टाचार' की जांच करेगी सीबीआई, उपराज्यपाल ने दी मंजूरी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीटीसी द्वारा 1,000 लो-फ्लोर बसों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआई को शिकायत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस साल जून में सक्सेना को संबोधित एक शिकायत में दावा किया गया था कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने 'पूर्व नियोजित तरीके से' परिवहन मंत्री को बसों की निविदा व खरीद के लिए गठित समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। शिकायत में यह आरोप भी लगाया गया था कि इस निविदा के लिए बोली प्रबंधन सलाहकार के रूप में डीआईएमटीएस की नियुक्ति गलत कामों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से की गई थी। सूत्रों ने बताया कि शिकायत में कहा गया कि 1,000 लो फ्लोर बीएस-4 और बीएस-6 बसों के लिए जुलाई 2019 की खरीद बोली और मार्च 2020 में लो फ्लोर बीएस-6 बसों की खरीद व वार्षिक रखरखाव के अनुबंध के लिए लगाई गई दूसरी बोली में अनियमितताएं हुईं। गत 22 जुलाई को शिकायत पर दिल्ली सरकार के विभागों की प्रतिक्रिया लेने के लिए मुख्य सचिव के पास भेजा गया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने 19 अगस्त को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कुछ 'अनियमितताओं' की ओर इशारा किया गया था। इसके बाद सक्सेना ने शिकायत सीबीआई को भेज दी है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान बाल-बाल बचे

### तकनीकी खराबी के चलते प्लेन को कराया गया लैंड

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान उस समय बाल-बाल बच गए जब उनका प्लेन एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गया। इमरान का प्लेन चकलाला से गुंजरावाला के रास्ते में था तभी इसमें एक तकनीकी खराबी आ गई। इमरान एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए स्पेशल प्लेन से गुंजरावाला जा रहे थे। टेक ऑफ के बाद इसमें तकनीकी खराबी आ गई थी। फ्लाइट के कैप्टन ने कंट्रोल टॉवर से कॉन्टैक्ट किया और प्लेन की सुरक्षित लैंडिंग कराई। इसके बाद इमरान ने सड़क के जरिए अपनी गुंजरावाला रैली तक पहुंचे।

**पार्टी ने खबरों को बताया गलत : इधर,** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के मुखिया के प्लेन में क्या खराबी आ गई थी, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पाकिस्तान के अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की तरफ से बताया गया है



कि पीटीआई के नेता अजहर मशवानी ने कहा कि टेकऑफ के तुरंत बाद ही इमरान खान इस्लामाबाद वापस लौट आए थे। उन्होंने बताया कि खराब मौसम की वजह से इमरान ने यह फैसला लिया था। मशवानी की तरफ से ट्विटर पर यह सफाई उस समय दी गई जब पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इमरान एक बड़े प्लेन क्रैश का शिकार होने से बच गए। पाक मीडिया की मानें तो प्लेन पंजाब के गुंजरावाला की तरफ जा रहा था और आधे रास्ते में था कि इसे लैंड कराना पड़ गया। अशवानी की मानें तो किसी भी तकनीकी खराबी की खबरें पूरी तरह से गलत हैं।

**इमरान के विरोधी असफल :** दूसरी तरफ पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बतौर पीएम लोगों के बीच प्रभाव छोड़ने में विफल नजर आ रहे हैं। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जहां पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, शरीफ की खुलकर आलोचना कर रहे हैं, वहीं सत्ताधारी गठबंधन और संबंधित क्षेत्रों में भी कई लोग हैरान हैं कि शहबाज अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहे हैं। संघीय राजधानी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में आनेवाले सरकारी विभागों की सेवा वितरण पहले की तरह निराशाजनक है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, शहबाज की नौकरशाही पर मजबूत पकड़ थी, लेकिन केंद्र में चीजें उनके नियंत्रण में नहीं हैं। शहबाज के करीबी सहयोगियों में से एक के अनुसार, प्रधानमंत्री का मुख्य फोकस अर्थव्यवस्था पर रहा है, जिसको लेकर अभी तक कोई खास कदम नहीं उठाया गया है। कई लोगों के लिए हैरानी वाली बात यह है कि आईएमएफ सौदे के बाद भी अर्थव्यवस्था बेहतर होने के बजाय लगातार खराब होती जा रही है।

### पाकिस्तान में काफी बिगड़ रहे हालात

**वहीं,** इस्लामाबाद में शादियों के लिए वन-डिश पॉलिसी लागू करने की घोषणा की, लेकिन इसके उल्लंघन की खबरें सामने आने लगी। खास बात यह है कि सबसे ज्यादा खबरें पंजाब प्रांत से सामने आई, जिसके मुख्यमंत्री शहबाज रह चुके हैं। संघीय सरकारी विभागों में पब्लिक डीलिंग में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। कहा जाता है कि शहबाज शरीफ ने कठिन परिस्थितियों के दौरान प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली, तब आर्थिक परिस्थितियां काफी कमजोर थीं। वह सत्तारूढ़ गठबंधन पर अधिक निर्भर है।



## न्यूज गैलरी

### मारवाड़ी कॉलेज के 7 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

रांची। मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से एक्स्ट्रा मार्क्स कंपनी में कॉलेज के 7 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव पद के लिए चुना गया है। चयनित विद्यार्थियों में प्रशांत कुमार, सैयद इजाज, जिया परवीन, रागिनी गुप्ता, ऋतिक वर्मा, शशि और वासपी नहिद शामिल हैं। इनका वार्षिक पैकेज 4.50 लाख रुपये और जॉब लोकेशन रांची होगा। सभी विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, प्लेसमेंट सेल के सहायक समन्वयक अनुभव चक्रवर्ती ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। मौके पर बीसीए के समन्वयक प्रो शुभंकर आईच, प्रो प्रकाश कुमार और डॉ अविनाश कुमार मौजूद थे।

### असेंड टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बच्चों के सामग्री का किया वितरण




रांची। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, लालपुर, रांची में असेंड टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक देवेश कुमार सिंह, हैदर इकबाल सेल्स प्रबंधक, सत्यजीत आप्रेशन अधिकारी ने सितंबर 2022 के विगत सप्ताह में विद्यालय के बच्चों को हर विषयों पर ज्ञान दिया तथा बच्चों को कॉपी, कलम, पेंसिल, स्केल, कलर, टीफीन बॉक्स उपहार मे देकर बच्चो को उत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका महोदया रीना रानी एकता ने इसके लिए कंपनी का विशेषकर संजय कुमार, सर्कल हेड और मानव प्रबंधक देवेश कुमार सिंह का आभार जताया।

### परसिस्टेंस एडूकेशन के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन



रांची। रविवार को आईआईटी द्वारा जेईई एडवांस्ड, 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसिस्टेंस एडूकेशन के छात्रों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 16 छात्रों में से 8 छात्र सफल रहे हैं। रवि कुमार का रैंक 2195 है, जयेश रंजन का रैंक 2862, अक्षत प्रकाश का रैंक 3083, वैष्णवी झा का रैंक 3209, प्रियदर्शिनी कुमारी का रैंक 12313, प्रांजल कुमार का रैंक 1 5989 एवं आर्यमन झा का रैंक 16625 है। साथ ही आशीष उरांव का प्रेप कोर्स के लिए चयन हुआ है। उल्लेखित सभी रैंक श्रेणी अर्हता के अनुसार हैं। छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि आशीष आनंद स्वयं आईआईटी बॉम्बे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

### इंजीनियर हर माह चार बार सड़क परियोजना का करें निरीक्षण

रांची। पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को हर माह कम से कम चार बार एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा कम से कम दो बार योजनाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। सचिव ने स्पष्ट कहा है कि योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में फोटोग्राफ,शॉट वीडियो 20-30 सेकेंड के साथ प्रतिवेदन भी वे मुख्य अभियंता यातायात को उपलब्ध करायें। मुख्य अभियंता को भी कहा गया है कि वे हर माह में समेकित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करायें। सचिव ने इसके अलावा 2021-22 की स्वीकृत योजनाएं जो अभी भी चल रही है उसका भी पूरा डाटाबेस तैयार करने को कहा है। गुण नियंत्रण विभाग को भी निर्देश दिया है कि वे योजनाओं के कार्यान्वयन में गति एवं गुणवत्ता दोनों का विशेष ध्यान रखें। चीफ इंजीनियर को कहा गया है कि वे प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर उसका अनुश्रवण करते रहें।

### श्री दुगार्पूजा महोत्सव को लेकर युवा दस्ता की नई कार्यकारिणी का गठन

## इसबार धूमधाम से मनाया जायेगा दुर्गापूजा का महापर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मक दुर्गापूजा की आहट शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिखने लगी है। दुर्गापूजा को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पंडालों का बनना भी शुरू हो गया है। लोगों का दिलों में दुर्गापूजा का उत्साह दिखने लगा है। युवा दस्ता की बैठक रविवार को युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में शिव मंदिर परिसर बड़ा तालाब में हुई। बैठक में श्री दुगार्पूजा मोहत्सव 2022 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता की वार्षिक चुनाव को सम्पन्न हुआ। युवा दस्ता 2022 के संगठन विस्तार को सर्वसम्मति से मुख्य सलाहकार समिति के उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। नई कार्यकारिणी में मुख्य सलाहकार समिति में किशोर साहू, राहुल सिंह चंकी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, लोकेश खलखो एवं लंकेश सिंह शामिल हैं।

नई कमिटी में हैं शामिल

अध्यक्ष- राजेश गुप्ता छोटू, उपाध्यक्ष- पीयूष आनंद, राकेश सिंह, मुकेश कंचन, राजेश कुमार राम बनाये गये।
महामंत्री- आनंद शंकर मुंडा, मंत्री -अभय सिंह , प्रेम वर्मा, संदीप रजक को बनाया गया। युवा दस्ता के सभी क्षेत्रीय प्रभारी में हिनू-अंकित सिंह, बड़गाई-मनीष साहू, पुनदाग-अमरदीप साहू,कोकर-सागर पासवान, कांके-सपन बोस,लोअर बाजार-संदीप रजक, चुटिया-उमा शंकर तांती,अपर बाजार-शशांक शर्मा,रातू रोड- टिंकू महतो बने हैं।

### पंजाब नेशनल बैंक में वैक्सीनेशन कैंप लगाया




**रांची।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से रविवार को वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन मेन रोड स्थित शाखा में किया गया। इसमें सामान्य वैक्सीन एवं बूस्टर डोज की व्यवस्था थी। कैंप में बैंककर्मियों के अलावा आसपास के लोगों और बैंक के खाताधारकों ने वैक्सीन लगाई। इससे पूर्व कैंप का उद्घाटन बैंक के मंडल प्रमुख दीपक कुमार श्रीवास्तव ने किया। कैंप को सफल बनाने में उप मंडल प्रमुख अरविंद कालरा, मुख्य प्रबंधक मेन रोड शाखा सुनील कुमार गुप्ता, उमेश कुमार सिन्हा, राजन लकड़ा और सदर अस्पताल रांची के स्वास्थ्यकर्मियों ने योगदान दिया।

## बीएयू में दुर्गा पूजा समिति गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में रविवार को डॉ राकेश कुमार की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा समिति की 48 वीं बैठक संपन्न हुआ। बीएयू परिसर में वर्ष 1975 से दुर्गा पूजा सफल आयोजन होता आ रहा है। बैठक में इस वर्ष पूजा के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से वर्ष 2022 के लिए नई कार्यकारणी समिति गठित की गयी। समिति के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह होंगे। डॉ एसके पाल, डॉ एस कमार्कार एवं डॉ एन कुदादा को संरक्षक तथा डॉ डीएन सिंह को महासचिव बनाया गया है। समिति के अध्यक्ष डॉ केके झा, सचिव डॉ राकेश कुमार, सह सचिव डॉ अरविन्द कु सिंह व डॉ सुधीर कु सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आरपी मांझी व विध्यांचल राम, उपाध्यक्ष प्रो डीके रूसिया व भोगेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार वर्मा तथा सह कोषाध्यक्ष विजय सिंह एवं राकेश सिन्हा बनाये गये है। अदीप कु सिंह, नरेंद्र प्रसाद, धर्मेन्द्र रावल, कु पंकज, आरबी सिंह, अशोक सिंह, उमेश कुमार, अंबिका सिंह, केके सिन्हा, सदानंद शर्मा, धर्मेन्द्र पासवान, आलोक मेहता, कु अभिषेक, साकेत कु एवं दीपू उपाध्याय को कार्यकारणी का सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में पिछले वर्ष पूजा के आयोजन में आय-व्यय विवरणी तथा इस वर्ष के प्रस्तावित बजट को अनुमोदन प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से पूजा दौरान विभिन्न आयोजनों के खर्च का भार वहन करने पर सहमति प्रदान की। पूजा को शांतिपूर्ण एवं सदभाव के साथ मनाने पर सहमति दी। यह जानकारी कोषाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने दी।

## गुरु एक माली की सामान होते हैं, जो बच्चों को सिंचकर बड़ा करते हैं : न्यायमूर्ति बीएन राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को डीएवी शिक्षा दीप विद्यालय हेहल के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सिविल कोर्ट गुमला के न्यायमूर्ति बीएन राय एवं विशिष्ट अतिथि,छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान तिरिल आश्रम के महामंत्री अभय कुमार चौधरी, वार्ड पार्षद विनोद सिंह, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,कलावती कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य विश्व दीपक पांडे आदि गणमान्य बंधुगण मौजूद थे। न्यायमूर्ति बी.एन.राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं कहा कि गुरु एक माली की तरह होता है जो अपने परिश्रम रूपी जल से अपने छात्र-छात्राओं को सिंचित करता है। विद्यालय निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा शिक्षा हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है जो जीवन पर्यंत चलता है, शिक्षक कुम्हार की भांति हैं जो अपने विद्यार्थियों को सुंदर आकार प्रदान करते हैं। विद्यालय के



प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को दोहराया।उप प्राचार्य आनंद कुमार ने अपनी निष्ठा को जाहिर करते हुए अपने छात्र-छात्राओं के प्रति प्रेम भाव बनाए रखने की उम्मीद जाहिर किया।विद्यालय के शिक्षक विमलेश कुमार, मनोज कुमार, दिव्यांश अनुज, रिंकी कुमारी, अस्मिता कुमारी, मधुबाला कुमारी, आरती कुमारी, अंजली कुमारी, अनु आस्था आदि शिक्षकों ने समारोह को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रधान शिक्षिका सुगी महतो ने किया।

### भाजपा ने शंकराचार्य के निधन पर जताया शोक

**रांची।** द्वारका शारदा पीठ एवं ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी का निधन पर भाजपा के नेताओं ने जताया शोक। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू,डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य नेताओं ने शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निधन पर शोक ब्यक्त करते हुए कहा कि शंकराचार्य जी का निधन पूरी दुनियां के हिन्दू समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है ।हम लोगों को उनके बताये रास्तों पर चलना चाहिए। वह हमेशा धर्म और समाज के लिए जीते रहे। नेताओं ने कहा कि शंकराचार्य जी सनातन संस्कृति व धर्म के प्रचार-प्रसार को समर्पित थे उनके कार्य सदैव याद किए जाएँगे, ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें।

### 47वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे प्रसाद का हुआ वितरण

## 900 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पितृ पक्ष के प्रथम दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 900 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के सक्रिय सदस्य बिष्णु गीता देवी सोनी एवं उनके परिवार के सौजन्य से अपने माता



पिता संतुलाल गीता देवी सोनी की स्मृति में बिष्णु सोनी, शिव सोनी, गिरधारीलाल सोनी, कन्हैयालाल सोनी, गीता देवी, संतोष देवी, सविता देवी सोनी एवं अंजु सोनी श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के ओमप्रकाश सरावगी, नवल टिबडेवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए राहगीरों एवं बच्चों के बीच 47वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान अन्नपूर्णा माता एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 47वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु परवल की सब्जी पापड़ एवं खीर का वितरण किया। आज जैसे ही संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने और संस्था के सदस्यों ने श्री प्राणनाथ प्यारे की जय।

### पांचवीं झारखंड सीनियर सेपक टेकरा प्रतियोगिता संपन्न

## महिला वर्ग में धनबाद व पुरुष वर्ग में रांची टीम चैंपियन बनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/ धनबाद।** सेपक टकरा एसोसिएशन आफ झारखंड एवं धनबाद जिला सेपक टकरा संघ के संयुक्त तत्वाधान मे इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग सुदामडीह धनबाद में 5वीं झारखंड सीनियर सेपक टेकरा प्रतियोगिता सुबह 10:00 बजे प्रारंभ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार सीनियर मैनेजर बीसीसीएल, इ.जे एरिया भंवरा, श्री डी के सिन्हा बीपीसीएल- प्रोजेक्ट अफसर इ.जे एरिया भंवरा, वरिष्ठ अतिथि के रूप में भरत वैष्णव, सेफ्टी मैनेजर एसपी कॉलरी एवं स्कूल के प्राचार्य श्री संतोष कुमार राम, सुदामडीह थाना प्रभारी, राष्ट्रीय निर्णायक अमरेंद्र दत्त दिवेदी, गोकुलानंद मिश्र महासचिव जमशेदपुर आदि उपस्थित थे जिनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुति किया गया।इस प्रतियोगिता में रांची, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला- खारसावा, जामताड़ा, गुमला, लोहरदगा, बोकारो एवं धनबाद जिले के खिलाडीयों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह



संध्या 4:00 बजे संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के परिणाम निम्नवत रहेः पुरुष वर्ग प्रथम - रांची, द्वितीय - धनबाद, तृतीय - ईस्ट सिंहभूम, जामताड़ा रहा।

महिला वर्ग : प्रथम -धनबाद, द्वितीय -रांची, तृतीय - इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग धनबाद रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संघ के अध्यक्ष साबिर अख्तर महासचिव कुसुम महतो आयोजन सचिव कौशल कुमार सिंह ,चंद्रशेखर सिंह, देवेश बॉस, मुकेश सिंह, आशीष बनर्जी सुमित केसरी, पूनम सिंह, जयंती गोस्वामी, बोला बॉस, आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा ।इसकी जानकारी देते हुए सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रेसिडेंट श्री उदय साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी कलकत्ता में आयोजित सीनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### डॉ. राजेश गुप्ता फिर से चुने गए अध्यक्ष, नगीना कुमार महासचिव व सौरभ कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित

## 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा झारखंड : डॉ. राजेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की वार्षिक आम बैठक रविवार को संपन्न हुई। रांची के गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, चिरौंदी में आयोजित इस बैठक में संघ के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। भारतीय थ्रोबॉल संघ के महासचिव श्री रमन साहनी एजीएम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। एजीएम में झारखंड थ्रोबॉल संघ की वार्षिक बजट और क्रियाकलापों पर चर्चा हुई तथा सर्वसम्मति से भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

इन्हें दी गई जिम्मेदारी : आम वार्षिक बैठक (एजीएम) के दौरान सर्वसम्मति से डॉ. राजेश गुप्ता पुनः अध्यक्ष चुना गया तथा नगीना कुमार को महासचिव व सौरभ कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

डॉ. रामेश्वर उरांव होंगे 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक : यह पूरे झारखंड के लिए गर्व एवं हर्ष की बात है कि 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी झारखंड करेगा। प्रतियोगिता को लेकर एजीएम के दौरान विस्तृत चर्चा की गई तथा आयोजन समिति के गठन को लेकर चिंतन-मंथन किया गया। झारखंड थ्रोबॉल संघ के नवनिर्वाचित महासचिव नगीना कुमार ने बताया कि डॉ. रामेश्वर उरांव 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक होंगे तथा डॉ. राजेश गुप्ता आयोजन समिति के अध्यक्ष व आलोक दुबे आयोजन समिति के सचिव होंगे। एजीएम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय थ्रोबॉल संघ के महासचिव रमन साहनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में एक महेंद्र सिंह धोनी सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भूमि झारखंड में 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा और हमें पूर्ण विश्वास है कि झारखंड थ्रोबॉल संघ की मेजबानी में आयोजित यह प्रतियोगिता ऐतिहासिक होगी। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की कार्यकारिणी कमिटीः अध्यक्ष- डॉ. राजेश गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष- सुरेश साहू, अरविंदर सिंह देवल, विजेता वर्मा, भारत काशी, वरीय उपाध्यक्ष-विनोद गोप, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आशुतोष गोस्वामी, हरीश कुमार, जमील अंसारी, उपाध्यक्ष-मनोज गुप्ता, राज उरांव, लाल मनीष नाथ शाहदेव, शिव शंकर पांडेय, मनोज शर्मा, महासचिव- नगीना कुमार, संयुक्त सचिव-शंकर गोप, नीरज वर्मा, सरिता कुमारी, अमरदीप कुमार आदि शामिल थे।




> भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में एक महेंद्र सिंह धोनी सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भूमि झारखंड में 32वें जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

### इमा बेल्ट सेरेमनी में 25 जूनियर खिलाड़ियों को मिला बेल्ट

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वाधान में बहू बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें येलो बेल्ट से ब्लैक बेल्ट तक के खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान किया गया। संत जोसेफ क्लब की खिलाड़ी अजीत रोशन टेटे को ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की उपाधि से नवाजा गया। इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने अजीत रोशन टेटे को ब्लैक बेल्ट पहनाकर डान की उपाधि दी। साथ ही अन्य 25 जूनियर खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान किया। रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि समय पर बेल्ट का अपग्रेडेशन जरूरी है ताकि खिलाड़ियों के तकनीक को एडवांस किया जा सकें। मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, कुंदन उरांव, सुदेश कुमार महतो मौजूद थे। बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में आशिन, जुरिअल मिंज आरोन, क्रिस्टी मिंज, आरोही, भूमि, समेत अन्य शामिल हैं।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने बैठक कर कामगारों को समझौते के बारे में जानकारी दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल की रजरप्पा परियोजना के बेस वर्कशॉप में कार्यरत कामगारों के बीच राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) ने 11 सितंबर को बैठक बुलायी। मौके पर यूनियन के सचिव रमेश विश्वमकर्मा ने रजरप्पा क्षेत्र में उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय), धनबाद के न्यायालय में 9 सितंबर को हुए लिखित समझौता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत यहां कार्यरत 803 कामगारों के मार्च, 2017 का बकाया 50 लाख रुपये ओटी भुगतान हो सकेगा। विश्वाकर्मा ने रजरप्पा वाशरी परियोजना में कार्यरत ठेका मजदूरों के 12 सूत्री और कामगारों के 31 सूत्री मांगों को लेकर रजरप्पा क्षेत्र के



महाप्रबंधक कार्यालय गेट के समक्ष 14 सितंबर को आहूत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की जानकारी दी। इसे सफल बनाने की अपील की। मौके पर आरकेएमयू रजरप्पा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर यूनियन के रजरप्पा क्षेत्र के संयुक्त सचिव धनेश्वर राम, उपाध्यक्ष चरितर राम, कोषाध्यक्ष बालेश्वर शर्मा, सह सचिव राम किशुन रजक, रजरप्पा वाशरी के सचिव पांथो नंदी, नंदकिशोर सिंह, महेंद्र प्रसाद, महेंद्र राम, बीबी विश्वकर्मा, पुरनचंद, भरत कुमार सहित दर्जनों कामगार व मजदूर उपस्थित थे।

### बाइक और हाईवा में सीधी टक्कर, दो युवक की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के इटकी थाना इलाके में रविवार को बाइक और हाइवा में सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें दो युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक युवक का नाम अजय कुजूर और मंगल उरांव बताया जा रहा हैं। मृतक दोनों युवक इटकी थाना क्षेत्र के पलमा गांव का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद इटकी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने मौके से हाईवा को जब्त कर लिया है। वहीं हाईवा के ड्राइवर और खलासी भागने में सफल रहा। यह घटना इटकी थाना इलाके के रानी खटंगा पुल के पास घटी है। बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से सुबह किसी काम के लिए मांडर थाना क्षेत्र स्थित चित्रकूटा गांव जा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ है।

## पृष्ठ एक के शेष

**नयी नीति के बाद 11 जिलों में शराब की....**

जिलावार प्रत्येक जिले में रोजाना सेल कितना हो इसका टारगेट भी दिया गया है। रांची जिला में टारगेट 3,61,63,565 रुपये रोजना, पूर्वी सिंहभूम में 2,93,47,250 रुपये, बोकारो में 1,36,38,543, रामगढ़ में 79,21,401, धनबाद में 3,50,90,710, गुमला में 15,96,240, खूंटी में 23,57,243, लोहरदगा में 17,84,865, सिमडेगा में 25,32,832, गढ़वा में 59,16,037 रुपये, लातेहार में 23,08,111 रुपये, पलामू में 1,40,42,285 रुपये, दुमका में 64,55,303 रुपये, गोड्डा में 40,12,384 रुपये, जामताड़ा में 37,64,359 रुपये, पाकुड़ में 50,94,959 रुपये की रोजाना की सेल का टारगेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन ने दिया है।

**नबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में...**

हत्या कर दी गयी। इसलिये मारपीट करनेवालों पर हत्या का मुकदमा करेंगे। दूसरी तरफ डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया मौत का कारण आंत में ब्लीडिंग और किडनी फेल्योर बताया है। गौरतलब है कि 28 अगस्त को नरकोपी थाना के सेरो गांव में सहरुद्दीन ने घर में घुसकर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसी दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**मालिक की मौत के बाद बछड़ा....**

महीने पहले ही एक बछड़ा दिया था। मेवालाल अपने गाय और बछड़े की खूब सेवा करते थे, लेकिन मेवालाल ठाकुर ने तीन महीने पहले ही उसे दूसरे गांव के एक किसान को बेच दिया। इस बीच शनिवार को जब मेवालाल ठाकुर की मौत हो गयी, तो वह बछड़ा भी अचानक गांव आ पहुंचा और रोने लगा। शव यात्रा में अचानक बछड़े को देखकर कुछ लोगों ने उसे भगाने की भी कोशिश की, लेकिन बुजुर्गों के कहने पर लोगों ने उस बछड़े को पीछे चलने के लिए छोड़ दिया। हैरानी तब हुई, जब श्मशान घाट में शव को नीचे रखा गया, तो बछड़ा वहां दौड़ कर पहुंचा और मेवालाल को चूमने लगा। वहीं, जोर-जोर से विलाप भी करने लगा। इससे भी बड़ी हैरानी यह हुई कि बछड़ा लोगों के साथ जलती चिता का अन्य ग्रामीणों और परिजनों के साथ परिक्रमा भी किया। बछड़ा तब तक श्मशान घाट पर खड़ा रहा, जब तक मेवालाल ठाकुर का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन ना हो गया।

**अंत्येष्टि में भाग लेना चमत्कारिक :** स्थानीय लोगों ने बताया कि मेवालाल ठाकुर अपने गाय और बछड़े से बहुत प्यार करता था, लेकिन तीन महीने पहले घर की आर्थिक कठिनाईयों की वजह से उसने बछड़े को भारी मन से दूसरे गांव के किसान को बेच दिया था। लेकिन दूसरे गांव चले जाने के बावजूद बछड़े को अपने पुराने मालिक की मौत की सूचना कैसे मिली और अंत्येष्टि में भाग लेने के लिए कैसे लौट आया, इसे लोग चमत्कार मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि मेवाजी के निःसंतान होने के कारण शायद यह बछड़ा ही उनके पुत्र का कर्तव्य निभा रहा था।

## न्यूज गैलरी

### स्टुअर्ट ब्रॉड ने तोड़ा ग्लेन मैकग्रा का रिकॉर्ड

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने द ओवल में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर को 36 रन पर आऊट करने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैकग्रा को पीछे छोड़ दिया। मैकग्रा ने टेस्ट क्रिकेट में 564 विकेट ली थीं, लेकिन अब ब्रॉड के नाम पर 565 विकेट दर्ज हो गयी हैं। मैच की बात की जाये तो इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 110 रन पर ऑल आऊट कर दिया था। ओली रॉबिन्सन ने 49 रन देकर पांच तो स्टुअर्ट ब्रॉड ने 41 रन देकर चार विकेट हासिल की थीं। एंडरसन ने भी 16 रन देकर एक विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी इंगलैंड की टीम भी 158 रन बनाकर आऊट हो गयी। ओली पोप ने 68 रन बनाये। द. अफ्रीका की ओर से रबाडा ने चार तो मार्को जेन्सन ने पांच विकेट लीं। अब दूसरी पारी में खेलने आयी दक्षिण अफ्रीका ने भी 100 रन तक अपनी चार विकेट गंवा ली हैं।

### इगा स्वियातेक बनी अमरीकी ओपन की नयी मल्लिका



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** जिस अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शुरू से लेकर आखिर तक सेरेना विलियम्स चर्चा में रही, उस फ्लशिंग मीडोज को शनिवार को इगा स्वियातेक के रूप में महिला एकल की नयी चैम्पियन मिली। दो बार की फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक ने फाइनल में ओंस जाबूर को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 (5) से हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्वियातेक अमरीकी ओपन में इससे पहले कभी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पायी थी। इस बार भी नंबर एक खिलाड़ी होने के बावजूद खिताब के दावेदारों में उनके कम ही चर्चे थे। अमरीकी ओपन में इस बार शुरू से ही सेरेना विलियम्स आकर्षण का केंद्र थी, क्योंकि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। जहां तक स्वियातेक का सवाल है तो जुलाई में 37 मैच का विजय अभियान थमने के बाद वह 4-4 के रिकॉर्ड के साथ फ्लशिंग मीडोज में उतरी थी।

### अंतिम मैच में आरोन फिंच फ्लॉप, स्मथ ने जड़ा शतक

**केर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (105) के शतक और मार्नस लाबुशेन (52) के अर्द्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड को तीसरे वनडे मैच में रविवार को 25 रन से मात दी। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 268 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में वह 242 रन पर ऑलआउट हो गयी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान एरोन फिंच की आखिरी एकदिवसीय शृंखला में न्यूजीलैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके फिंच ने पांच रन बनाए, जबकि जॉश इंग्लिस ने 10 (16) रन का योगदान दिया। शतकवीर स्मिथ ने लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की, जबकि एलेक्स कैरी (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट में अपना 11वां शतक जमाते हुए 131 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की बदौलत 105 रन की पारी खेली। अंत में कैमरन ग्रीन ने 12 गेंदों पर 2 चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवर में 267 रन तक पहुंचाया।

# एशिया कप में दुनिया के टॉप-8 खिलाड़ियों से आगे निकले कोहली

**कोहली ने पांच मैचों में बनाये सबसे ज्यादा 276 रन**



**दुबई (एजेंसी)।** विराट कोहली ने 12 साल पहले 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में कदम रखा था। उन्होंने पिछले दिनों टी-20 एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की पारी खेली। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल का पहला शतक है। यानी इसके लिए उन्हें 12 साल तक इंतजार करना पड़ा। टी-20 टूर्नामेंट की बात करें, तो वे अभी सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और सिर्फ एक मैच बचा है। फाइनल मुकाबला पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होना है। सिर्फ 30 साल के मोहम्मद रिजवान ही उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। अन्य के लिए यह काफी कठिन काम है। विराट कोहली ने 5 मैच में 92 की औसत से 276 रन बनाए। एक शतक और 2 अर्धशतक लगाया। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 148 का रहा। वहीं, रिजवान ने 5 मैच में 226 रन बनाए हैं। 2 अर्धशतक लगाया है। वे अभी रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज हैं। अन्य कोई बल्लेबाज 200 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका है। कोहली अभी आईसीसी टी-20 रैंकिंग में 29वें नंबर पर हैं, लेकिन उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग वाले आठ बल्लेबाजों से एशिया कप में अधिक रन बनाए हैं।

**नंबर-2 तो आस-पास भी नहीं :** बाबर आजम टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। लेकिन वे टूर्नामेंट में अब तक बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं और अब तक एक भी अर्धशतक नहीं जड़ा है। उन्होंने 5 मैच में 13 की औसत से 63 रन बनाए हैं। नंबर-4 पर काबिज सूर्यकुमार यादव ने एक अर्धशतक के सहारे 139 रन बनाए। रैंकिंग में 8वें नंबर पर काबिज श्रीलंका के पाथुम निसांका ने अब तक 2 अर्धशतक के सहारे 165 रन बनाए हैं। उन्हें कोहली को पीछे छोड़ने के लिए शतकीय पारी खेलनी होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप में 133, अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबज ने 152, हजरतुल्लाह जाजई ने 93 और यहीं के नजीबुल्लाह ने 72 रन बनाए। ये सभी आईसीसी रैंकिंग में कोहली से आगे हैं, लेकिन उनसे अधिक रन नहीं बना सके।

## सौरव गांगुली ने की कोहली की तारीफ, खुद से बताया बेहतर



**दुबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई चीफ और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली को खुद से बेहतर बताया है। गांगुली ने अफगानिस्तान के खिलाफ विराट के बल्ले से आए शतक के बाद कहा- बल्लेबाजी में उसकी स्किल मुझसे ज्यादा है। विराट मुझसे बेहतर बल्लेबाज है। गांगुली ने एक इंटरव्यू में कहा- हम दोनों अलग-अलग समय में देश के लिए खेले हैं। कोहली अभी खेल रहे हैं और वो इस खेल में मुझसे बहुत आगे हैं। एशिया कप शुरू होने से पहले 26 अगस्त को गांगुली ने विराट को लेकर कहा था- उसे (कोहली) न केवल भारत के लिए, बल्कि खुद के लिए भी रन बनाने की जरूरत है। उम्मीद है कि यह उसके लिए अच्छा सीजन होगा। हम सभी को विश्वास है कि वह लय में वापस आएगा। उस वक्त गांगुली के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स में इसे कोहली के लिए अंतिम चेतावनी कहा गया था।

गांगुली का दूसरा बयान कोहली के शतक के बाद आया है। कोहली ने 8 सितम्बर को अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में पहला शतक जमाया था। उन्होंने 61 गेंदों में 200 के स्ट्राइक रेट से 122 रन बनाए थे। कोहली के बल्ले से करीब 1020 दिनों के बाद शतक आया था। इससे पहले विराट ने साल 2019 के नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ा था। इंग्लैंड दौरे के बाद विराट कोहली ने क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था। ऐसे में कई दिग्गजों ने उनकी आलोचना भी की थी। भारत को 1983 का वर्ल्ड कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने कहा था कि खराब प्रदर्शन के चलते आर. अश्विन ड्रॉप किए जा सकते हैं तो कोहली क्यों नहीं? इस बयान ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों को दो गुटों में बांट दिया था। एक कोहली के सपोर्ट में था और दूसरा उनकी आलोचना कर रहा था।

### एशिया कप में विराट की फॉर्म में वापसी

**विराट** पिछले तीन साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। उनके बल्ले से रन तो आ रहे थे, लेकिन वो बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। एशिया कप में विराट कोहली के बल्ले से रन भी निकले और करीब तीन साल बाद शतक भी आया। उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। हालांकि, टीम का प्रदर्शन इस मेगा टूर्नामेंट में कुछ खास नहीं रहा और सुपर-4 में हम पाकिस्तान और श्रीलंका से हारकर बाहर हो गए।

# टी-20 : इंग्लैंड ने भारत को नौ विकेट से रौंद कर सीरीज में बनायी बढ़त



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड में खेले गए पहले टी-20 में भारत को 9 विकेट से रौंदकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मुकाबले में भारतीय महिला टीम की बैटिंग और बॉलिंग दोनों ही फीकी नजर आई। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबानों के सामने 133 रनों का लक्ष्य रखा था। टीम इंडिया के लिए टॉप स्कोरर दीप्ति शर्मा रहीं जिन्होंने 7वें नंबर पर आकर 29 रनों की नाबाद पारी खेली। इस आसान से स्कोर को इंग्लैंड ने 7 ओवर और 9 विकेट शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया। सीरीज का अगला मुकाबला डर्बी के काउंटी ग्राउंड में 13 सितंबर को खेला जाएगा। इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। भारतीय टीम को अच्छी शुरूआत देते हुए स्मृति मंधाना (23) और शेफाली वर्मा (14) ने पहले विकेट के लिए 4 ओवर में 30 रन तो जोड़े थे, मगर दोनों ही बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही। पावरप्ले में भारत ने इन दोनों खिलाड़ियों के विकेट खोकर 47 रन बनाए थे। अच्छी शुरूआत का फायदा मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज नहीं उठा सके। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत ने 20 रन की पारी खेली। अंत में दीप्ति ने आकर 24 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाकर भारत को 132 के स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए सारा ग्लेन ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। इस छोटे स्कोर को डिफेंड करने उतरी भारतीय महिला टीम के गेंदबाजों की इंग्लैंड ने जमकर धुनाई की। सोफिया डंकले ने 44 गेंदों पर 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 61 रन की नाबाद पारी खेली, वहीं ऐलिस कैप्सी भी 20 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका स्नेह राणा ने डेनिएल व्याट को 24 के निजी स्कोर पर आउट करके दिया। रेनुका सिंह (5.80) को छोड़कर हर भारतीय गेंदबाज ने 10 से अधिक इकॉन्मी से रन खर्च किए।

# टी-20 वर्ल्ड कप में वापसी को तैयार दो स्टार खिलाड़ी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम इस समय चोट से जूझ रही है। एशिया कप में टीम को सुपर-4 में पाकिस्तान और फिर श्रीलंका से हार मिली। इस हार की बड़ी वजह चोट के कारण प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं खेलना भी था। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ग्रुप स्टेज के बाद चोटिल होकर बाहर हो गए। उससे पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोट के कारण काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। दोनों ने जुलाई में भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में गेंदबाजी शुरू कर दी है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों पूरी तरह फिट हैं। भारतीय टीम में शामिल किए जाने से पहले दोनों को फिटनेस टेस्ट पास करना होगा और उन्हें देखकर माना जा रहा है कि वो इसे पास कर लेंगे। बुमराह की पीठ में परेशानी थी। वहीं हर्षल की पसली में चोट लगी थी।

**एक स्पिनर और एक पेसर की होगी छुट्टी :** एशिया कप टीम में भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान के साथ उतरी थी। आवेश के अनफिट होने के बाद दीपक चाहर टीम से जुड़े थे। वहीं, स्पिनर के रूप में युजवेंद्र चहल, आर अश्विन और रवि बिश्नोई थे। माना जा रहा है कि आवेश खान को वर्ल्ड कप टीम से बाहर किया जा सकता है। स्पिन गेंदबाजों में रवि बिश्नोई को बाहर किया जा सकता है, लेकिन चयनकर्ता अंतिम फैसला टीम मैनेजमेंट से विचार करने के बाद लेंगे। 15 सितम्बर को टी-20 वर्ल्ड कप की टीम चुनने के लिए चयन समिति की बैठक होगी। रविंद्र जडेजा के घुटने की सर्जरी हुई है और माना जा रहा है कि वह टी-20 वर्ल्ड कप में नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में अक्षर पटेल स्पिन ऑलराउंडर के रूप में टीम का हिस्सा हो सकते हैं। वर्ल्ड कप की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर को होगी। फाइनल मुकाबला 13 नवंबर से खेला जाएगा।

## पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स में दूसरे दिन झारखंड टीम का सराहनीय प्रर्दशन



**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ एवम बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 सितम्बर तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित 33वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड टीम ने दूसरे दिन 04 स्वर्ण,09 रजत ,08 कांस्य पदक के साथ कुल 21 पदक जीतकर दूसरे दिन भी अपना दबदबा रखा। खिलाड़ियो के साथ-साथ टीम प्रशिक्षक योगेश प्रसाद यादव, आशू भाटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिद्धू किस्कू, श्यामल बाउरी, टीम प्रबंधक बंधन टोप्पो, श्याम कुजूर, रेशमा पांडे को झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, सचिव सीडी सिंह, आशीष झा, डॉ. प्रभात शंकर, एस के पांडे, आलोक मिश्रा, सुखेर भगत, साई प्रभारी विनोद कुमार सिंह, वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, भरत यादव, अशोक कुमार महतो, अरविंद कुमार, किरण रानी, संजय त्रिपाठी, सिकंदर महतो, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू,अजय नायक, रणवीर सिंह, शशांक भूषण सिंह समेत राज्य के खेलप्रेमियों ने बधाई दी।

# मीडिया कप फुटबॉल में अजय, मयूराक्षी का जीत से आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रांची के मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मुख्य स्टेडियम में मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आज आगाज हुआ। मुख्य अतिथि झारखंड फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल किक लगाकर प्रतियोगिता का उद्घाटरन किया। उद्घाटन मैच का मुकाबला टीम गंगा और टीम दामोदर के बीच खेला गया जो काफी रोमांचक रहा। पहले हाफ में टीम गंगा के प्रमोद कुमार सिंह ने गोल दाग बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक गंगा 1-0 से आगे थी, लेकिन मध्यांतर के बाद 27वें मिनट में आसिफ नईम ने गोल दागकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया और मैच 1-1 की बराबरी पर ही समाप्त हुआ। एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड में भी मंत्री श्री ठाकुर ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया तथा फुटबॉल किक मारकर दूसरे मैच की शुरूआत की। खेले गए इस मुकाबले में टीम अजय ने टीम अमानत को 2-1 से हराया। मैच के 13वें मिनट में टीम अमानत के नूतन तिर्की ने गोल दाग बढ़त दिलायी लेकिन टीम अजय ने पलटवार करते हुए 20वें मिनट में राकेश कुमार के गोल से मुकाबला बराबरी पर ला खड़ा किया। मैच के 30वें मिनट में उद्यम ने निर्णायक गोल दाग टीम उदयम को जीत दिलाई। मुख्य स्टेडियम में खेले गए दूसरे मुकाबले में टीम मयूराक्षी ने टीम शंख को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हराकर पूरे तीन अंक बटोरे। मयूराक्षी की ओर से अभिषेक सिन्हा ने 7वें मिनट में और आनंद मोहन ने 25वें मिनट में गोल दागा। टीम शंख में अपेक्षकृत युवा खिलाड़ियों की भरमार थी, लेकिन टीम मयूराक्षी ने अनुभव का फायदा उठाते हुए मैच आसानी से जीता।

एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड के एक अन्य मुकाबला में टीम स्वर्णरेखा और टीम भैरवी के बीच मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। भैरवी के सुमित कुमार ने 11वें मिनट में गोल दाग कर टीम को बढ़त दिलाई। मैच के 15वें मिनट में स्वर्णरेखा के रणजीत ने बराबरी का गोल दागा और इसी स्कोर पर मुकाबला समाप्त भी हुआ। इस अवसर पर मंत्री श्री ठाकुर ने द रांची प्रेस क्लब द्वारा समय-समय पर आयोजित होनेवाली खेल प्रतियोगिताओं की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन पेशेगत स्ट्रेस को रिलीज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री ने घोषणा की कि टूर्नामेंट की विजयी टीम को वे अपनी ओर से 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देंगे।



